RNI NO.: 54818-92 REG. NO-MH/MR/North East/317/2014-16

मुंबई, पुणे और नाशिक से एक साथ प्रकाशित

हमारा महानगर

https://www.hamaramahanagar.net

वर्ष 34 ■ अंक 23 ■ मुंबई, सोमवार 18 अगस्त 2025 ■ पेज 10 ■ मूल्य : ₹ 5.00

संरक्षक : आरएन सिंह

देश-दुनिया को मोदी का स्पष्ट संदेश

पेज-4

बिना भेदभाव सुविधाएं देना सरकार का लक्ष्य : सीएम योगी आदित्यनाथ

पेज-6

घर के मंदिर में नहीं रखनी चाहिए ये मूर्तियां

पेज-8

रोहित 45 की उम्र तक खेल सकते हैं : योगराज सिंह

पेज-9

Short News एक नजर

यूट्यूबर एल्विश के घर पर फायरिंग

गुरुग्राम। फेमस यूट्यूबर और बिग बॉस OTT विनर एल्विश यादव के गुरुग्राम स्थित घर पर रविवार (17 अगस्त) की सुबह 6 बजे ताबड़तोड़ फायरिंग की गई। इसका एक VIDEO भी सामने आया है, जिसमें चेहरे ढके और हेलमेट पहने दो युवक दिखाई दे रहे है। वे भागते हुए आते हैं और एल्विश के घर पर 24 गोलियां चलाते दिख रहे हैं। ये गोलियां एल्विश के घर की बालकनी, दीवारों और खिड़की और दरवाजों पर लगीं। जिस वक्त फायरिंग हुई, घर में एल्विश नहीं थे। उनकी मां सुषमा यादव और केयरटेकर घर पर थीं। हालांकि घर के भीतर होने की वजह से उनकी जान बच गई।

न्यूयॉर्क के होटल में गोलीबारी, तीन की मौत, आठ घायल

वॉशिंगटन। अमेरिका के न्यूयॉर्क में रविवार को कई बंदूकधारियों ने ब्रुकलिन के एक होटल में लोगों पर गोलीबारी कर दी, जिसमें 3 लोग मारे गए और 8 घायल हो गए। ब्रुकलिन पुलिस कमिश्नर के मुताबिक आपसी विवाद के इस घटना को अंजाम दिया गया। मरने वाले तीनों पुरुष हैं। घायलों को फौरन पास के अस्पतालों में एडमिट किया गया, उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है, लेकिन अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

पाकिस्तान में सात सैलानियों की हत्या

कराची। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में पिकनिक से लौट रहे दोस्तों के एक समूह पर अज्ञात बंदूकधारियों ने घात लगाकर हमला कर दिया। हमलावरों ने उन पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसाईं। हमले में कम से कम सात लोगों की मौत हो गई और एक अन्य घायल बताया जा रहा है। पुलिस ने रविवार को बताया कि पीड़ितों पर शनिवार देर रात पेशावर से लगभग 65 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम में कोहाट जिले के उपनगरीय इलाके रेगी शिनो खेल में हमला किया गया। वे टांडा बांध से अपने पैतृक गांव खरा घारी मुहम्मद जई लौट रहे थे। तभी हमलावरों ने गोलीबारी शुरू कर दी।

ट्रंप ने वॉशिंगटन में नेशनल गार्ड की तैनाती बढ़ाई

वॉशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प राजधानी वॉशिंगटन डीसी में और ज्यादा गार्ड तैनात करने की तैयारी कर रहे हैं। उनके आदेश पर वेस्ट वर्जीनिया, साउथ कैरोलिना और ओहियो के गवर्नरों ने शनिवार को अपने राज्यों के नेशनल गार्ड्स को वॉशिंगटन भेजने की घोषणा की है। वेस्ट वर्जीनिया से 300-400, साउथ कैरोलिना से 200 और ओहियो से करीब 150 नेशनल गार्ड आएंगे। अभी वॉशिंगटन में 800 नेशनल गार्ड्स तैनात हैं। इन्हें सीधा ट्रम्प कंट्रोल करते हैं। इन तीन राज्यों से लगभग 700 एक्स्ट्रा सैनिकों के आने से वॉशिंगटन में नेशनल गार्ड की संख्या लगभग दोगुनी हो जाएगी।

भारत में मेड इन इंडिया खरीदें

स्वदेशी का जिक्र कर PM मोदी का ट्रंप को संदेश

महानगर नेटवर्क

गुरुग्राम/दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज दिल्ली के रोहिणी में देश के पहले 8 लेन एलिवेटेड हाईवे द्वारका एक्सप्रेसवे और अर्बन एक्सटेंशन रोड-2 (UER-2) का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने लोगों से 'मेक इन इंडिया' और 'वोकल फॉर लोकल' को अपनाने को कहा।

मोदी मंच से बोले-भारतीय हैं तो भारत में बना सामान ही खरीदें। दिवाली पर भी वही सामान खरीदें, जो भारतीयों ने भारत में बनाया है। व्यापारी भी विदेशी सामान छोड़कर लोकल सामान बेचें।

पीएम का यह बयान ऐसे समय पर आया है, जब भारत और अमेरिका के बीच टैरिफ को लेकर खींचतान चल रही है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने हाल ही में रूस से तेल आयात को लेकर भारतीय वस्तुओं पर अतिरिक्त 25% शुल्क लगाने का ऐलान किया है। 25% टैरिफ 7 अगस्त से लागू हो चुका है, जबकि अतिरिक्त 25% टैरिफ 27 अगस्त से लागू करने का ऐलान किया गया है। ऐसे में प्रधानमंत्री के इस संदेश को स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने और विदेशी दबाव के बीच 'मेड इन इंडिया' को मजबूत करने की रणनीति के रूप में देखा जा रहा है।

PM नरेंद्र मोदी की अहम बातें...

मोबाइल निर्माण में आत्मनिर्भर भारत: PM मोदी ने कहा कि 11 साल पहले भारत अपनी जरूरत के फोन बाहर से मंगाता था, लेकिन अब देश में ही हर साल 30 से 35 करोड़ मोबाइल फोन बनाए जा रहे हैं और उन्हें निर्यात भी किया जा रहा है। यह बदलाव भारत की उत्पादन क्षमता और 'मेक इन इंडिया' की सफलता को दिखाता है।

व्यापारी विदेशी सामान छोड़ें: प्रधानमंत्री ने अपील की कि व्यापारी विदेशी सामान बेचना छोड़ें और 'मेड इन इंडिया' के उत्पाद पूरे गर्व से बेचें। उन्होंने कहा कि पहले व्यापारी ज्यादा मुनाफे के लिए विदेशी सामान लाते थे, लेकिन अब समय आ गया है कि वे लोकल प्रोडक्ट्स को बढ़ावा दें।

खिलौनों से लेकर एक्सपोर्ट तक बदली तस्वीर: पीएम ने आगे कहा कि एक दशक पहले तक भारत खिलौने भी बाहर से मंगाता था। आज हालात बदल चुके हैं और देश 100 से अधिक देशों में खिलौने निर्यात कर रहा है। उन्होंने कहा की यह बदलाव इस बात का सबूत है कि भारत आत्मनिर्भर बन रहा है और दुनिया को लोकल प्रोडक्ट्स से जोड़ रहा है।

दिवाली पर डबल बोनस मिलेगा: मोदी ने कहा- GST में नेक्स्ट जेनरेशन रिफॉर्म होने जा रहा है। दिवाली पर डबल बोनस मिलने वाला है। इसका पूरा प्रारूप राज्यों को भेज दिया है। इसका फायदा सभी को होगा।

UPA सरकार में सिर्फ फाइलें चलती थीं: PM नरेंद्र मोदी ने कहा कि UPA सरकार के दौरान फाइलें चलती थीं, लेकिन उन पर काम हमने किया। जब केंद्र में राज्यों में भाजपा की सरकारें बनीं तो विकास शुरू हुआ।

संविधान सिर पर रख नाचने वाले इसे कुचलते थे: मोदी ने कहा- जो लोग संविधान सिर पर रखकर नाचते हैं, वही उसे कुचलते भी थे और बाबा साहब की भावनाओं से विश्वासघात करते थे। आज जो संविधान की बात करते हैं, इन्होंने जमकर लोगों का शोषण किया।

जेपी नड्डा ने किया ऐलान

सीपी राधाकृष्णन होंगे NDA से उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार

महानगर नेटवर्क

नई दिल्ली

महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की ओर से उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार होंगे। बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने बीजेपी संसदीय दल की अहम बैठक के बाद रविवार देर शाम को राधाकृष्णन के नाम का ऐलान किया। तमिलनाडु के रहने वाले सी पी राधाकृष्णन इस समय महाराष्ट्र के गवर्नर हैं और अतीत में वे झारखंड, पुडुचेरी, तेलंगाना जैसे राज्यों में राज्यपाल की भूमिका निभा चुके हैं। भाजपा संसदीय बोर्ड की रविवार को हुई अहम बैठक के बाद उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार की घोषणा की गई। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा, ''सभी के साथ चर्चा हुई और सुझाव मांगे गए, जिसके बाद तय हुआ कि हमारे उपराष्ट्रपति उम्मीदवार के रूप में सीपी राधाकृष्णनन को हम एनडीए का प्रत्याशी बनाएंगे। इनका जन्म 20 अक्टूबर, 1957 को हुआ।'' भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) संसदीय बोर्ड की बैठक में भाग लेने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पार्टी कार्यालय पहुंचे। इसके अलावा संसदीय बोर्ड की बैठक में भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और पार्टी के शीर्ष नेता भी शामिल हुए।

पूर्व सांसद और आरएसएस से जुड़े रहे हैं

सीपी राधाकृष्णन दो बार के पूर्व लोकसभा सांसद भी हैं। वे आरएसएस से भी जुड़े रहे। उन्होंने 1998 और 1999 के लोकसभा चुनावों में भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ा। साल 1998 के चुनाव में 150,000 से अधिक मतों के अंतर से और 1999 के चुनावों में 55,000 के अंतर से जीत भी हासिल की। इसके अलावा, वे तमिलनाडु बीजेपी के अध्यक्ष भी रह चुके हैं और साल 2020-2022 तक केरल में बीजेपी के इनचार्ज के रूप में काम किया। अगले साल 12 फरवरी, 2023 को उन्हें झारखंड का राज्यपाल नियुक्त किया गया। वहीं, 19 मार्च, 2024 को उन्हें तेलंगाना और पुडुचेरी के राज्यपाल के तौर पर अतिरिक्त जिम्मेदारी सौंपी गई। फिर 27 जुलाई, 2024 को उन्हें महाराष्ट्र का राज्यपाल बनाया गया।

अब 21 अगस्त को सीपी राधाकृष्णन उपराष्ट्रपति पद के नामांकन करेंगे। उनके नामांकन में NDA के सभी बड़े नेता शामिल होंगे, उससे पहले 20 अगस्त को एनडीए की एक बैठक भी होगी।

बॉम्बे हाईकोर्ट का भार होगा कम

महानगर संवाददाता

मुंबई

महाराष्ट्र के राजनीतिक दलों के साथ आम लोगों की एक बड़ी मांग रविवार को पूरी हो गई। देश के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) बी आर गवई ने रविवार को बॉम्बे हाईकोर्ट की नई सर्किट पीठ का कोल्हापुर जिले में उद्घाटन किया। इस अवसर पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे उपस्थित थे। फडणवीस ने कहा कि हाईकोर्ट की इस नई पीठ से शुरू होने के बाद यहां के लोगों को मुंबई तक नहीं जाना पड़ेगा। कोल्हापुर की मुंबई से दूरी 380 किलोमीटर है इस नई पीठ से महाराष्ट्र के पश्चिमी हिस्से को बड़ा लाभ होगा। नई पीठ से बॉम्बे हाईकोर्ट की प्रिंसिपल बेंच का लोड भी घटेगा। इस पीठ के लिए पिछले दो दशक से मांग हो रही थी।

लंबे समय से हो रही थी मांग

कोल्हापुर में पांचवीं पीठ की स्थापना विभिन्न क्षेत्रों से सालों से उठ रही मांगों के बीच की गई है, ताकि वादियों और वकीलों पर बोझ कम किया जा सके। जिन्हें अपनी याचिकाओं की सुनवाई के लिए मुंबई जाना पड़ता है। वर्तमान में मुंबई में मुख्य पीठ के अलावा हाईकोर्ट की दो और पीठ हैं। इसमें दूसरी पीठ विदर्भ क्षेत्र के नागपुर में और तीसरी मराठवाड़ा क्षेत्र के औरंगाबाद (छत्रपति संभाजीनगर) में है। हाईकोर्ट की चौथी पीठ निकटवर्ती गोवा में स्थित है। बॉम्बे हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश आलोक अराधे ने एक अगस्त को एक अधिसूचना जारी करके कोल्हापुर को सर्किट पीठ बनाया था। कोल्हापुर पीठ सोमवार (18 अगस्त) से एक खंडपीठ और दो एकल पीठों के साथ कार्य करेगी।

छह जिलों को मिली बड़ी सौगात : हाईकोर्ट की नई पीठ का अधिकार क्षेत्र छह जिलों के लिए होगी। इनमें सतारा, सांगली, सोलापुर, कोल्हापुर, रत्नागिरि और सिंधुदुर्ग (अंतिम दो तटीय कोंकण क्षेत्र में स्थित) शामिल हैं। कोल्हापुर खंडपीठ में न्यायमूर्ति एम एस कार्णिक और न्यायमूर्ति शर्मिला देशमुख शामिल होंगे, जबकि न्यायमूर्ति एस जी डिगे और न्यायमूर्ति एस जी चपलगांवकर एकल पीठ की अध्यक्षता करेंगे। उम्मीद है कि खंडपीठ जनहित याचिकाओं, सिविल रिट याचिकाओं, प्रथम अपीलों, पारिवारिक अदालत अपीलों, अवमानना अपीलों के साथ-साथ कोल्हापुर, सतारा, सांगली, सोलापुर, रत्नागिरि और सिंधुदुर्ग जिलों के सभी अन्य सिविल और आपराधिक मामलों की सुनवाई करेगी।

चुनाव आयोग के कंधे पर बंदूक रखकर हो रही राजनीति...

महानगर नेटवर्क

नई दिल्ली

बिहार में जारी SIR को लेकर विपक्ष लगातार चुनाव आयोग को कटघरे में खड़ा कर रहा है। विपक्षी पार्टियां वोट चोरी जैसे आरोप भी लगा रही हैं। ऐसे में चुनाव आयोग ने विपक्ष के सवालों के बीच प्रेस कांफ्रेंस कर स्पष्टीकरण दिया है। मुख्य चुनाव आयुक्त ने अपनी प्रेस कांफ्रेंस में चुनाव आयोग के कंधे पर बंदूक रखकर राजनीति करने का आरोप लगाया है। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा कि कुछ वोटर्स ने डबल मतदान का आरोप लगाया है, लेकिन जब उनसे इसके सबूत मांगे गए तो उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया। उन्होंने आगे कहा कि इस तरह के आरोपों से चुनाव आयोग नहीं डरता है। उन्होंने यह भी कहा कि चुनाव आयोग के कंधे

पर बंदूक रखकर मतदाताओं को निशाना बनाकर राजनीति की जा रही है। मुख्य चुनाव आयुक्त ने आगे कहा कि कानून के अनुसार, हर राजनीतिक दल का जन्म चुनाव आयोग में पंजीकरण से होता है, तो चुनाव आयोग उन राजनीतिक दलों के बीच भेदभाव कैसे कर सकता है। चुनाव आयोग के लिए कोई पक्ष या विपक्ष नहीं है, सभी समकक्ष हैं। पिछले दो दशकों से लगभग सभी राजनीतिक दल मतदाता सूची में त्रुटियों को सुधारने की मांग कर रहे हैं, इसके लिए चुनाव आयोग ने बिहार से एक विशेष गहन पुनरीक्षण की शुरुआत की है। SIR की प्रक्रिया में, सभी मतदाताओं, बूथ स्तर के अधिकारियों और सभी राजनीतिक दलों द्वारा नामित 1.6 लाख BLA ने मिलकर एक मसौदा सूची तैयार की है।

भ्रम पैदा करने की कोशिश हो रही

उन्होंने आगे कहा कि यह गंभीर चिंता का विषय है कि राजनीतिक दलों के जिला अध्यक्षों और उनके द्वारा नामित BLA के सत्यापित दस्तावेज और टेस्टमोनियल या तो उनके अपने राज्य या राष्ट्रीय स्तर के नेताओं तक नहीं पहुंच रहे हैं या फिर जमीनी हकीकत को नजरअंदाज करके भ्रम पैदा करने की कोशिश की जा रही है। सभी हितधारक मिलकर काम करके बिहार के SIR को सफल बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

बिहार में 'वोट अधिकार यात्रा' शुरू

खुली गाड़ी में राहुल गांधी-तेजस्वी, लालू बोले-BJP को उखाड़ फेंकना है

महानगर नेटवर्क

सासाराम, रोहतास

बिहार में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (SIR, सामान्य शब्दों में वोटर लिस्ट रिवीजन) के खिलाफ राहुल गांधी की 'वोट अधिकार यात्रा' सासाराम से शुरू हुई। यहां के सुआरा हवाई अड्डा ग्राउंड में हुई जनसभा में राहुल बोले, 'ये संविधान को बचाने की लड़ाई है। पूरे देश में बीजेपी-आरएसएस संविधान को मिटाने पर तुले हैं।' 'जहां भी चुनाव होता है, ये जीतते हैं। महाराष्ट्र में ओपिनियन पोल कह रहे थे, महागठबंधन चुनाव जीतेगा। लोकसभा में महागठबंधन जीतता है, लेकिन 4 महीने में उसी क्षेत्र में हम हारते हैं। हमने पता लगवाया तो पता चला 1 करोड़ नए वोटर जादू से पैदा हो गए।' 'बिहार की जनता वोटों की चोरी नहीं करने देगी, क्योंकि गरीब-कमजोर लोगों के पास सिर्फ वोट का हक है। कई दिनों बाद किसी जनसभा में शामिल हुए राजद सुप्रीमो लालू यादव ने कहा- 'चोरों को हटाइए, बीजेपी को भगाइए, हमारी पार्टी को जिताइए। किसी भी कीमत पर भाजपा को सत्ता में आने नहीं देना है। राहुल गांधी, तेजस्वी यादव सभी मिलकर भाजपा को उखाड़कर फेंकिए।'

अब पवार ने खेला मराठी कार्ड

मुंबई। महाराष्ट्र में इस साल के अंत में स्थानीय निकाय के चुनाव होने हैं। इनमें मुंबई के बहुप्रतीक्षित बीएमसी चुनाव भी शामिल हैं। चुनावों से पहले राज्य में मराठी अस्मिता का मुद्दा तूल पकड़े हुए है। इसी मुद्दे पर राज ठाकरे और उद्धव ठाकरे के साथ आने की उम्मीद जताई जा रही है। महाराष्ट्र में हिंदी मराठी भाषा विवाद के बाद अब शरद पवार ने बड़ा बयान दिया है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के प्रमुख शरद पवार ने कहा है कि मुंबई में 40 से 50 मंजिल बड़ी इमारतें हैं, लेकिन इनमें कोई मराठी नजर नहीं आता है। उन्होंने कहा कि मुंबई में टेक्सटाइल मिलें खत्म हो चुकी हैं। उनके इस बयान को मराठी कार्ड के तौर पर देखा जा रहा है।

अब नजर नहीं आते हैं

पुणे में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें बोलते हुए पवार ने मिल कामगारों समेत कई मुद्दों पर बात की। शरद पवार ने कहा कि एक समय मुंबई में मिल कामगारों का बोलबाला हुआ करता था, लेकिन आज वे नजर नहीं आते हैं।

जेलेंस्की को ट्रंप के सामने अकेला नहीं छोड़ेंगे यूरोपीय देश

महानगर नेटवर्क

अमेरिका

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की सोमवार को व्हाइट हाउस में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के साथ शांति वार्ता में शामिल होंगे। इस बैठक में उन्हें यूरोपीय नेताओं का भरपूर समर्थन मिलेगा। यूरोपीय आयोग की प्रमुख युरसुला वॉन डेर लेयेन के साथ-साथ जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्क, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और नैटो महासचिव मार्क रुटे इस मीटिंग में जेलेंस्की के साथ होंगे। इस बैठक में फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टुब्ब और इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी की भी उपस्थिति की संभावना है। हालांकि ब्रिटेन के प्रधान मंत्री कीर स्टारमर ने अपनी पुष्टि अभी नहीं की है, लेकिन एक प्रमुख सहयोगी के तौर पर उनकी उम्मीद व्यक्त की जा रही है। जर्मन सरकार ने बताया कि इस बैठक में मुख्य रूप से सुरक्षा गारंटी, क्षेत्रीय मुद्दों और रूस की आक्रामकता के खिलाफ यूक्रेन के समर्थन के जारी रखने पर चर्चा होगी। यूरोपीय नेताओं का उद्देश्य है कि किसी भी तरह के समझौते में जेलेंस्की को दबाव में न लाया जाए और शांति समाधान में यूरोप की भूमिका सुनिश्चित हो। इस कदम से यह स्पष्ट हुआ है कि यूरोपीय नेता जेलेंस्की को अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प की नीति से संभावित असंतुलन या बाहरी दबाव से बचाने के लिए सामूहिक रूप से समर्थन प्रदान कर रहे हैं।

कठुआ में बादल फटा, सात लोगों की मौत

महानगर नेटवर्क

जम्मू

जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश में रविवार सुबह बादल फटा है। जम्मू-कश्मीर में बादल फटने की ये बीते 3 दिन में दूसरी घटना है। रविवार को कठुआ जिले में बॉर्डर से सटे इलाके में तीन जगह बादल फटा। जोद घाटी इलाके में सोत लोगों की मौत हो गई और कई घायल हैं। जोद के अलावा मथरे चक, बगार्ड-चंगड़ा और दिलवान-हुटली में भी लैंडस्लाइड हुई। 14 अगस्त को भी जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ के चसोटी में भी ऐसी ही घटना हुई थी। लैंडस्लाइड के बाद जोद गांव का शहर से संपर्क टूटा गया था, काफी मशक्कत के बाद रेस्क्यू टीम गांव पहुंची। घरों में कई फीट तक पानी-मलबा भरा है। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कठुआ डिप्टी एसपी राजेश शर्मा ने कहा- लैंडस्लाइड में 2 से 3 मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं। 6 लोगों के फंसे होने की सूचना है। जांगलोट समेत नेशनल हाईवे पर कई जगह पर सड़क को नुकसान पहुंचा है। रेलवे ट्रैक भी बाधित है।

मुंबई सहित कई क्षेत्रों में भारी बारिश की संभावना

महानगर नेटवर्क

नई दिल्ली

बंगाल की खाड़ी के पश्चिम मध्य से सटे उत्तर-पश्चिम, उत्तरी आंध्र प्रदेश और दक्षिण ओडिशा के तटों पर एक नया कम दबाव का क्षेत्र बन रहा है और अगले 24 घंटे में इसके अवदाब में बदलने की संभावना है। अगले सात दिनों के दौरान गोवा, महाराष्ट्र, गुजरात में बहुत भारी बारिश होने वाली है। 17-19 अगस्त के दौरान कोंकण, गोवा, मध्य महाराष्ट्र के घाट इलाकों, 19-20 अगस्त को सौराष्ट्र में अत्यधिक भारी बारिश होगी। इसके अलावा, अगले दो दिनों के दौरान आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, ओडिशा में भारी से बहुत भारी बारिश, 17-18 अगस्त के दौरान तटीय आंध्र प्रदेश में अलग-अलग स्थानों, 18 तारीख को ओडिशा और तेलंगाना में

अत्यधिक भारी बारिश होने वाली है। पश्चिम भारत की बात करें तो 17-19 अगस्त के दौरान कोंकण, गोवा, मध्य महाराष्ट्र के घाट इलाकों, 19 और 20 अगस्त को गुजरात में अलग-अलग स्थानों पर अत्यधिक भारी बारिश होने की संभावना है। 17-21 अगस्त के दौरान मध्य महाराष्ट्र, गुजरात, 17-20 अगस्त के दौरान कोंकण, गोवा, 17 और 18 अगस्त को मराठवाड़ा में अलग-अलग स्थानों पर भारी से बहुत भारी बारिश होने की संभावना है। दक्षिण भारत की बात करें तो 17, 18 अगस्त को तटीय कर्नाटक, तटीय आंध्र प्रदेश, यनम, दक्षिण कर्नाटक में अलग-अलग जगहों पर अत्यधिक भारी बारिश की संभावना है। 17 तारीख को तमिलनाडु में अलग-अलग जगहों पर भारी बारिश होगी।

पिता ने 4 बच्चों को कुएं में फेंका

मुंबई/ अहिल्यानगर। अक्सर पति-पत्नी के बीच के झगड़े में बच्चे पिसते हैं। ऐसा ही एक मामला अहिल्यानगर से सामने आया है, जहां एक शख्स की अपनी पत्नी के साथ लड़ाई हो गई, जिसके बाद उसने पहले अपने चारों बच्चों को कुएं में फेंक दिया और उनकी हत्या कर दी, इसके बाद भी खुद भी कुएं में कूदकर जान दे दी। मृतक बच्चों में तीन बेटी और एक बेटा शामिल था, जो महज 6 से 9 साल तक की उम्र के थे। एक साथ पांच मौतों से इलाके में हड़कंप मच गया, मृतक शख्स की पहचान अरुण काले के रूप में हुई है, जो श्रीगोन्दा तहसील के चिखली कोरेगांव का रहने वाला था। उसके बच्चे आश्रमशाला में पढ़ रहे थे, शनिवार को अरुण काले की अपने पत्नी के साथ लड़ाई हो गई थी। पत्नी से झगड़ने के बाद अरुण अपने बच्चों के पास गया और उन्हें बाइक पर बैठाकर खेत के एक कुएं में ले गया और एक-एक करके चारों बच्चों को कुंए में फेंक दिया। बाद में पुलिस ने पांचों शव को बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

फिर खुद कूदकर दे दी जान

मुख्यमंत्री फडणवीस ने 1348 लाभार्थियों को सौंपी मकानों की चाबी

सोलापुर में आईटी पार्क से युवाओं को मिलेगा रोजगार: मुख्यमंत्री

महानगर संवाददाता

मुंबई

रविवार को सोलापुर में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत एमएचएडीए द्वारा निर्मित दहिटणे स्थित राष्ट्रतेज अटल कामगार गृहनिर्माण सहकारी संस्था के 1,128 और शेलगी स्थित श्री सोमवंशीय सहस्त्रार्जुन क्षत्रिय समाज महालक्ष्मी गृहनिर्माण सहकारी संस्था के 220 घरों को मिलाकर कुल1,348 मकानों की चाबी सौंपी गयी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी गरीब,वंचित और बेघर नागरिकों को घर देने का संकल्प लिया है, पीएम के उस संकल्प को महायुति सरकार पूरा कर रही है। राज्य के बेघर

नागरिकों को सस्ते दर पर आवास दिया जा रहा है। इस कार्यक्रम में पालकमंत्री जयकुमार गोरे, पुणे गृहनिर्माण व क्षेत्र विकास मंडल के सभापति शिवाजीराव आढलराव पाटिल, विधायक पूर्व मंत्री विजयकुमार देशमुख, सुभाष देशमुख, रणजितसिंह मोहिते पाटील, समाधान आवताडे, दिलीप सोपल, सचिन कल्याणशेट्टी, अभिजीत पाटिल, देवेंद्र कोठे तथा मुंबई इमारत दुरुस्ती व पुनर्निर्माण मंडल के मुख्य अधिकारी मिलिंद शंभरकर उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सोलापुर जिले का लगातार विकास हो रहा है। फडणवीस ने कहा कि सोलापुर के पैटर्न को पूरे राज्य में लागू करने पर विचार किया जाएगा। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 30 लाख घरों को केंद्र सरकार की मंजूरी मिली है। 2018 तक प्रतीक्षा सूची के सभी नागरिकों को घर मिलेंगे। ग्रामविकास विभाग द्वारा देश में सर्वाधिक तेजी से घर बनाए जा रहे हैं। 20 लाख से अधिक घरों का काम शुरू हो गया है।

मराठा समाज में डेढ़ लाख उद्यमी तैयार

अण्णासाहेब पाटील आर्थिक विकास महामंडल द्वारा चेक वितरण कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि महामंडल ने 2,500 लोगों को कर्ज देकर स्वावलंबी उद्यमी बनने में मदद की है। इसके माध्यम से अब तक 1.52 लाख उद्यमी तैयार हुए हैं और लगभग 13,000 करोड़ उपलब्ध कराए गए हैं।

गृह निर्माण परियोजनाओं का विवरण

दहिटणे: 50 इमारतों में 1,200 फ्लैट (327 वर्ग फुट), जिनमें से 1,128 पूरे हो चुके।
शेलगी: 252 मकानों की योजना, जिनमें से 220 पूरे।
असंगठित क्षेत्र के 811 मजदूरों को 2 लाख का अतिरिक्त अनुदान मिला, जिससे उन्हें सस्ता घर उपलब्ध होगा।

मैंने ही गिराई थी बसंत दादा पाटिल की सरकार

शरद पवार का कबूलनामा, विपक्ष का आरोप सही साबित हुआ

मुंबई। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी में पड़ी फुट की पीड़ा झेल रहे पूर्व केंद्रीय मंत्री और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) के सर्वेसर्वा शरद पवार पर यह आरोप लगता है कि राज्य की तत्कालीन वसंत दादा पाटिल की सरकार उन्होंने गिराया था शरद पवार ने पहली बार यह माना की बसंत दादा पाटिल के नेतृत्व वाली सरकार को उन्होंने गिराया था। रविवार को पुणे में एक कार्यक्रम में साल 1970 के राजनीतिक घटना को याद करते हुए पवार ने कहा कि वसंतदादा हमारे नेता थे। लेकिन वे इंदिरा गांधी की कांग्रेस में थे इस बात को लेकर युवा उस कांग्रेस के खिलाफ थे। इसी का फायदा उठाते हुए हमने वसंतदादा पाटिल की सरकार को गिरा दी थी। शरद पवार ने साल 1970 में बसंत दादा पाटिल के साथ जो व्यवहार किया, वही व्यवहार उनके साथ साल 2022 में एकनाथ शिंदे ने महाविकास आघाड़ी सरकार गिराकर किया। इतना ही नहीं साल 2023 में उनके भतीजे अजित पवार ने उनकी ही बनाई गई पार्टी को तोड़ दिया। राजनीतिक गलियारे में ऐसी चर्चा है। शरद पवार ने कहा कि जब मैंने बसंत दादा पाटिल की सरकार गिराई थी तो उस समय का राजनीतिक कुछ अलग था,लोग बदले की राजनीति नहीं करते थे। भले ही मैंने वसंतदादा की सरकार गिरा दी थी, लेकिन बाद में उन्होंने पुरानी बातें भूलकर गांधी-नेहरू के विचारों के लिए मुझे मुख्यमंत्री पद के लिए समर्थन दिया।

कबूतरों को दाना खिलाने के लिए मनपा ने मुंबईकरों से मांगा सुझाव

29 अगस्त तक सुझाव और शिकायत देने की अपील

महानगर संवाददाता

मुंबई

कबूतरों को कब और कितने समय तक दाना खिलाया जाए इसको लेकर मनपा का रुख कुछ नरम हुआ है। मनपा ने मुंबई के कबूतरखानों में कबूतरों को दाना डालने और नियंत्रित आहार (कंट्रोल फीडिंग) उपलब्ध कराने को लेकर मुंबईकरों से सुझाव और शिकायत मंगाए हैं। मुंबई के लोग 18 से 29 अगस्त के बीच मनपा को अपने सुझाव दे सकते हैं। राज्य सरकार ने 7 अगस्त को आदेश जारी करते हुए कहा था कि जब तक कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं होती, तब तक कबूतरों को नियंत्रित तरीके से दाना दिया जाए और कबूतरखाना बंद न किया जाए। लेकिन कोर्ट में चल रहे मामलों में कोर्ट ने राहत नहीं दी। मनपा के एक अधिकारी ने बताया कि हमें कबूतरों को दाना डालने के विषय पर तीन अलग-अलग आवेदन प्राप्त हुए हैं। इस पर अंतिम निर्णय लेने से पहले मनपा मुंबईकरों की राय जानने का निर्णय लिया है। मनपा अधिकारी ने बताया कि प्रशासन को दादर कबूतरखाना ट्रस्ट बोर्ड,यास्मीन भंसाली एंड कंपनी और पशु एवं पक्षी अधिकार कार्यकर्ता पल्लवी पाटिल से कबूतरों को दाना डालने के लिए आवेदन प्राप्त हुए हैं। इन आवेदनों में यह सुझाव दिया गया है कि कबूतरों को कभी भी दाना डालने की बजाय उन्हें एक निश्चित समय पर और कंट्रोल फीडिंग कराने की अनुमति दी जाए।

सर्वसम्मति से रास्ता निकाला जाए

अधिकारी ने कहा कि इसके लिए मुंबईकरों की शिकायत और सुझाव जरूरी है,जिससे एक सर्वसम्मति से रास्ता निकाला जाए जो कोर्ट और सरकार को मान्य हो। मनपा ने लोगों से अपील कर रही है कि वे वेबसाइट पर दिए गए इन आवेदनों की समीक्षा करें और बताएं कि कबूतरखानों में कबूतरों को कंट्रोल फीडिंग से और एक निश्चित समय पर दाना दिया जाना चाहिए या नहीं। लोग इस पर अपने सुझाव और शिकायत दे सकते हैं। मनपा इस पर गंभीरता पूर्वक विचार करेगी। मनपा ने लोगों से अपील की है कि 18 से 29 अगस्त तक अपनी राय मनपा को भेज सकते हैं।

आज मुंबई पहुंचेगी रघुजी भोसले की ऐतिहासिक तलवार

मुख्यमंत्री की उपस्थिति में लोकार्पण समारोह

महानगर संवाददाता

मुंबई



श्रीमंत राजे रघुजी भोसले की ऐतिहासिक तलवार सोमवार 18 अगस्त को मुंबई पहुंचेगी। महाराष्ट्र शासन की ओर से मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उसका भव्य स्वागत किया जाएगा। शाम को मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की प्रमुख उपस्थिति में लोकार्पण समारोह आयोजित किया जाएगा। इस ऐतिहासिक तलवार को महाराष्ट्र शासन ने नीलामी में हासिल किया है। हाल ही में सांस्कृतिक कार्य मंत्री आशीष शेलार ने लंदन से यह तलवार अपने कब्जे में ली। 18 अगस्त को यह तलवार मुंबई पहुंचेगी। सुबह 10 बजे अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर शेलार इसे औपचारिक रूप से स्वीकार करेंगे। इसके बाद हवाई अड्डे पर छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा को नमन कर बाइक रैली निकाली जाएगी और इस तलवार को चित्ररथ पर विराजित कर पुल देशपांडे कला अकादमी तक ले जाया जाएगा। शाम 6 बजे सांस्कृतिक कार्य विभाग, पुरातत्व एवं वस्तु संग्रहालय संचालनालय, सांस्कृतिक कार्य संचालनालय और पुल देशपांडे कला अकादमी की ओर से "सेना साहेब सुभा पराक्रम दर्शन" समारोह का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम में श्रीमंत राजे रघुजी भोसले की ऐतिहासिक तलवार प्रदर्शनी का उद्घाटन एवं लोकार्पण मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के हाथों होगा। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, अजित पवार, सांस्कृतिक कार्य व सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री तथा उपनगर जिले के पालक मंत्री आशीष शेलार प्रमुख रूप से उपस्थित रहेंगे।

दहीहंडी फोड़ने में घायल हुए 135 गोविंदा, 16 अस्पताल में भर्ती

मुंबई। दहीहंडी उत्सव के दौरान अब तक कुल 318 गोविंदे घायल हुए हैं। जिसमे 16 गोविंदा को सर और पैर में गंभीर चोट आई हैं,जिससे उन्हें अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा है। मिली जानकारी के अनुसार शनिवार को हुए दहिकाला उत्सव में हंडी फोड़ने की होड़ में मुंबई में 318 से अधिक गोविंदा जख्मी हुए। जख्मी हुए सभी गोविंदा का आंकड़ा सरकारी अस्पतालों में इलाज करा रहे है का है, जबकि निजी अस्पताल में भी कुछ जख्मी गोविंदा इलाज कराने भर्ती हुए हैं। शनिवार की रात 11 बजे तक चले मटकी फोड़ने के उत्सव में कुल 318 गोविंदे घायल हुए जिनमे 312 गोविंदा को मरहम पट्टी और प्लास्टर लगाकर घर जाने दिया गया,जबकि 16 गोविंदा को गंभीर चोट आईं हैं,जिन्हे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। घ्याल हुए गोविंदाओं में शहर के अस्पतालों में 135 घायल पहुंचे, जिनमें से 119 को इलाज के बाद छुट्टी दी गई है और 16 अब भी भर्ती हैं, जिनमें एक की हालत गंभीर बताई जा रही है।

जरूरतमंद महिलाओं को सूचना पहुंचाने के लिए सुझाव

भायंदर। मिरा-भायंदर मनपा के महिला बाल कल्याण विभाग द्वारा कई योजनाओं के माध्यम से महिलाओं की सहायता की जाती हैं। इन योजनाओं में माय माऊली आधार योजना,महिलाओं को कैंसर के इलाज में सहायता, निराधार एवं तलाकशुदा महिलाओं के बच्चों के विवाह में अनुदान योजना, 60 वर्ष से ज्यादा उम्र की महिलाओं एवं उनके परिवार के कैंसर ग्रस्त रोगियों के उपचार में आर्थिक सहयोग के अलावा कई योजनाओं का समावेश हैं। मनपा की इन योजनाओं को अधिक से अधिक जरूरतमंद महिलाओं एवं उनके परिजनों को इसकी जानकारी देने के लिए पूर्व नगरसेवक ओमप्रकाश गाडोदिया ने मनपा आयुक्त को एक सुझाव पत्र दिया हैं। इस पत्र के माध्यम से ओमप्रकाश गाडोदिया ने मनपा को सुझाव दिया हैं की इन सभी योजनाओं की जानकारी मनपा के संपत्ति कर बील के पीछे देनी चाहिए । इसके अलावा मनपा के सभी प्रभाग कार्यालय एवं मुख्य कार्यालयों में भी सूचना फलक लगा कर इसकी जानकारी देनी चाहिए । ओमप्रकाश गाडोदिया ने बताया की मनपा के महिला बाल कल्याण विभाग द्वारा महिलाओं के लिए काफी योजनाएं हैं परन्तु लोगों को इसकी जानकारी के अभाव में इन योजनाओं का फायदा उन तक नहीं पहुंच रहा हैं ।

कुर्ला में भाजपा की तरफ से नितेश राजहंस सिंह द्वारा दहीहंडी का आयोजन किया गया। इस दहीहंडी महोत्सव में गोविंदा टीम को पुरस्कृत करते भाजपा के राष्ट्रीय संयुक्त संगठन सचिव शिवप्रकाश जी साथ में मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा, विधायक राजहंस सिंह सहित अन्य।

जर्जर इमारत का प्लास्टर गिरा कोई हताहत नहीं

नालासोपारा। बीते दो दिनों से हो रही भारी बारिश के चलते नालासोपारा में एक पुरानी इमारत का हिस्सा ढह गया। यह हादसा शनिवार रात प्रगति नगर इलाके में हुआ, जब अमन अपार्टमेंट की एक जर्जर इमारत की पहली मंजिल का हिस्सा नीचे खड़े एक रिक्शे पर गिर गया। इस घटना से रिक्शे को काफी नुकसान पहुंचा, लेकिन गनीमत रही कि इसमें कोई भी हताहत नहीं हुआ। यह इमारत काफी पुरानी थी और लंबे समय से इसकी हालत खराब थी। इस हादसे ने इलाके के लोगों में डर का माहौल पैदा कर दिया है। शहर में ऐसी घटनाएं लगातार हो रही हैं। कुछ समय पहले, अलकापुरी साई राज अपार्टमेंट भी भारी बारिश में ढह गई थी, जिसके चलते आस-पास की इमारतों को भी खाली कराना पड़ा था।इस तरह की घटनाओं से पुरानी और जर्जर इमारतों की सुरक्षा पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। लोगों का कहना है कि प्रशासन को ऐसी इमारतों की पहचान कर समय रहते कार्रवाई करनी चाहिए, ताकि भविष्य में होने वाले किसी बड़े हादसे को टाला जा सके।

श्री सिद्धि सागर संस्था एवम् श्री साईं सेवकरी न्यास (वर्ली) के संयुक्त तत्वावधान में 10वीं और 12वीं के विद्यार्थियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी हरिनाथ तिवारी और समाजसेवी शिक्षक बालगोविंद तिवारी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन संस्था के अध्यक्ष राजेंद्र ए. खानविलकर ने किया। विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संस्था के सचिव विनायक पाटिल और साईं सेवकरी न्यास वर्ली के सचिव श्रीयाल तोडणकर, संस्था के सभी सेवक और पदाधिकारी, निवासी उपस्थित थे। संस्था के अध्यक्ष राजेंद्र खानविलकर, साईं सेवकरी न्यास के जाफर मोहम्मद शेख, राहुल खानविलकर, राजेश ठाकुर, श्रेयस तोडणकर ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना बहुमूल्य सहयोग प्रदान किया।

गुरुवार को मुलुंड में नहीं होगी पानी की सप्लाई

18 घंटे होगा मरम्मत कार्य

मुंबई। गोरेगांव-मुलुंड लिंक रोड पर पुल निर्माण कार्य के कारण 1200 मिलीमीटर व्यास की जलापूर्ति करने वाली पाइप लाइन को स्थानांतरित करने का काम मनपा ने हाथ में लिया है। पाइप लाइन को स्थानांतरित करने का गुरुवार को किया जाएगा। यह कार्य लगभग 18 घंटे तक चलेगा,जिसके चलते मुलुंड इलाके में गुरुवार को पानी सप्लाई बंद रहेगी। मनपा जल विभाग ने इस परिसर में रहने वाले लोगों को आगाह किया है कि पानी सप्लाई के बाद भी पानी को उबाल कर पीने की सलाह दी है। बता दें कि गोरेगांव मुलुंड लिंक रोड पर मैराथन मैक्सिमा इमारत से तानसा पुल तक सड़क किनारे स्थित जलवाहिनी को दो स्थानों पर जोड़ा जाएगा। इसके चलते मुलुंड स्थित 'टी'विभाग के कई इलाकों जैसे गोरेगांव –मुलुंड लिंक रोड का परिसर मुलुंड (पश्चिम) एल. बी. एस. रोड से सटे इलाके, जे. एन. रोड, देवीदयाल मार्ग,डम्पिंग ग्राउंड रोड, डॉ. आर. पी. रोड, पी. के. रोड, झवेरी रोड, एम. जी. रोड, एन. एस. रोड, एस. एन. रोड, आर. एच. बी. रोड, वालजी लाढा रोड, व्ही. पी. रोड, मदन मोहन मालवीय रोड, एसीसी रोड, बी. आर. रोड, गौशाला रोड, एस. एल. रोड, नाहुर गांव आदि इलाको में गुरुवार 21 अगस्त को 24 घंटे जलापूर्ति बाधित रहेगी। पानी पाइप लाइन के बदलाव के कारण पानी सप्लाई बंद रहेगी और बंद सप्लाई के लगभग 18 घंटे बाद पानी सप्लाई शुरू होगी। मनपा ने इस परिसर में रहने वाले नागरिकों से अपील की है कि वे आवश्यक पानी का भंडारण कर लें और जल का संयमित उपयोग करें। जल विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि पानी सप्लाई के शुरू होने के अगले 4 से 5 दिनों तक पानी को उबालकर एवं छानकर ही पिएं।

पूर्व नगरसेवक चन्द्र देव सिंह का निधन

भायंदर। मीरा-भायंदर हिंदी भाषी समाज के स्तंभ पूर्व नगरसेवक,शिक्षा समिति सभापति चंद्र देव सिंह का शनिवार को निधन हो गया,वे पूरे क्षेत्र में सी डी सिंह के नाम से प्रसिद्ध थे। सिंह पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे। 82 वर्ष के चंद्र देव सिंह मूलतः उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर जिले के रहने वाले थे और वे पिछले कई दशक से मीरा-भायंदर क्षेत्र में कारोबार और समाज सेवा में संलग्न थे। उनकी अंतिम यात्रा सोमवार सुबह नौ बजे उनके भायंदर पश्चिम स्थित आवास से रवाना होगी। वे अपने पीछे पुत्र अर्जुन सिंह,अजीत सिंह सहित बेटा,बेटी,नाती - पोतों का भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं। रविवार सुबह से ही उनको अंतिम बिदाई देने के लिए उनके आवास पर लोगों का तांता लगा रहा। उत्तर भारतीय संघ के अध्यक्ष संतोष आरएन सिंह ने उनके निधन पर गहरा दुःख व्यक्त करते हुए,उन्हें श्रद्धांजली दी है। साथ ही ईश्वर से प्रार्थना की है कि वह परिवार को इस दुख को बर्दाश्त करने की शक्ति प्रदान करे।

महाप्रबंधक ने जगजीवन राम अस्पताल में नई स्वास्थ्य सुविधाओं का किया उद्घाटन

मुंबई। पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक विवेक कुमार गुप्ता ने पश्चिम रेलवे महिला कल्याण संगठन (WRWWO) की अध्यक्षा नीता गुप्ता के साथ शुक्रवार, 15 अगस्त को पश्चिम रेलवे के जगजीवन राम अस्पताल (JRH), मुंबई का दौरा किया और कई नयी एवं महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सुविधाओं का उद्घाटन किया। इस अवसर पर पश्चिम रेलवे के अतिरिक्त महाप्रबंधक प्रदीप कुमार, मुंबई सेंट्रल मंडल के मंडल रेल प्रबंधक पंकज सिंह, वरिष्ठ रेल अधिकारी,

चिकित्सक एवं अस्पताल के कर्मचारी उपस्थित थे। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, इस अवसर पर महाप्रबंधक गुप्ता ने नवनिर्मित 6 लेवल फायर एस्केप रैम्प, नवीनीकृत प्रसूति एवं स्त्री रोग तथा शिशु वार्ड, जिसमें नया 4-बेड वाला गहन चिकित्सा कक्ष (NICU) के साथ ही ऑडियोमेट्री एवं BERA सुविधाओं का भी शुभारंभ किया गया। ये नई स्वास्थ्य सुविधाएं अस्पताल की चिकित्सीय अवसंरचना को और अधिक मज़बूत करेंगी तथा रोगियों को बेहतर चिकित्सा सुविधा प्रदान करेंगी।

गुप्ता ने अस्पताल की उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करने की प्रतिबद्धता की सराहना की तथा इसे NABH प्रमाणन प्राप्त करने वाला पहला रेल अस्पताल बनने पर बधाई दी।

ठाणे परिवहन सेवा को लगाया चूना

ठाणे। ठाणे परिवहन सेवा (टीएमटी) में बिना टिकट यात्रा करने वालों पर पिछले एक साल में बड़ी कार्रवाई की गई है। परिवहन विभाग ने कुल 3,502 यात्रियों को पकड़कर उनके खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की और इनसे 7.53 लाख रुपए से अधिक का जुर्माना वसूला गया। इस कार्रवाई ने साफ कर दिया है कि टीएमटी सेवा में कंडक्टरों की गड़बड़ी सामने नहीं आती, बल्कि टिकट न खरीदने वाले यात्री ही दोषी पाए जाते हैं। आमतौर पर बसों में यह शिकायत रहती है कि कंडक्टर बिना टिकट किराया वसूल लेते हैं या फिर पुराने टिकट नए यात्रियों को देकर पैसे हड़पते हैं,लेकिन टीएमटी की जांच में ऐसी कोई गड़बड़ी नहीं मिली।

मुंबई महिला कांग्रेस ने मशाल जलाकर किया विरोध-प्रदर्शन

मुंबई। अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा और मुंबई महिला कांग्रेस की कार्यकारी अध्यक्ष रजनीताई शेट्टी के मार्गदर्शन और प्रज्योति चंद्रकांत हंडोरे के नेतृत्व में दक्षिण मध्य मुंबई महिला कांग्रेस की ओर से चेंबूर विधानसभा प्रभाग क्र.150 में वोट चोरी के खिलाफ मशाल जलाकर जमकर विरोध-प्रदर्शन किया गया। इस मौके पर रजनीताई शेट्टी,उपाध्यक्ष पूर्वी पटेल,पूर्व नगरसेविका संगीता हंडोरे, सुप्रिया पाठक, आयशा खान, रूपारेल, कुंडताई, तालुका अध्यक्ष और वार्ड अध्यक्ष समेत कई अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

महाराष्ट्र में फिर बनेगी कांग्रेस सरकार: सपकाल

पिछले छह महीने का रिपोर्ट कार्ड पेश,36 में से 22 जिला मुख्यालयों का दौरा

मुंबई। महाराष्ट्र कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष का पदभार संभालने के बाद से हर्षवर्धन सपकाल पार्टी का जनाधार बढ़ाने,संगठन को मजबूत करने में जुटे हुए हैं। अभी हाल ही में उन्होंने अपना रिपोर्ट कार्ड जारी किया है,जिसमें 9 फरवरी से 31 जुलाई के बीच किए गए कार्यों का उल्लेख किया गया है। उनका लक्ष्य महाराष्ट्र में दोबारा कांग्रेस को सत्ता में लाना है। इसके लिए वे खुद मैदान में उतरकर मेहनत कर रहे हैं,बल्कि पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं को भी इसके लिए प्रेरित कर रहे हैं।

मिलकर काम करने का मंत्र: नाना पटोले के प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने के बाद पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने हर्षवर्धन सपकाल पर भरोसा जताते हुए उन्हें महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी का प्रमुख बनाया। प्रदेश अध्यक्ष का पदभार संभालने के बाद सपकाल ने पार्टी को मजबूत करने के लिए सभी से मिलकर काम करने आह्वान किया। उनका मानना है कि मिलकर काम करने, प्रयास करने से सफलता मिल सकती है। पार्टी का रोडमैप तैयार करने के लिए उन्होंने जिला इकाई प्रमुखों, पदाधिकारियों और नेताओं के साथ चर्चा की योजना बनाई।

युवाओं को विश्व स्तरीय शिक्षा देने का संकल्प:पाटिल

➤शिक्षा को सक्षम और लोकाभिमुख बनाने की पहल
➤विद्यार्थियों को डिजिटल महा ज्ञानदीप पोर्टल उपलब्ध

■ मनोज दूबे/ जितेन्द्र मिश्रा

महाराष्ट्र के उच्च तथा तकनीकी शिक्षा मंत्री चंद्रकांत दादा पाटिल ने कहा कि महाराष्ट्र में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 को लागू करने के प्रभावी कदम उठाए गए हैं। वे मानते हैं कि शिक्षा नीति केवल एक शैक्षणिक सुधार नहीं हैं,बल्कि यह भविष्य की पीढ़ियों को विश्व स्तरीय शिक्षा उपलब्ध कराने वाली एक क्रांति है। उच्च और तकनीकी शिक्षा के कायापलट में लगे चंद्रकांत दादा पाटिल का मानना है कि महाराष्ट्र की शैक्षणिक प्रगति केवल राज्य तक सीमित नहीं है,बल्कि नए भारत के ज्ञानाधारित विकास को दिशा दिखाने वाली है। युवाओं को विश्व स्तरीय शिक्षा देने के लिए कई कदम उठाए जा रहे हैं। उच्च तथा तकनीकी शिक्षा के प्रयासों का नतीजा है कि इस साल राज्य के पॉलिटेक्निक डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में एक लाख से अधिक छात्र प्रवेश ले चुके हैं। विभाग ने एक डैशबोर्ड भी विकसित किया है,जहां छात्रों को सभी जानकारी एक जगह मिल रही है। "हमारा महानगर" ने उनसे सभी विषयों पर विस्तार से बातचीत की। पेश है बातचीत के प्रमुख अंशः-

साप्ताहिक साक्षात्कार

▸ महाराष्ट्र में राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी 2020) को लागू करने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

☛ देश की नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत भारत के शिक्षा क्षेत्र में ऐतिहासिक परिवर्तन की शुरुआत हुई है। देश में कुल नामांकन अनुपात को 50% तक पहुंचाने के राष्ट्रीय लक्ष्य को हासिल करने के लिए,भारत ने विश्व स्तरीय शिक्षा और शोध देश में ही उपलब्ध कराने के लिए रणनीतिक कदम उठाए हैं। महाराष्ट्र में भी नई राष्ट्रीय शैक्षणिक नीति का प्रभावी क्रियान्वयन शुरू है। महाराष्ट्र में उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग ने राष्ट्रीय शैक्षणिक नीति को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए कई विविध, नवोन्मेषी और परिवर्तनकारी पहल की हैं। इसमें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, प्रौद्योगिकी आधारित अध्यापन, पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया, विद्यार्थियों तक अवसरों की समान उपलब्धता और अनुसंधान को बढ़ावा देने पर अधिक जोर देकर उच्च शिक्षा क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक परिवर्तन लाए जा रहे हैं,जिससे राज्य की शिक्षा व्यवस्था अधिक सक्षम और जनोन्मुख बन रही है।

▸ नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत कितनी यूनिवर्सिटी और कॉलेजों में नया सिलेबस लागू किया गया है?

☛महाराष्ट्र में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति का प्रभावी क्रियान्वयन जारी है। राज्य में उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के अधीन आने वाले 5 हजार महाविद्यालयों, 13 गैर कृषि विश्वविद्यालयों तथा 157 स्वायत्त महाविद्यालयों में राष्ट्रीय शैक्षणिक नीति 2020 के अंतर्गत नया पाठ्यक्रम ढांचा लागू किया गया है।

▸ सरकार ने नवी मुंबई में अंतर्राष्ट्रीय विश्वविद्यालयों के स्वतंत्र कैंपस को स्थापित करने का निर्णय लिया है?

जी हां,सरकार सिडको के सहयोग से नवी मुंबई के इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास इंटरनेशनल एजुकेशन सिटी विकसित कर रही है। यह सिटी पांच किलोमीटर में फैली होगी। यहां शीर्ष 10 विदेशी विश्वविद्यालयों के कैंपस स्थापित करने की योजना है। इससे नवी मुंबई और मुंबई को वैश्विक शैक्षणिक केंद्र में पहचान मिलेगी और भारतीय छात्रों को देश में रहकर विदेश स्तरीय शिक्षा उपलब्ध होगी। वैश्विक स्तर के पाठ्यक्रम, अनुसंधान के अवसर और अनुभव विदेश जाए बिना भारत में ही मिल सकेंगे। यहां पर शिक्षा विदेशी पाठ्यक्रमों के अनुसार नहीं, बल्कि भारत की स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरुप और रोजगारोन्मुखी होगी। पाठ्यक्रमों को स्थानीय औद्योगिक आवश्यकताओं के अनुसार डिजाइन किया जाएगा। इससे अनुसंधान, स्टार्टअप्स और उद्योग सहयोग को बढ़ावा मिलेगा। छात्रों के लिए एक्सचेंज प्रोग्राम, सेमेस्टर ट्रांसफर, ग्लोबल इंटर्नशिप जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। साथ ही प्राध्यापकों और शोधकर्ताओं की भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भागीदारी बढ़ेगी। यह पहल महाराष्ट्र की अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन डॉलर बनाने और देश की अर्थव्यवस्था को पांच ट्रिलियन डॉलर का लक्ष्य 2029 तक हासिल करने में सहायक साबित होगी।

▸ उच्च तथा तकनीकी शिक्षा ने एक डैशबोर्ड विकसित किया है। छात्रों को इससे क्या लाभ मिलेगा?

इस डैशबोर्ड का फायदा यह होगा कि छात्रों को एक ही जगह पर सभी जानकारी हासिल हो जाएगी। डैशबोर्ड पर विश्वविद्यालयों से संबंधित प्रवेश प्रक्रिया, परीक्षा परिणाम, छात्रवृत्ति, छात्रावास शुल्क, महाविद्यालयों से संबंधित संलग्नता और शैक्षणिक सुविधाएं, सार्वजनिक पुस्तकालयों की जानकारी शामिल है। डैशबोर्ड पर 26 सार्वजनिक विश्वविद्यालयों और महाराष्ट्र राज्य तकनीकी शिक्षा मंडल को शामिल किया गया है। भविष्य में राज्य के सभी निजी और सार्वजनिक विश्वविद्यालयों को भी इसमें जोड़ा जाएगा। यह डैशबोर्ड केवल उच्च व तकनीकी शिक्षा विभाग के लिए ही नहीं, बल्कि सामान्य जनता के लिए भी उपलब्ध रहेगा। डैशबोर्ड में उपलब्ध जानकारी के विश्लेषण से शैक्षणिक विषयों पर नीतिगत निर्णय लेने और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लक्ष्य को हासिल करने में मदद मिलेगी। इस जानकारी के विश्लेषण के लिए एआई तकनीक का उपयोग किए जाने की योजना है।

▸ आपके विभाग ने देश का पहला डिजिटल शिक्षा पोर्टल "महा ज्ञानदीप" शुरू किया है?

"महाज्ञानदीप" पोर्टल के माध्यम से महाराष्ट्र ने डिजिटल शिक्षा की दिशा में कदम बढ़ा दिए हैं। शैक्षणिक सुविधाओं को जनता के हित में सुलभ करने के लिए देश में इस तरह का यह पहला डिजिटल शिक्षण पोर्टल शुरू किया गया है। महाज्ञानदीप उपक्रम के अंतर्गत एक हजार विशेषज्ञ प्राध्यापक तैयार करने का संकल्प लिया गया है। अब तक 150 प्राध्यापकों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत भारतीय ज्ञान प्रणाली जेनेरिक (इंडियन नॉलेज सिस्टम-जेनेरिक) पाठ्यक्रम मराठी भाषा में तैयार किया गया है। यह पाठ्यक्रम इस पोर्टल पर अपलोड किया गया है और यह दुनिया भर के विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध है। इस पोर्टल के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों को भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ऑनलाइन, केवल एक क्लिक पर आसानी से उपलब्ध हो सकेगी।

▸ नैक मूल्यांकन और पुनर्मूल्यांकन में राज्य की क्या स्थिति रही?

राज्य में नैक मूल्यांकन और पुनर्मूल्यांकन में महाराष्ट्र देश में प्रथम स्थान पर रहा। राज्य के 35 विश्वविद्यालय और 1949 महाविद्यालय को मिलाकर कुल 1984 शिक्षा संस्थान का नैक मूल्यांकन और पुनर्मूल्यांकन पूरा हुआ है।

▸ आर्थिक रूप से कमजोर और पिछड़े वर्ग की छात्राओं को मुफ्त शिक्षा देने के निर्णय से छात्राओं की संख्या कितनी बढ़ी?

☛नई शिक्षा नीति के अनुसार व्यावसायिक शिक्षा में छात्राओं की संख्या बढ़े और उन्हें समान रूप से शिक्षा के अवसर मिल सके, इसलिए आर्थिक रूप से पिछड़े (ईबीसी), आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्लूएस), सामाजिक व शैक्षणिक रूप से पिछड़ा वर्ग (एसईबीसी) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) की पात्र छात्राओं के लिए कॉलेज शिक्षा की ट्यूशन फीस व परीक्षा शुल्क की संपूर्ण राशि की प्रतिपूर्ति करने का निर्णय लिया गया है। जिन छात्राओं के माता-पिता की वार्षिक आय 8 लाख रुपए या उससे कम है, उन्हें स्नातक, डिप्लोमा और स्नातकोत्तर शिक्षा मुफ्त प्रदान की जा रही है। शैक्षणिक वर्ष 2023-24 की तुलना में शैक्षणिक वर्ष 2024-25 में छात्राओं की संख्या में 53,744 की वृद्धि हुई है।

▸ राज्य के गैर कृषि विश्वविद्यालयों और संबद्ध महाविद्यालयों में अप्रेंटिसशिप एम्बेडेड डिग्री प्रोग्राम (एईडीपी) प्रोग्राम लागू किया गया है, वह क्या है?

☛राज्य के गैर कृषि विश्वविद्यालयों और संबद्ध महाविद्यालयों में अप्रेंटिसशिप एम्बेडेड डिग्री प्रोग्राम लागू किया गया है। इस कार्यक्रम में अध्ययन और प्रत्यक्ष प्रशिक्षण के बीच की खाई को कम करते हुए शिक्षा और उद्योग के बीच संवाद स्थापित कर विद्यार्थियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। उद्योग क्षेत्र के लिए आवश्यक कुशल जनशक्ति तैयार करने हेतु कौशल-आधारित पाठ्यक्रम विकसित किए गए हैं। अप्रेंटिसशिप में प्रत्यक्ष कार्य-आधारित शिक्षा और सैद्धांतिक ज्ञान का समावेश होने के कारण राज्य के सभी गैर-कृषि विश्वविद्यालयों और पात्र संबद्ध महाविद्यालयों में इसे शैक्षणिक वर्ष 2025-26 से लागू किया गया है।

▸ छात्रों के लिए सीईटी परीक्षा के लिए अटल उपक्रम शुरू किया गया है, वह क्या है?

☛राज्य सामायिक प्रवेश परीक्षा प्रकोष्ठ के माध्यम से शैक्षणिक वर्ष 2025-26 से ली जानी सीईटी के लिए पंजीकृत हुए उम्मीदवारों के लिए पहले सीईटी-अटल (मूल्यांकन परीक्षण और लर्निंग-मॉक टेस्ट और साइकोमेट्रिक टेस्ट मॉड्यूल) शुरू किया गया है। इस मॉड्यूल का लाभ उम्मीदवारों को उनके पाठ्यक्रम से संबंधित सामायिक परीक्षा के प्रश्नपत्रों का अभ्यास करने में होगा। इससे विद्यार्थियों में वास्तविक सामायिक प्रवेश परीक्षा देते समय आत्मविश्वास बढ़ाने में मदद मिलेगी।

▸ इस साल डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में छात्रों ने रिकॉर्ड संख्या में प्रवेश लिया है?

☛जी हां, राज्य में पॉलिटेक्निक डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के लिए इस वर्ष विद्यार्थियों से अभूतपूर्व प्रतिसाद मिला है। शैक्षणिक वर्ष 2025-26 के लिए अब तक 1,03,115 विद्यार्थियों ने प्रथम वर्ष डिप्लोमा पाठ्यक्रम में प्रवेश लिया है। यह पिछले दस वर्षों का सर्वोच्च आंकड़ा है और प्रवेश का प्रतिशत बढ़कर 93 प्रतिशत तक पहुंच गया है। दसवीं के बाद के डिप्लोमा पाठ्यक्रम विद्यार्थियों के लिए रोजगार और उच्च शिक्षा का उत्तम विकल्प सिद्ध हो रहे हैं। साथ ही आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डाटा साइंस, रोबोटिक जैसे नवाचार पूर्ण पाठ्यक्रम, विद्यार्थियों में जनजागृति अभियान, उद्योग क्षेत्र से एमओयू और स्व-अध्ययन मूल्यांकन जैसे उपक्रमों के कारण यह रिकॉर्ड तोड़ प्रतिसाद मिला है।

▸ आपने राज्य के शासनमान्य सार्वजनिक पुस्तकालयों के अनुवाद में वृद्धि की है?

☛मनुष्य में परिपक्वता विकसित करने, अनुभव और शब्द भंडार बढ़ाकर जीवन को समृद्ध करने के लिए पढ़ने का कोई विकल्प नहीं है। इसी दृष्टि से, राज्य के शासनमान्य सार्वजनिक पुस्तकालयों को 60% अनुदान वृद्धि और दर्जा उन्नयन प्रदान किया गया है। पहले पुस्तकालयों को अनुदान मिलने में विलंब होता था, लेकिन अब इसके लिए कंप्यूटर प्रणाली विकसित की गई है, जिसके माध्यम से राज्य के 12 हज़ार पुस्तकालयों को मात्र एक क्लिक पर तुरंत अनुदान उपलब्ध हो रहा है। नेशनल बुक ट्रस्ट देश स्तर पर उचित और वाजिब दरों पर पुस्तकें प्रकाशित करने वाली संस्था है। इस संस्था द्वारा हाल ही में पुणे में बुक फेस्ट' नाम की राष्ट्रीय प्रदर्शनी आयोजित की थी। इस बुक फेस्ट के माध्यम से 11 करोड़ रुपए की पुस्तकें बेची गईं, जिनमें से 90% खरीददार स्कूल और कॉलेज के विद्यार्थी थे। इस प्रकार विभिन्न योजनाओं के माध्यम से पठन संस्कृति को प्रोत्साहित किया जा रहा है।

मनसे-शिवसेना गठबंधन का आज बेस्ट में होगा पहला चुनाव

कल आयेगा रिजल्ट

महानगर संवाददाता
मुंबई

बेस्ट कर्मचारियों की सबसे बड़ी पतपेढ़ी का चुनाव आज होगा। इस चुनाव में पहली बार ऐसा होगा कि शिवसेना उद्धव गुट और मनसे गठबंधन एक साथ चुनावी मैदान में उतरे हैं,उनके लिए यह चुनाव करो या मरो की स्थिति वाला चुनाव होगा। इसी चुनाव से राज्य में होने वाली महानगर पालिका और नगर पालिका सहित ग्राम पंचायत चुनावी की आगे की लड़ाई तय करेगी।
मुंबई मनपा चुनाव से पहले होने वाला बेस्ट की पतपेढ़ी का चुनाव राजनीतिक रूप से बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है,क्योंकि पहली बार उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे महायुती के खिलाफ एकजुट होकर मैदान में उतरे हैं। इसी कारण बेस्ट कामगारों के बीच चुनावी माहौल बेहद गरमा गया है।
इसी दौरान मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (EOW) ने पतपेढी के संचालक मंडल पर 12.40 करोड़ रुपए के घोटाले का आरोप लगाते हुए प्राथमिक जांच शुरू कर दी है। आरोप है कि लोनावला के एक विश्रामगृह की बाजार कीमत 5.63 करोड़ रुपए थी,लेकिन उसे 18 करोड़ रुपए में खरीदा गया। इस खुलासे ने मौजूदा संचालक मंडल को चुनाव से ठीक पहले कठिनाई में डाल दिया है। मतगणना 19 अगस्त को वडाला डिपो में होगी।
पिछले नौ वर्षों से बेस्ट कामगार सेना के अध्यक्ष सुहास सामंत के माध्यम से इस पतपेढ़ी पर उद्धव ठाकरे गुट का वर्चस्व रहा है। पहले शिवसेना (अविभाजित) का मुंबई महापालिका और बेस्ट उपक्रम में प्रभाव था,लेकिन अब राजनीतिक समीकरण बदल चुके हैं और महायुती बनाम ठाकरे-मनसे गुट के बीच सीधा मुकाबला देखने को मिल रहा है। पतपेढ़ी की 21 सीटों पर हो रहा यह चुनाव न सिर्फ कर्मचारियों के हितों के लिए अहम है,बल्कि यह आने वाले राजनीतिक संघर्ष की दिशा भी तय कर सकता है।

मुख्य पैनल आमने -सामने

उत्कर्ष पैनल : शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) और महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना ने मिलकर यह पैनल बनाया है। इसमें बेस्ट कामगार सेना भी शामिल है। इस पैनल ने सामान्य (16), महिला आरक्षित (2), ओबीसी (1), एससी/एसटी (1) और वीजेएनटी (1) सीटों पर उम्मीदवार उतारे हैं।
सहकार समृद्धि पैनल : यह पैनल महायुति के समर्थन से चुनाव लड़ रहा है। इसमें प्रवीण दरेकर और प्रसाद लाड की श्रमिक उत्कर्ष सभा, मंत्री नितेश राणे की समर्थ बेस्ट कामगार संघटना और पूर्व विधायक किरण पावसकर की राष्ट्रीय कर्मचारी सेना शामिल हैं। इसके साथ ही महेंद्र सालवे की बेस्ट एसी/एसटी/वीजेएनटी वेलफेयर असोसिएशन और दिवंगत मनोज संसारे का बहुजन संघ भी इस पैनल को समर्थन दे रहा है।

ठाणे कापुरबावड़ी जंक्शन पर ट्रैफिक में बड़ा बदलाव

ठाणे। घोडबंदर मार्ग पर मेट्रो प्रकल्प के तहत कापुरबावड़ी जंक्शन पर गर्डर लगाने का काम शुरू किया जा रहा है। इस कारण ठाणे ट्रैफिक पुलिस ने महत्वपूर्ण ट्रैफिक बदलाव की घोषणा की है। 17 अगस्त से 10 सितंबर तक हर रात 11 बजे से सुबह 5 बजे तक ठाणे से घोडबंदर की दिशा में जाने वाला मुख्य मार्ग पूरी तरह बंद रहेगा। भारी क्रेन और मशीनरी तैनात किए जाने से दुर्घटना की संभावना को देखते हुए पुलिस ने यह कदम उठाया है। इस दौरान मुंबई और ठाणे से घोडबंदर की ओर जाने वाले वाहनों को ज्युपिटर वाई जंक्शन से प्रवेश नहीं मिलेगा। वाहनों को अंडरपास के जरिए कापुरबावडी चौक, नंदीबाबा, ढोकाली मार्ग या फिर पोखरण रोड नंबर 2 की ओर डायवर्ट किया जाएगा।

पश्चिम रेलवे
विद्युत कार्य

उप मुख्य विद्युत अभियंता (निर्माण), पश्चिम रेलवे, वडोदरा द्वारा **ई-निविदा सूचना क्र. : टीआर-सी-03-2025-पी, दि. 13.08.2025** आमंत्रित की जाती है. **कार्य एवं स्थान** : डभोई – सामलया जीसी अनुभाग के संबंध में ईएचटी लाइन के विखंडन, स्ट्रिंगिंग और क्रियान्वयन समेत 630 वर्ग मिमी. पॉली एल्युमिनियम एक्सएलपीई केबल बिछाना और एसीएसआर डॉग कंडक्टर के साथ टॉवर के जरिए ओवरहेड से भूमिगत में ईएचटी 66 केवी खाखरिया – जारोड लाइन (एलओसी. 81 से 82) तथा 66 केवी गोतरी-गोधरा लाइन (एलओसी. 85 से 86) तथा 66 केवी वाघोडिया – अरेवा लाइन (एलओसी. 9 से 11) पॉवर लाइन क्रॉसिंग का सुधार. **कार्य की अनुमानित लागत** : ₹4,04,73,882.73. **बोली सुरक्षा** : ₹ 3,52,400/-. **बोली आरंभिक तिथि एवं समय** : 25.08.2025 को. **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय** : 08.09.2025 को 15.00 बजे. अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** का अवलोकन करें. 0496

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

www.credainashik.com

CREDAI NASHIK
PROPERTY expo 2025

TITLE SPONSOR
DEEPAK BUILDERS & DEVELOPERS SINCE 1989

गुरुवार ते सोमवार वेळ : सकाळी 10 ते रात्री 8
14 15 16 17 18 ऑगस्ट 2025

CREDAI NASHIK METRO

नमः नाशिक
प्रॉपर्टीचा महाकुंभ

आज शेवटचा दिवस

80+ डेव्हलपर्स | 500+ प्रोजेक्ट्स | 15 लाख ते 3 कोटी पर्यंतचे प्रॉपर्टी पर्याय | दररोज लकी ड्रॉ

येणारा सिंहस्थ कुंभ मेळा नाशिकसाठी विकास आणि सुधारणा घेऊन येतोय. नव्या विकसित नाशिकमध्ये तुमच्या हक्काच्या प्रॉपर्टीचे स्वप्न वास्तवात आणण्यासाठी, 35 हून अधिक वर्षांच्या विश्वासाची परंपरा असलेली अनुभवी संस्था - **क्रेडाई नाशिक मेट्रो** घेऊन आली आहे नमः नाशिक प्रॉपर्टीचा महाकुंभ 2025. **रो बंगलो, फ्लॅट्स, विला, अपार्टमेंट, NA प्लॉट्स, कमर्शिअल स्पेसेस** सारखे सर्व प्रकारच्या बजेटसाठी नाशिक व परिसरातील विविध लोकेशन्सवरील प्रोजेक्ट्स एकाच छताखाली.

नव्या नाशिकची बलस्थाने

- रिलायन्स लाईफ सायन्सेस (RLS) करणार ₹4,200 कोटींची गुंतवणूक
- नाशिकमध्ये लवकरच येतोय महाराष्ट्रातील तिसरा मल्टी-मोडल लॉजिस्टिक्स पार्क
- आल्हाददायक वातावरण आणि आधुनिकतेचा संगम
- नाशिकमध्ये साकारतेय उत्तर महाराष्ट्रातील पहिले जागतिक दर्जाचे क्रिकेट स्टेडियम
- कुंभाच्या पार्श्वभूमीवर विविध विकासकामे:
  - सरकार करणार 20000 कोटींची गुंतवणुक - एक्सप्रेसवे, रिंग रोड, सिटी रोडचा विकास

Knowledge Session

GREEN KUMBHA "the Sankalp" 2025 — 18th AUG 2025, Time 2 PM to 5 PM

Eco-Sensitive Planning for Kumbha

	SUBJECT	SPEAKER
1	Restoring Nature: Low cost solutions for clean Air, Water & Soil	Mr.Ajit Gokhale, Founder & Leader Natural Solutions
2	Net Zero in Building & Built Environment	Ms.Mamta Rawat, Founder & CEO ClimateNAMA Pvt. Ltd.

PANEL DISCUSSION
Ar. Prajakta Baste, Mr. Dipak Varade, Mr. Krunal Patil

Follow Us On /Credai Nashik Metro /Credainashik

QR CODE स्कॅन करून रजिस्टर करा आणि फ्री एन्ट्री मिळवा

SILVER FORTUNE PARTNER
TEJASWI FROM THE HOUSE OF JMS

keepingsimple.in/AUG25

संपर्क: 8446687767
ठक्कर्स डोम AC सिटी सेंटर मॉल जवळ, नाशिक

ईवीएम से चुनाव आयोग तक

यह तो पूरे देश को पता है कि वर्ष 2014 से जब से भाजपा केन्द्र की सत्ता में आई तभी से कांग्रेस समेत अधिकांश विपक्षी दल ईवीएम के विरूद्ध युद्ध स्तर पर अभियान चलाते रहे। यह आरोप लगाते रहे कि ईवीएम में हेर-फेर के चलते भाजपा सिर्फ केन्द्र में ही नहीं, अधिकांश राज्यों में भी सत्ता में आ रही है। यद्यपि इस सम्बन्ध में कई बार चुनाव आयोग द्वारा स्पष्टीकरण दिया गया कि ऐसा होना संभव नहीं है। इस सम्बन्ध में चुनाव आयोग द्वारा प्रेजेन्टेशन भी दिया गया और उसमें विपक्षी दल के प्रतिनिधियों को भी बुलाया गया ताकि उनके आरोप का परीक्षण हो सके लेकिन उक्त वक्त विपक्षी दलों ने अपने प्रतिनिधि नहीं भेजे। मामला स्पष्ट था कि विपक्षी दलों को भी पता था कि आरोप झूठे हैं पर माहौल बनाने के लिये कि हम हारते नहीं, हराये जाते हैं- इसका औचित्य बताने के लिये ऐसा प्रचारित किया गया। विपक्ष का कहना था कि ईवीएम को छोड़कर बैलेट पेपर से चुनाव होना चाहिए, यानी वह हवाई जहाज के युग से देश को बैलगाड़ी युग में वापस ले जाना चाहते थे। वह चाहते थे कि जैसे पहले बूथ लूटे जाते थे, एक ही व्यक्ति सैकड़ों बैलेट पर ठप्पा लगा देता था, उस दौर की फिर से शुरूआत हो। इसके लिये विपक्षी दल न्यायालय भी गये पर उन्हें वहाँ भी मुँह की खानी पड़ी। बहुत दिन तक जब यह नैरेटिव नहीं चल पाया और उसकी हवा निकल गई तो राहुल गाँधी समेत पूरे विपक्ष ने चुनाव आयोग पर ही हमला शुरू कर दिया और उस पर वोटो की चोरी कराकर भाजपा को जिताने के आरोप लगाने शुरू कर दिये। इसके पूर्व बिहार में निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का अभियान का भारी विरोध हुआ। कुछ ऐसा जैसे कि एसआईआर जैसा अभियान चलाने का चुनाव आयोग को कोई अधिकार ही न हो। बिहार में चुनाव आयोग एसआईआर न कर सके, इसके लिये विपक्षी दलों समेत कुछ भाजपा विरोधी नैरेटिव चलाने चाले सर्वोच्च न्यायालय पहुँच गये पर सर्वोच्च न्यायालय ने चुनाव आयोग के काम पर न तो रोक लगाई और न ही याचिकाकर्ताओं को कोई विशेष राहत ही दी। जहाँ तक इस सम्बन्ध में सर्वोच्च न्यायालय में याचिकाकर्ताओं की आपत्ति है, उसमें उनका कहना है कि जब चुनाव आयोग आधार, राशन कार्ड और वोटर आईडी को नहीं मान रहा है तो दूसरे कागज जो उपलब्ध नहीं है, वह कहाँ से लेकर आयें लेकिन लाख टके की बात यह कि जाति जनगणना के लिये तो कागज मिल सकता है तो इसके लिये क्यों नहीं मिल सकता। अब तो सर्वोच्च न्यायालय ने भी मान लिया है कि आधार, राशन कार्ड, वोटर आईडी नागरिकता तय करने के लिये पर्याप्त नहीं है। अभी हाल में ही बाम्बे उच्च न्यायालय का भी एक ऐसा फैसला सामने आया है जिसमें उसने कहा है कि आधार, राशन कार्ड, पैन कार्ड नागरिकता तय करने के लिये पर्याप्त नहीं है। निर्णायक बात यह कि सर्वोच्च न्यायालय ने भी यह मान लिया है कि वोट जोड़ना और काटना चुनाव आयोग का काम है। जो लोग यह कह रहे हैं कि नागरिकता तय करना चुनाव आयोग का नहीं, गृह मंत्रालय का काम है तो क्या वह चाहते हैं कि कोई भारत का नागरिक भले ही न हो, उसे भी मतदान का अधिकार मिलना चाहिए। आखिर में चुनाव आयोग वोटर का नाम जोड़ने या काटने में एक ही मुख्य मापदण्ड लिया है कि वह व्यक्ति भारतीय नागरिक है या नहीं। सर्वोच्च न्यायालय तो यह भी कह रहा है कि पहले मतदाता सूची के लिये 7 दस्तावेज ही देखे जाते थे. बिहार में चुनाव आयोग 11 दस्तावेजों का परीक्षण कर इसे ज्यादा समावेशी बना रहा है। अब जब बिहार में चुनाव आयोग ने जुलाई के अंत में एसआईआर के तहत वोटर लिस्ट से 65 लाख करीब नाम काट दिये हैं। इसमें मृत वोटरों की संख्या 22 लाख, बिहार के बाहर जो मतदाता लम्बे समय से चले गये हैं, उनकी संख्या 36 लाख और जिन मतदाताओं के नाम दो जगह पर हैं, उनकी संख्या करीब 7 लाख है। कुल मिलाकर बिहार में इसके बाद मतदाताओं की संख्या 7.9 करोड़ से घटकर 7.24 करोड़ रह गई है। चुनाव आयोग का कहना है, एक भी सही मतदाता छूटे ना, एक भी फर्जी मतदाता जुड़े ना लेकिन फर्जी वोटो के सहारे जो चुनाव जीतने की आस लगाये बैठे थे तो वह तो विधवा-विलाप करेंगे ही। गौर करने की बात यह है कि जहाँ पर विपक्षी दल आधार के आधार पर वोटर लिस्ट बनाये जाने की बातें कर रहे हैं, वहाँ बिहार के सीमांचल में किशनगंज में 68.1 प्रतिशत मुस्लिम मतदाता हैं लेकिन आधार 126 प्रतिशत बने हुये हैं। कटिहार में मुस्लिम मतदाता 44.12, अररिया में 43.27 और पूर्णिया में 38 प्रतिशत हैं लेकिन मुस्लिम बहुल इलाकों में 100 लोगो पर पर 123 प्रतिशत कवरेज है जबकि पूरे बिहार में यह आधार कवरेज 94 प्रतिशत है। इससे यह समझा जा सकता है कि यदि आधार के सहारे मतदाता सूचियाँ बनाई गई तो कितना बड़ा फर्जीवाड़ा होगा। राजद, कांग्रेस कमेत विपक्षी दल एसआईआर को एक षड्यंत्र बता रहे हैं, जिसका उद्देश्य गरीब, दलित, पिछड़े वर्ग और अल्पसंख्यकों के अधिकार छीनना है। इसे वह बैकडोर एनआरसी बता रहे हैं, जो एक दिन पूरे देश में लागू की जायेगी जबकि असलियत में यह बांग्लादेशी घुसपैठियों और रोहिंयाओं की घुसपैठ एवं अन्य फर्जी मतदाताओं को बाहर करने का मामला है। अब एक तरफ तो राहुल गाँधी चुनाव आयोग पर वोट चोरी का आरोप लगा रहे हैं, कह रहे हैं कि एक ही पते पर कई वोटर्स, डुप्लीकेट और फेक वोटर हैं। कई के मकान नम्बर 0 है। वह तो यहाँ तक कहते हैं कि मोदी वोट चोरी करके प्रधानमंत्री बने हैं। यदि राहुल गाँधी की बाते आंशिक रूप से भी सच है तो फिर देश में मतदाता सूचियों को गहन परीक्षण की जरूरत है। यह बात और है कि जब चुनाव आयोग राहुल गाँधी से इस सम्बन्ध में शपथ-पत्र माँगता है तो वह शपथ-पत्र पर अपने आरोप लगाने को तैयार नहीं क्योंकि शपथ-पत्र झूठा होने पर 7 वर्ष तक की सजा का प्रावधान है। संसद को कई दिनों से बाधित कर रखा है और तमाम उल्टे सीधे आरोप लगा रहा है पर शपथ-पत्र पर अपनी बात कहने को तैयार नहीं।

कटाक्ष | सुरेश मिश्र

रहे जोहते हम सभी, बीती सारी रात
दो वीरों के बीच में, नहीं बन सकी बात
नहीं बन सकी बात, ढाक के तीन पात-सी
नॉबेल का सम्मान, अहक रह गई तात की
कह सुरेश कविराय सुभट यूं नहीं सोहते
कौन लुटेगा माय, जिलेंस्की रहे जोहते

देश-दुनिया को मोदी का स्पष्ट संदेश

स्वतंत्रता दिवस के मौके पर प्रधानमंत्री के संबोधन का इंतजार हर साल ये देश करता है क्योंकि इस मौके पर प्रधानमंत्री देश को विशेष संदेश देते हैं। इस बार इस संबोधन का इंतजार कुछ ज्यादा था क्योंकि देश घरेलू और बाहरी मोर्चे पर कई बड़ी चुनौतियों का सामना कर रहा है। मेरा मानना है कि मोदी के कार्यकाल में देश के सामने इतनी बड़ी चुनौतियां पहले कभी नहीं आई थी। मोदी जी ने जिस दृढ़ता और आत्मविश्वास के साथ इन चुनौतियों को स्वीकार किया है, उससे लगता है कि वो जानते हैं इन घरेलू और बाहरी चुनौतियों का सामना कैसे करना है। वो यह भी जानते हैं कि देश को वो इन चुनौतियों से पार ले जाएंगे। दुनिया की सबसे बड़ी आर्थिक, राजनीतिक और सैन्य शक्ति अमेरिका के राष्ट्रपति भारत को खुली धमकियां दे रहे हैं लेकिन मोदी जी ने लाल किले की प्राचीर से यह घोषणा कर दी कि वो देश के किसानों, मछुआरों और पशुपालकों के हितों के लिए दीवार बन कर खड़े हैं। उन्होंने न केवल भारत के सामने खड़ी चुनौतियों का जिक्र किया बल्कि स्पष्ट रूप से बताया कि वो इन चुनौतियों से निपटने के लिए क्या करने वाले हैं। एक तरफ उन्होंने देश के दुश्मनों को जवाब दिया तो दूसरी तरफ देश की जनता को आश्वासन दिया कि देश मजबूती से इन चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार है। उन्होंने एक तरह से देश और दुनिया के भारत विरोधियों के खिलाफ युद्ध की घोषणा कर दी है। यही कारण है कि उन्होंने न केवल पाकिस्तान और अमेरिका को संदेश दिया बल्कि नक्सलवादियों, घुसपैठियों और आतंकवादियों को भी चुनौती दे दी। उनकी बॉडी लैंग्वेज जबरदस्त थी और वो गजब आत्मविश्वास और दृढ़ता से भरे हुए दिखाई दिए। मोदी जी ने अपने भाषण में कहा कि भारत के लिए अब आत्मनिर्भर बनने के अलावा कोई रास्ता नहीं है। अगर हम हथियारों के मामले में आत्मनिर्भर नहीं होते तो ऑपरेशन सिंदूर इतना सफल नहीं हो सकता था। देखा जाए तो भारत की जनसंख्या को देखते हुए कोई भी देश भारत की मांग पूरी नहीं कर सकता।

> मोदी जी ने जिस दृढ़ता और आत्मविश्वास के साथ इन चुनौतियों को स्वीकार किया है, उससे लगता है कि वो जानते हैं इन घरेलू और बाहरी चुनौतियों का सामना कैसे करना है। वो यह भी जानते हैं कि देश को वो इन चुनौतियों से पार ले जाएंगे। मोदी जी ने लाल किले की प्राचीर से यह घोषणा कर दी कि वो देश के किसानों, मछुआरों और पशुपालकों के हितों के लिए दीवार बन कर खड़े हैं।

अगर हम अंतरराष्ट्रीय बाजार पर निर्भर रहे तो हमारा शोषण होता रहेगा क्योंकि दुनिया में आर्थिक स्वार्थ वाले देशों की संख्या बढ़ रही है। उन्होंने अपना स्पेस स्टेशन बनाने की बात कही और इस साल के अंत तक भारत की पहली सेमीकंडक्टर चिप्स बाजार में आने की बाद कही। उन्होंने अमेरिका और चीन को संदेश दे दिया कि इस मामले में भारत आप पर निर्भर नहीं रहेगा। उन्होंने कर प्रणाली में बड़े सुधार कर जनता को दिवाली तक टैक्स के बोझ से राहत देने की बात कही है। इस साल भारत सरकार आयकर में पहले ही जनता को बड़ी राहत दे चुकी है। इससे भारत सरकार देश में विनिर्माण और निर्यात को बढ़ाना चाहती है। इस घोषणा के बाद ही भारत सरकार ने जीएसटी की दरों में संशोधनों से जुड़ा प्रस्ताव राज्यों को भेज दिया है। इस प्रस्ताव के अनुसार जीएसटी की अब चार की जगह सिर्फ दो दरें 5 और 18 प्रतिशत की ही होंगी। उन्होंने एक बात कही है कि संकटों के सामने हम रोयेंगे नहीं और न ही किसी की लाइन छोटी करेंगे बल्कि हम अपनी बड़ी लाइन खीचेंगे। इसलिए उन्होंने डॉलर को कमजोर करने की जगह अपनी रुपये को मजबूत करने की बात कही। उन्होंने अपना फाइटर जेट बनाने की बात भी कही। इसके अलावा निजी क्षेत्र में पहली नौकरी पाने वालों को पन्द्रह हजार की प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा भी की। उन्होंने कहा कि सरकार निजी क्षेत्र में रोजगार के ज्यादा अवसर दिलाने के लिए करीब एक लाख करोड़ रुपये खर्च करेगी। देश की आत्मनिर्भरता के लिए प्रेरित करते हुए मोदी जी ने फार्मा उद्योग को भी नवाचार का पाठ पढ़ाया। उन्होंने याद दिलाया कि कोविड काल में आपदा को अवसर बनाते हुए भारत ने मानव जाति का कल्याण किया। आत्मनिर्भर भारत के व्यापक विजन में उन्होंने उर्वरक उत्पादन को तरजीह देते हुए कहा कि देश अब दूसरे देशों पर आश्रित नहीं रहेगा। रक्षा एवं ऊर्जा क्षेत्र में स्वावलंबन के प्रयासों की तरह ही खाद्य सुरक्षा के लिए उर्वरक में भी आत्मनिर्भरता जरूरी है। अमेरिका भारत को लगातार टैरिफ वॉर से डराने की कोशिश कर रहा है लेकिन मोदी जी ने लाल किले से बता दिया कि भारत किसी से डरने वाला नहीं है। अमेरिका भारत को रूस से तेल खरीदने के कारण भारी टैरिफ लगाने की धमकी दे रहा है लेकिन सच्चाई यह है कि वो भारत के कृषि, मत्स्य पालन और डेयरी उद्योग में अपनी कंपनियों की एंट्री चाहता है। उन्होंने बिना अमेरिका का नाम लिए उसे संदेश दे दिया कि भारत किसानों, मछुआरों और डेयरी क्षेत्र के हितों से कभी समझौता नहीं करेगा। उन्होंने देश में मौजूद इस वर्ग और अमेरिका को बता दिया है कि कोई भी शक्ति उनसे इन समुदायों के लिए अहितकारी फैसले नहीं करवा सकती। उन्होंने कहा कि इसके लिए वो व्यक्तिगत रुप से बड़ी कीमत चुकाने को तैयार हैं। वास्तव में अमेरिका अपनी बड़ी कंपनियों को लाकर भारत के कृषि, मत्स्य पालन और डेयरी क्षेत्र पर कब्जा चाहता है। इससे शुरू में अमेरिका अपने बेहद सस्ते उत्पाद देगा ताकि इन क्षेत्रों में कब्जा किया जा सके फिर बाद में कई गुना कीमत बढ़ाकर भारतीय जनता का शोषण करेगा। पाकिस्तान की तरफ इशारा करते हुए उन्होंने कहा कि पानी और खून एक साथ नहीं बह सकते क्योंकि पाकिस्तानी नेता पिछले कई दिनों से भारत को पानी रोकने पर युद्ध की धमकी दे रहे हैं। उन्होंने अमेरिका को भी संदेश दे दिया कि वो पाकिस्तान को न भड़काए क्योंकि आजकल पाकिस्तान अमेरिका की गोद में ही बैठा हुआ है और वहीं से बैठकर भारत को परमाणु हमले की धमकी दे रहा है। उन्होंने पाकिस्तान और अमेरिका को बता दिया कि भारत अब परमाणु बम की धमकी से ब्लैकमेल नहीं होगा। इसके अलावा उन्होंने संदेश दे दिया कि भारत नॉन स्टेट एक्टर और स्टेट में कोई अंतर नहीं करेगा। इससे स्पष्ट है कि भारत आतंकवादी हमले पर पाकिस्तान को बड़ा जवाब दे सकता है। मोदी जी के संबोधन से स्पष्ट हो गया है कि वो सुरक्षा के बिना विकास को महत्व नहीं देते हैं इसलिए उन्होंने आतंकवादियों, नक्सलवादियों और घुसपैठियों के खिलाफ कार्यवाही करने की बात कही है। पहली बार उन्होंने कहा कि भारत की डेमोग्राफी बदलने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने घुसपैठियों को भारत के लिए बड़ा खतरा बताया और कहा कि ये लोग हमारे युवाओं का रोजगार छीन रहे हैं। इसके अलावा उन्होंने कहा कि ये लोग हमारी बहन-बेटियों की सुरक्षा के लिए खतरा हैं और हमारी जमीनों पर कब्जा कर रहे हैं। मेरा मानना है कि ये समय घुसपैठियों के खिलाफ कार्यवाही करने के लिए सबसे बढ़िया है क्योंकि अमेरिका और यूरोपीय देश भी घुसपैठियों को अपने देश से बाहर निकाल रहे हैं। इसके अलावा पाकिस्तान और ईरान ने भी अफगानियों को अपने देश से बाहर निकालना शुरू कर दिया है।

- राजेश कुमार पासी

आवारा कुत्तों से परेशान हैं लोग

रात में घर लौटना चोरों, लुटेरों या ड्रग एडिक्ट्स का नहीं, बल्कि आवारा और आवारा कुत्तों के उपद्रव का खतरनाक होता जा रहा है। लेकिन हाल ही में, कुत्तों के इस झुंड ने कई लोगों के जीवन को भी खतरे में डाल दिया है। समस्या किसी एक क्षेत्र तक सीमित नहीं है। इसने सुप्रीम कोर्ट को आवारा कुत्तों की समस्या पर अपनी याचिका दायर करने के लिए मजबूर किया है। इससे समस्या की गंभीरता का पता चलता है। हमारे देश में कुत्ते प्रेमियों की एक महत्वपूर्ण संख्या है। ये कुत्ता प्रेमी अपने घरों में नहीं, बल्कि सड़कों पर इन कुत्तों की देखभाल करना चाहते हैं। हम चौक में आवारा कुत्तों को खाना खिलाना चाहते हैं। एक तरफ कुत्तों द्वारा किए गए उपद्रव की जिम्मेदारी नहीं लेने और दूसरी तरफ कुत्तों के खिलाफ कार्रवाई करने, उनके खिलाफ कार्रवाई करने, सड़कों पर प्रदर्शन करने, अदालत का दरवाजा खटखटाने की घटनाओं में वृद्धि हुई है। रात में, अभिजात वर्ग अपने वाहनों में भोजन के साथ सड़कों पर चलने वाले आवारा कुत्तों की तलाश करता है। जबकि दिल्ली में काटने की संख्या बढ़ रही है, इस साल जनवरी और जून के बीच 65,000 से अधिक कुत्तों की नसबंदी और टीकाकरण किया गया है। रात में कचरा इकट्ठा करने वाले, कचरा परिवहन कर्मचारी, धुआं बीनने वाले, धुआं नियंत्रण कार्यकर्ता और जो लोग नगरपालिका न्यायालयों में नागरिक शिकायतों और नागरिक सुविधाओं को प्रदान करने के लिए काम करते हैं, उन्हें महीने में कई बार कुत्तों के हमलों का सामना करना पड़ता है। सरकार द्वारा सर्वोच्च न्यायालय में प्रस्तुत आंकड़ों के अनुसार, भारत में हर साल कुत्ते के काटने के 37 मामले होते हैं। एक लाख से अधिक घटनाएं होती हैं; रेबीज से 305 लोग मरते हैं। अकेले नसबंदी पर्याप्त नहीं है, अब मानव जीवन की रक्षा करना आवश्यक है। हालांकि 3.17 मिलियन का आंकड़ा प्रलेखित है, संख्या अधिक होने की संभावना है। ग्रामीण से शहरी क्षेत्रों तक कचरे के डिब्बे आवारा कुत्तों का घर बन गए हैं। संबंधित व्यक्ति न्यायालय में पंजीकरण कराने और प्रशासन को शुल्क का भुगतान करने में आनाकानी कर रहे हैं। अक्सर बचपन से ही कुछ ऐसे तत्व घर में कुत्ते पालते थे, बाद में उन्हीं कुत्तों को सड़क पर

छोड़ दिया जाता है। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद कि दिल्ली में आवारा कुत्तों को आश्रय स्थलों में रखा जाए, मुंबई में आवारा कुत्तों की सुरक्षा की मांग अब मुंबई, ठाणे, कल्याण-डोंबिवली, पनवेल, उरण, नवी मुंबई, बदलापुर, अंबरनाथ, वसई-विरार के मुंबईकरों से शुरू हो गई है। हमलों की समस्या गंभीर हो गई है। जब स्थानीय प्रशासन नसबंदी के लिए कुत्तों को पकड़ने का अभियान शुरू करता है, तो ये कुत्ता प्रेमी आवारा कुत्तों को छतों पर और सोसायटियों के परिसर में छिपा देते हैं। पिछले 15 वर्षों में, 12.73 लाख मुंबईकरों को आवारा कुत्तों ने और 1,35,253 मुंबईकरों ने 2024 में काटा है। आवारा कुत्तों की नसबंदी कर उन्हें भी आश्रय स्थलों में शिफ्ट करने की मांग की जा रही है। 2014 की जनगणना के अनुसार, मुंबई में 95,174 आवारा कुत्ते थे। पिछले 11 सालों में मुंबई में आवारा कुत्तों की संख्या कुछ लाख तक पहुंच गई है। पिछले 22 सालों में मुंबई में 16.60 लाख आवारा कुत्तों की समस्या पैदा हुई है। हर साल बीएमसी इन आवारा कुत्तों की नसबंदी करती है। हालांकि, यह मुद्दा हर मानसून में सामने आता है। आवारा कुत्तों की समस्या के नियंत्रण से बाहर होने से पहले उसके समाधान की मांग की जा रही है। मुंबई में कई विधायकों ने न केवल निर्वाचन क्षेत्र में बल्कि शहर और उपनगरों में भी आवारा कुत्तों पर अंकुश लगाने के लिए बीएमसी के साथ ताहो तोड़ दिया है। इसकी मांग की गई है। इसने यह भी दावा किया है कि इससे कुत्तों के हमलों की घटनाओं में कमी आएगी और सार्वजनिक सुरक्षा के लिए बढ़ती चिंता को कम करने में मदद मिलेगी। 2009 और 2024 के बीच, आवारा कुत्तों के नियंत्रण पर 24.03 करोड़ रुपये खर्च किए गए थे। आवारा कुत्तों की समस्या मुंबई के पास नवी मुंबई में भी है। लिया। दीघा, ऐरोली और घनसोली के साथ-साथ मिडक इलाकों और गांव में विभाजन से दहशत अधिक है। रात में नवी मुंबई में आवारा कुत्तों के गिरोह घूमते नजर आते हैं। देर रात घर आने वालों के मन में आवारा कुत्तों का डर बढ़ गया है। हालांकि, इस समस्या का समाधान खोजने की कोशिश कर रहे प्रशासन के लिए नागरिकों से सहयोग हासिल करना भी उतना ही जरूरी है। यूरोप के इस देश नीदरलैंड ने एक व्यापक वेलफेयर-फर्स्ट रणनीति अपनाई। पेट स्टोर से पालतू खरीदने पर भारी टैक्स लगाया गया ताकि लोग शेल्टर से गोद लेने को प्रोत्साहित हों। सरकार ने CNVR प्रोग्राम (Collect, Neuter, Vaccinate, Return) शुरू किया, जिसमें आवारा कुत्तों की मुफ्त नसबंदी और टीकाकरण किया जाता है। कड़े एंटी-क्रुएल्टी कानून और भारी जुर्माने लागू किए गए। साथ ही रेस्क्यू और कानून लागू करने के लिए समर्पित एनिमल वेलफेयर यूनिट बनाई गई। देशव्यापी गोद लेने के अभियान और पब्लिक अवेयरनेस से जिम्मेदार पेट ओनरशिप को बढ़ावा दिया गया। मोरक्को में हर साल करीब 1 लाख लोग कुत्तों के काटने का शिकार होते हैं। 2019 में सरकार ने Trap-Neuter-Vaccinate-Release (TNVR) प्रोग्राम शुरू किया। इसमें आवारा कुत्तों को पकड़कर नसबंदी और रेबीज का टीका लगाया जाता है, फिर उन्हें आईडी टैग के साथ उसी इलाके में छोड़ दिया जाता है ताकि लोग जान सकें कि वे सुरक्षित हैं। मोरक्को के गृह मंत्री ने आवारा कुत्तों की आबादी को नियंत्रित करने के लिए 100 मिलियन डॉलर का बजट घोषित किया। इसके तहत 130 कम्यूनल हाइजीन ऑफिस खोले गए, जिनमें 60 डॉक्टर, 260 नर्स, 260 हेल्थ टेक्नीशियन और 130 वेटरिनेरियन नियुक्त किए गए, ताकि 1244 नगरपालिकाओं में शेल्टर मैनेज किए जा सकें।हालांकि, देश को एक्टिविस्ट्स और एनिमल राइट्स ग्रुप्स की आलोचना झेलनी पड़ी, जिन्होंने आरोप लगाया कि सरकार 2030 FIFA वर्ल्ड कप से पहले गुपचुप तरीके से कुत्तों को मार रही है।

- अशोक भाटिया

ब्रितानिया हुकूमत को चुनौती देने वाली आशा सहाय

आज़ाद हिंद फौज की महिला रेजिमेंट 'रानी झांसी रेजिमेंट' की सेकेंड लेफ्टिनेंट आशा चौधरी ने 97 वर्ष की उम्र में 12 अगस्त 2025 की रात 11:55 बजे अंतिम सांस ली। वह द्वितीय विश्व युद्ध के इतिहास के सबसे मार्मिक अध्यायों में से एक के जीवंत सेतु थीं वह। आज़ाद हिंद फ़ौज की लड़ाकू महिला इकाई रानी झाँसी रेजिमेंट एक योद्धा थी। उनका जीवन भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की कहानी का एक पन्ना मात्र नहीं था, बल्कि उस साहस, बलिदान और अदम्य साहस का एक ज्वलंत प्रमाण था। वावजूद इसके यह विडंवना रहा कि राज्य की राजधानी पटना में निधन हुआ लेकिन निधन के बाद जिस राजकीय सम्मान की हकदार रहीं, उससे सरकार ने वचिंत कर दिया। ये है सरकारी सांस्कृतिक वोध जबकि एक माह पूर्व बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने राजभवन में उन्हें सम्मानित किया था। जापान के कोबे में दो फरवरी 1928 को जन्म लेने वाली भारती ने घूम-घूम कर आजादी का नारा दिया था। लेफ्टिनेंट सहाय की यात्रा चुनौती और प्रेरणा से भरी रही। उनके पिता आनंद मोहन सहाय आज़ाद हिंद सरकार के मंत्रिमंडल में मंत्री थे और नेताजी सुभाष चंद्र बोस के राजनीतिक सलाहकार थे। आशा की मुलाकात नेताजी से उनकी माँ सती सेन सहाय के साथ तब हुई जब वह 15 साल की थीं। उन्हें औपचारिक रूप से 1945 की शुरुआत में झांसी की रानी रेजिमेंट में शामिल किया गया था। उन्होंने बैंकॉक में प्रशिक्षण लिया और जापानी आत्मसमर्पण के बाद उन्हें जेल में डाल दिया गया। अप्रैल 1946 में वह अपने पिता से फिर से मिलीं। अदम्य कैप्टन लक्ष्मी सहगल के नेतृत्व में रानी झाँसी रेजिमेंट का हिस्सा बनकर, उन्होंने और उनके जैसी कई युवतियों ने लिंग, जाति और धर्म की बेड़ियों को तोड़ दिया और औपनिवेशिक उत्पीड़न के खिलाफ लड़ाई में भारतीय नारी शक्ति के प्रतीक के रूप में खड़ी रहीं। हर कदम पर, उन्होंने और उनके साथियों ने हुकूमत-ए-ब्रितानिया की ताकत को चुनौती दी, प्रतिरोध की एक ऐसी आग जलाई जिसने अनगिनत लोगों को साम्राज्यवाद के खात्मे के संघर्ष में शामिल होने के लिए प्रेरित किया। उनका साहस एक स्पष्ट आह्वान था जिसने साबित कर दिया कि किसी भी राष्ट्र की आज़ादी की लड़ाई का मर्म कोई सीमा नहीं जानता। भारत की आज़ादी का मार्ग बलिदानों से प्रशस्त हुआ था और उसमें नेताजी सुभाष चंद्र बोस के आज़ाद हिंद फ़ौज का महत्वपूर्ण योगदान था। नेताजी सुभाष चंद्र बोस की क्रांतिकारी दृष्टि ने आजाद हिंद फौज को जन्म दिया, एक ऐसा आंदोलन जिसने एक राष्ट्र और उसके सशस्त्र बलों की नियति को नया रूप दिया। 1945 के आज़ाद हिंद फौज के मुकदमों और 1946 के विद्रोहों ने ब्रिटिश शासन की नींव हिला दी जिससे साम्राज्य का पतन और दुनिया भर में उसकी औपनिवेशिक पकड़ का पतन तेज़ हो गया क्योंकि ब्रिटिश भारतीय सशस्त्र बलों का इस्तेमाल उपनिवेशवाद को लागू करने के लिए किया गया। लेफ्टिनेंट सहाय और उनके साथी योद्धा इस क्रांतिकारी बदलाव के केंद्र में थे, उनकी बहादुरी ने एक ऐसी विरासत को जन्म दिया जिसकी गूंज भारत की सीमाओं से परे तक फैली।

- कुमार कृष्णन

आज का कार्टून

साभार

सबको मिले निःशुल्क उपचार और पढ़ने का मौका

आज़ादी के समय देश के संविधान-निर्माताओं ने शिक्षा और स्वास्थ्य को हर नागरिक का मूल अधिकार माना। लेकिन नीतियों के बदलाव और बाज़ार के बढ़ते दखल ने इस सोच को धुंधला कर दिया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत का हालिया बयान इस मुद्दे को फिर चर्चा में ले आया है कि शिक्षा और चिकित्सा अब आम आदमी की पहुंच से बाहर होती जा रही है। निःशुल्क और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा-स्वास्थ्य ऐसा निवेश है जो भारत को एक साथ समृद्धि, समानता और स्थिरता की राह पर ले जा सकता है। हमारे संविधान-निर्माताओं ने सपना देखा था कि आजाद भारत का हर नागरिक स्वस्थ और शिक्षित होगा। तय हुआ कि शिक्षा और स्वास्थ्य की जिम्मेदारी सरकार की होगी। अगर हमें गरीबी, अशिक्षा और बीमारी के चक्रव्यूह से निकलना है तो शिक्षा और स्वास्थ्य को हर नागरिक तक निःशुल्क और समान रूप से पहुंचना होगा। लेकिन पिछले आठ दशक में, इस सोच की जगह धीरे-धीरे बाज़ार-आधारित नीतियों ने ले ली। सरकारी संस्थान, जिन्हें मज़बूती से खड़ा होना चाहिए था, उन्हें उपेक्षित छोड़ दिया गया। निजी क्षेत्र के लिए दरवाज़े इस तरह खोले गए कि शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा धीरे-धीरे सबसे महंगे कारोबारों में बदल गए। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत का हालिया बयान इस विषय को फिर से राष्ट्रीय बहस के केंद्र में ले आया है। उन्होंने इसी सप्ताह के शुरू में इंदौर में साफ कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य आम आदमी की पहुंच से बाहर होते जा रहे हैं। स्कूल और अस्पताल, जो पहले सेवा और समाज-निर्माण के प्रतीक थे, अब मुनाफाखोरी के केंद्र बन गए हैं। आज हालत यह है कि एक मध्यमवर्गीय पिता अपने बच्चे की पढ़ाई के लिए या अपनी बीमारी के इलाज के लिए घर गिरवी रखने या बेचने तक को मजबूर हो जाता है। यह विडंबना ही है कि जिन दो चीज़ों से इंसान का जीवन संवर सकता है—शिक्षा और स्वास्थ्य—वे ही उसकी सबसे बड़ी आर्थिक मुसीबत बन चुकी हैं। अस्पताल और स्कूल की संख्या तो बढ़ रही है, नए भवन, आधुनिक मशीनें और एयर-कंडीशन कैंपस भी दिखते हैं, लेकिन उनकी फीस और खर्च इतने ज्यादा हैं कि आम आदमी वहां कदम रखने से पहले सौ बार सोचता है। अगर हम शिक्षा और स्वास्थ्य को निःशुल्क कर दें, तो इसके लाभ केवल सामाजिक ही नहीं, बल्कि आर्थिक रूप से भी क्रांतिकारी होंगे। सबसे बड़ा फायदा होगा गरीबी पर सीधा प्रहार। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार भारत में हर साल लगभग 6 करोड़ लोग केवल इलाज के खर्च के कारण गरीबी रेखा से नीचे चले जाते हैं। अगर स्वास्थ्य सेवा मुफ्त हो जाए तो यह सिलसिला लगभग खत्म हो सकता है। शिक्षा के मामले में भी यही सच है। महंगी फीस के कारण लाखों प्रतिभाशाली छात्र अपनी पढ़ाई बीच में छोड़ देते हैं। मुफ्त शिक्षा से यह प्रतिभा व्यर्थ नहीं जाएगी बल्कि देश के विकास में लगेगी। यह कदम समाज में समान अवसर सुनिश्चित करेगा। अभी एक अमीर परिवार का बच्चा बेहतरीन स्कूल और हॉस्पिटल का लाभ ले सकता है जबकि गरीब का बच्चा सरकारी स्कूल में टूटी बेंच पर बैठकर पढ़ता है और बीमार पड़ने पर सरकारी अस्पताल में लंबी लाइन में खड़ा होता है। मुफ्त और गुणवत्तापूर्ण सेवाएं इस खाई को पाटेंगी। यह केवल नैतिक नहीं बल्कि व्यावहारिक भी है—क्योंकि एक समान अवसर वाला समाज अधिक स्थिर और प्रगतिशील होता है। एक स्वस्थ और शिक्षित जनसंख्या देश के मानव संसाधन को सबसे बड़ी पूंजी में बदल देती है। 21वीं सदी में, जब ज्ञान और तकनीक ही शक्ति के असली स्रोत हैं तो एक अनपढ़ या बीमार समाज वैश्विक प्रतिस्पर्धा में पिछड़ जाएगा। आज जापान, दक्षिण कोरिया और फिनलैंड जैसे देश इसलिए आगे हैं क्योंकि उन्होंने दशकों पहले शिक्षा और स्वास्थ्य में भारी निवेश किया। लेकिन इस दिशा में आगे बढ़ने से पहले हमें मौजूदा चुनौतियों का सामना करना होगा। सबसे बड़ी चुनौती है—अत्यधिक व्यावसायीकरण। निजी स्कूलों और अस्पतालों ने सेवा-भाव की जगह मुनाफे को अपना लक्ष्य बना लिया है। शिक्षा के नाम पर हर साल फीस में बेहिसाब बढ़ोतरी होती है। अस्पतालों में मरीज़ से अनावश्यक टेस्ट कराए जाते हैं, महंगे पैकेज बेचे जाते हैं। दूसरी बड़ी चुनौती है—सरकारी निवेश की कमी। भारत में शिक्षा पर सकल घरेलू उत्पाद का केवल करीब 3.1% और स्वास्थ्य पर 2.9% खर्च होता है, जबकि विश्व औसत 4% से अधिक है और विकसित देशों में यह 6-10% है।

- राजेश जैन

पीएम मोदी 22 अगस्त को करेंगे 6 लेन गंगा ब्रिज का उद्घाटन

मोकामा से सिमरिया के बीच फर्राटा भरेंगी गाड़ियां

महानगर नेटवर्क

बेगूसराय

औंटा घाट-सिमरिया 6 लेन गंगा ब्रिज बनकर तैयार हो गया है. 22 अगस्त को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बिहार दौरा है और वे इसी दिन इस ब्रिज का उद्घाटन करेंगे. इस ब्रिज के बनने से लोगों को सफर में बड़ी सहूलियत होगी. यह पुल मोकामा के औंटा और बेगूसराय के सिमरिया को जोड़ेगा. औंटा-सिमरिया पुल की लम्बाई 1.865 किलोमीटर है. पहुंच पथ के साथ परियोजना की कुल लंबाई 8.150 किलोमीटर है.

1871 करोड़ रूपये की लागत से तैयार

इस परियोजना की कुल लागत 1871 करोड़ रूपये है. इस पुल के बन जाने से उत्तर और दक्षिण बिहार की का रेल-सह-सड़क पुल था. इस ब्रिज के बन जाने से पटना से मोकामा बेगूसराय होते हुए खगड़िया तक 4 लेन संपकर्त्ता सुनिश्चित हो गई है.

नहीं झेलनी पड़ेगी जाम की समस्या

राजेंद्र पुल पर जाम की समस्या लोग वर्षों से झेलते आ रहे हैं. अब नया सिक्स लेन पुल चालू होगा तो इस पर गाड़ियां फर्राटा भरेंगी. पूर्णिया-भागलपुर समेत अन्य जिलों के लोगों को पटना जाने में अब यहां जाम का झंझट नहीं झेलना पड़ेगा. मालूम हो पटना से बख्तियारपुर 4 लेन रोड चालू है. वहीं, सिमरिया से खगड़िया तक का फोर लेन सड़क का चौड़ीकरण पूरा हो चुका है. साथ ही खगड़िया से पूर्णिया रोड को फोर लेन सड़क की योजना पर भारत सरकार काम कर रही है.

तालाब में डूबीं मां और दो बेटी

एक-दूसरे को बचाने में तीनों की हुई मौत

महानगर नेटवर्क

औरंगाबाद

औरंगाबाद में एक दर्दनाक हादसे में एक महिला और उसकी दो बेटियों की मौत हो गयी। घटना रफीगंज प्रखंड के ठेकही गांव की है। जब रविवार को एक लड़की तालाब में डूबने लगी, जिसे बचाने के चक्कर में उसकी मां भी डूबने लगी। मां और बहन दोनों को डूबता देखकर घर की बड़ी बेटी भी तालाब में कूदीं, लेकिन तीनों की मौत डूबने से हो गयी।

एक-दूसरे को बचाने में तीनो डूबे

एक ही परिवार के तीन सदस्यों की डूबने से मौत की यह घटना तब हुई जब 10 वर्षीय छोटी बेटी को बचाने के लिए बड़ी बहन तालाब में कूदी और वह खुद डूबने लगी। यह देखकर उसकी मां भी उसे बचाने के लिए तालाब में कूद गई। घटना औरंगाबाद जिले के कासमा थाना क्षेत्र के ठेकही गांव की है। मृतकों में अखिलेश यादव की पत्नी अनीता देवी और उनकी बेटियां प्रतिमा कुमार और रिंकी कुमारी है।

गुजरात में मजदूरी करता है घर का मुखिया

अनिता देवी के पति और दोनों बेटियों के पिता अखिलेश यादव गुजरात में रहकर प्राइवेट कंपनी में नौकरी कर रहे हैं। हालांकि ग्रामीणों ने पुलिस को शव उठाने से मना कर दिया है और मुआवजा की मांग करने लगे।मिली जानकारी के अनुसार, अखिलेश यादव की बड़ी बेटी प्रतिमा की शादी तीन साल पहले मदनपुर प्रखंड के खुटीडीह गांव निवासी कपिल यादव से हुई थी। वह दो वर्ष के एक बच्चे की मां थी।

पैर धोने में फिसली बच्ची, बाद में मां-बेटी ने लगायी छलांग

मिली जानकारी के अनुसार, 10 वर्षीय रिंकी कुमारी तालाब में पैर धो रही थी, तभी उसका पैर फिसल गया और वह तालाब में गिरकर डूबने लगी। तभी उसकी 45 वर्षीय मां अनिता देवी ने बेटी को बचाने के लिए छलांग लगा दी, लेकिन दोनों डूबने लगे तो बड़ी बेटी 25 वर्षीय प्रतिमा देवी ने भी तालाब में छलांग लगा दी । एक दूसरे को बचाने में तीनों डूब गए।



हादसे ने परिवार को तबाह किया

घटना की सूचना पर कासमा थाना की पुलिस पहुंची ,जिसके बाद स्थानीय लोगों ने शवों को बाहर निकाला। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और शवों को पोस्टमॉर्टम की प्रक्रिया में जुट गई। इस हादसे में कुछ ही मिनटों में पूरे घर को उजाड़ दिया।

लागल-लागल झुलनिया में धागा, बलम कलकत्ता चला

पुराने अंदाज में लौटे लालू यादव

महानगर नेटवर्क

पटना

महागठबंधन की वोट अधिकार यात्रा का आगाज रविवार सासाराम से हुआ। जिसमें राहुल गांधी-तेजस्वी यादव समेत अलायंस के बड़े दिग्गज नेता शामिल हुए। आरजेडी के राष्ट्रीय लालू यादव भी इस यात्रा में शामिल हुए। इस दौरान उनका ठेट अंदाज दिखा। भोजपुरी गाने की लाइने कहककर उन्होने बीजेपी पर हमला बोला।

लालू ने भाजपा पर वोट चोरी का आरोप लगाया। लालू ने कहा कि 'लागल-लागल झुलनिया में धागा, बलम कलकत्ता चला' जिसका अर्थ है कि विरोधी को ऐसा धक्का देंगे कि वो बहुत दूर चला जाएगा। लालू यादव पहले अपनी सभाओं में इन गाने को गुनगुनाते थे।

अपने संबोधन ने लालू ने राहुल गांधी जिंदाबाद, मल्लिकार्जुन खरगे जिंदाबाद और तेजस्वी यादव जिंदाबाद के नारे लगाए। आरजेडी चीफ लालू यादव ने कहा कि वोट चोरों को हटाइए, भाजपा को भगाइए और इंडिया गठबंधन को जिताएं। किसी भी कीमत पर भाजपा को हटाना है। भाजपा वोट की चोरी कर रही है। इसे सत्ता में नहीं रहने देना है। सब लोग एक हो जाएं। एक होकर इस सरकार को उखाड़ फेंकना है, और लोकतंत्र को मजबूत करना है।

हड़ताल पर गए अमीनों की नौकरी जाएगी

दफ्तर में एंट्री बैन, ऐक्शन में नीतीश सरकार

महानगर नेटवर्क

पटना

बिहार में चल रहे राजस्व महाभियान के दौरान हड़ताल पर गए अमीनों पर नीतीश सरकार ऐक्शन के मूड में आ गई है। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने हड़ताली अमीनों का लॉगिन अकाउंट निरस्त कर दिया है। उन्हें सरकारी कामों से हटाते हुए कार्यालयों में भी प्रवेश पर रोक लगा दी गई है। इसके साथ ही राज्य सरकार उन्हें नौकरी से बर्खास्त कर नए अमीन बहाल करने की योजना बना रही है। बता दें कि 16 अगस्त से शुरू हुआ राजस्व महाभियान 20 सितंबर तक चलेगा।

अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह ने कहा कि विभाग ने कहा कि हड़ताल पर गए अमीनों का लॉगिन अकाउंट तत्काल प्रभाव से निरस्त करके उन्हें हर प्रकार की सरकारी जिम्मेदारी से वंचित किया जाएगा। सभी बंदोबस्त पदाधिकारियों को इस संबंध में निर्देश दिया गया है। ऐसे विशेष सर्वेक्षण अमीनों की नौकरी निरस्त कर बहाली की प्रक्रिया पुनः कराने के लिये भी विभाग विचार कर रहा है।

20 सितंबर तक राजस्व महाभियान

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग की ओर से जमीन के कागजात सही कराने के लिए 20 सितंबर तक राज्य में महाभियान चला रहा है। इसकी शुरुआत 16 अगस्त से की गई है। इस अभियान के तहत गांव-कस्बों में शिविर लगाए जाएंगे। अगर किसी व्यक्ति के जमीन के खाता, खेसरा, रकबा, जमाबंदी आदि कागजातों में गड़बड़ है। या जमाबंदी ऑनलाइन नहीं हुई है, तो ये सभी काम उस शिविर में करवा सकते हैं। पुश्तैनी जमीन को अपने नाम करवाने के लिए भी आवेदन इसमें दिया जा सकता है।

संदिग्ध हालत में प्रेग्नेंट महिला की मौत

भोजपुर। भोजपुर में शनिवार को संदिग्ध हालत में प्रेग्नेंट महिला की मौत हो गई। परिजनों ने ससुराल पक्ष पर दहेज के लिए गला दबाकर हत्या का आरोप लगाया है। मृतका की पहचान राहुल यादव की पत्नी अंजली कुमारी(24) के तौर पर हुई है। घटना जगदीशपुर थाना क्षेत्र के मोर्चा गांव की है।

मृतका के मामा विमलेश कुमार ने बताया कि भांजी अंजली कुमारी की शादी मोर्चा गांव निवासी छोटू यादव के पुत्र राहुल यादव से मई 2022 में हुई थी। दहेज में तीन लाख कैश, सोने का चेन और समान दिया गया था। सब कुछ ठीक चल रहा था।

मधेपुरा में दो बच्चों संग महिला ने की खुदकुशी

छह साल पहले की लव मैरिज, पति से हुई थी लड़ाई

महानगर नेटवर्क

मधेपुरा

मधेपुरा में एक महिला ने अपने दो बच्चों के साथ तालाब में छलांग लगाकर जान दे दी। महिला का शव रविवार की सुबह पोखर से बरामद हुआ है। जबकि दोनों बच्चे का शव शनिवार को दोपहर में उसी पोखर से बरामद किया गया था। घटना कुमारखंड थाना क्षेत्र के रौता गांव की है। मृतका की पहचान रौता वार्ड-11 निवासी राकेश कुमार यादव की पत्नी आशा देवी (25), दोनों बच्चे कृति कुमारी (2) और बेटा प्रियांशु कुमार (1) के रूप में हुई है।

रविवार की सुबह ग्रामीणों ने शव मिलने की सूचना कुमारखंड थाने की पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को पोखर से निकलने में जुट गई है। महिला का पति तीन महीने पहले मजदूरी के लिए पंजाब गया। महिला अपने सास-ससुर से अलग रहती थी। ससुर ने बताया, ' मैं जुट निकालने के लिए बहियार गया था। करीब 11 बजे जब लौटा तो घर का दरवाजा बंद मिला। देखा तो घर में आग लगी थी।

पति से फोन पर हुआ था झगड़ा

बताया जा रहा है कि पति से ही किसी बात को लेकर फोन पर झगड़ा हुआ था। इसके बाद महिला ने गुस्से में आकर यह कदम उठा लिया। मृतका के पति से संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो पाया है। मृतका अपने दोनों बच्चों के साथ सास-ससुर से अलग रहती थी। पड़ोसी पूनम देवी ने बताया, शनिवार की सुबह करीब 10 बजे जब वह राकेश के घर पहुंची तो आशा देवी दरवाजा बंद कर रही थी।

एसडीओ से नेता ने मांग ली रंगदारी

- धमकी देने वाला पहले जेडीयू में था

मुजफ्फरपुर। मुजफ्फरपुर जिले में एक अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) से ही रंगदारी मांग ली गई। इस मामले में जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) का पूर्व नेता गिरफ्तार किया गया है। एसडीओ पूर्वी अमित कुमार को व्हाट्सएप पर अज्ञात नंबर से मैसेज भेजकर रंगदारी मांगी गई। एसडीओ पूर्वी ने जब मैसेज का जवाब दिया तो उनकी छवि को धूमिल करने की धमकी दी गई। गिरफ्तार आरोपी का नाम संजीव कुमार राजन है। वह जेडीयू के किसान प्रकोष्ठ का पदाधिकारी रह चुका है। उस पर एसडीओ को मैसेज में धमकाकर रंगदारी मांगने का आरोप है। एसडीओ को धमकी भरा यह मैसेज 15 अगस्त की देर शाम करीब 8 बजे के आसपास आया। इस संबंध में एसडीओ पूर्वी ने मुजफ्फरपुर के सदर थाने में रंगदारी मांगने, छवि धूमिल करने, धमकी देने, मानहानि समेत अन्य गंभीर आरोप लगाते हुए एफआईआर कराई।

सुनना है तो सुनो, नहीं तो, 10 लोग भी...

राहुल-तेजस्वी की वोट अधिकार यात्रा में क्यों भड़के खरगे?

महानगर नेटवर्क

सासाराम

सासाराम से शुरू हुई इंडिया अलायंस की वोट अधिकार यात्रा में महागठबंधन के तमाम दिग्गज नेता शामिल हुए। राहुल गांधी और तेजस्वी यादव के नेतृत्व में यात्रा निकल रही है। इस दौरान सासाराम में अलायंस के दिग्गज नेताओं ने लोगों को संबोधित किया। जिसमें कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे भी भाषण दे रहे थे। लेकिन अचानक वो भड़क गए। उन्होने कहा कि सुनना है तो सुनो, नहीं को 10 लोग भी रहेंगे तो भी मैं भाषण दूंगा। दरअसल भाषण के वक्त भीड़ काफी शोर-शराबा कर रही थी। जिसे शांत कराने की कोशिश की गई। लेकिन जब लोग शांत नहीं हुए तो खरगे का धैर्य भी जवाब दे गया। उन्होने कहा कि जिसे सुनना है,वो सुने बाकी लोग बाहर जाएं। अपने भाषण में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि हम लोग सिर्फ चुनाव के लिए नहीं, बल्कि लोकतंत्र के लिए लड़ रहे हैं। संविधान बचाने के लिए लड़ रहे हैं। वोट की सुरक्षा के लिए लड़ रहे हैं।

हमलावर किसान को 7 गोली मारकर हुए फरार

गोपालगंज। गोपालगंज में शराब तस्करी के विवाद में एक किसान को गोली मार दी गई। भोरे थाना क्षेत्र के घोबहा गांव के पास अज्ञात बाइक सवारों ने गोसैसिया गांव के 40 वर्षीय लाल बहादुर यादव पर हमला किया। शनिवार की रात की इस घटना में लाल बहादुर को शरीर के विभिन्न हिस्सों में 7 गोलियां लगीं। गंभीर हालत में उन्हें पहले भोरे रेफरल अस्पताल ले जाया गया। वहां से डॉक्टरों ने उन्हें गोरखपुर रेफर कर दिया। परिजनों के अनुसार, गांव का एक युवक लाल बहादुर को घर से बुलाकर ले गया।

ई-कॉमर्स कंपनी के मैनेजर ने दी थी धमकी

अब हुई युवक की हत्या

महानगर नेटवर्क

पटना

पटना में अपराधियों ने एक बार फिर तांडव मचाया है. रविवार की सुबह अपराधियों ने सरेआम एक युवक की गोली मार कर हत्या कर दी. दिनदहाड़े. हुई इस घटना के बाद से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया. आरोपियों ने युवक के घर में घुसकर हत्या की साजिश को अंजाम दिया. वहीं हत्या की जानकारी के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच में जुटी गई. जानकारी के अनुसार, रविवार की सुबह नौ बजे के करीब बेलगाम अपराधियों ने राजधानी के गर्दनीबाग थाना क्षेत्र स्थित सरिस्ताबाद इलाके में राज कृष्ण नाम के युवक को गोली मार दी. घटना को घर में घुस कर अंजाम दिया गया. राज कृष्ण की उम्र 19 साल बताई जा रही है. गोली लगने के बाद परिजन उसे गंभीर हालत में पीएमसीएच अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

व्यापार

शेयर बाजार के लिए 21-22 अगस्त की तारीख अहम

महानगर नेटवर्क

मुंबई

शेयर बाजार के लिए 21 और 22 अगस्त की तारीख अहम है। वेल्थव्यू एनालिटिक्स के डायरेक्टर हर्षुभ शाह के मुताबिक इन दो दिनों में बाजार में बड़ा ट्रेंड शिफ्ट या मोमेंटम दिख सकता है। इसके अलावा 18 अगस्त से शुरू होने वाले हफ्ते में अमेरिकी बाजार की चाल, GST रिफॉर्म्स से लेकर विदेशी निवेशकों की खरीद-बिक्री और टेक्निकल फैक्टर्स बाजार की चाल तय करेंगे।

चलिए समझते हैं कि इस हफ्ते बाजार में क्या हो सकता है

सपोर्ट जोन: 24,538 / 24,480 / 24,443 / 24,380 / 24,331 / 24,142

सपोर्ट यानी, वह स्तर जहां शेयर या इंडेक्स को नीचे गिरने से सहारा मिलता है। यहां खरीदारी बढ़ने से कीमत आसानी से नीचे नहीं जाती। इन स्तरों पर खरीदारी का मौका मिल सकता है।

रेजिस्टेंस जोन: 24,670 / 24,808 / 24,850 / 24,978 / 25,083 / 25,322

रेजिस्टेंस यानी, वह स्तर जहां शेयर या इंडेक्स को ऊपर जाने में रुकावट आती है। ऐसा बिकवाली बढ़ने से होता है। अगर निफ्टी रजिस्टेंस जोन को पार करता है, तो नई तेजी आ सकती है।

भारत में आईफोन 17 का प्रोडक्शन शुरू

- बेंगलुरु के नए प्लांट में बना रही फॉक्सकॉन
- चीन के इंजीनियर्स वापस लौटने से रुकावट आई थी

नई दिल्ली। एपल के लिए स्मार्टफोन बनाने वाली कंपनी फॉक्सकॉन ने भारत में आईफोन 17 का प्रोडक्शन शुरू कर दिया है। इकोनॉमिक टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक ये प्रोडक्शन बेंगलुरु के नए प्लांट में शुरू हुआ है।

भारत में यह यूनिट चीन के बाहर फॉक्सकॉन की दूसरी सबसे बड़ी मैन्युफैक्चरिंग साइट है, जिसमें लगभग 25,000 करोड़ रुपए का निवेश किया गया है। इससे पहले चीन ने भारत में आईफोन बनाने वाले 300 से ज्यादा इंजीनियर्स और टेक्नीशियंस को अचानक वापस बुला लिया था।

भारत में हाई-टेक असेंबली लाइन संभालते हैं चीनी

चीनी इंजीनियर फॉक्सकॉन की हाई-टेक असेंबली लाइन, फैक्ट्री डिजाइन और भारतीय कर्मचारियों को प्रशिक्षण देने का काम कर रहे थे। इसके लिए भारत सरकार ने चीनी इंजीनियरों के लिए वीजा सुविधा भी प्रदान की थी, ताकि उत्पादन में कोई बाधा न आए।

जरूरी चीजों के दाम 10% घटेंगे

- 10 लाख वस्तुओं में से ज्यादातर के GST स्लैब बदलेंगे
- फ्रिज से सीमेंट तक सस्ते होंगे

महानगर नेटवर्क

नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने अमेरिका के टैरिफ का जवाब देने की तैयारी कर ली है। इसके लिए वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में बड़ा बदलाव करने की तैयारी है। इसे 'जीएसटी 2.0 या नेक्स्ट जेन जीएसटी' नाम दिया गया है। इसका ऐलान शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले से किया। उन्होंने इसे दिवाली गिफ्ट कहा। यानी सितंबर में GST बैठक करके सरकार ये बदलाव कर सकती है।

अभी जीएसटी में 4 टैक्स स्लैब 5%, 12%, 18% और 28% हैं। सुधार के बाद दो स्लैब 5% और 18% ही रहेंगे। इससे 12% जीएसटी के दायरे में आने वाली मक्खन, फ्रूट जूस, ड्राय फ्रूट्स जैसी 99% वस्तुएं 5% के दायरे में आ जाएंगी।

सीधे तौर पर कहें तो ये वस्तुएं 7% सस्ती हो जाएंगी। ऐसे ही 28% टैक्स के दायरे में आने वाली सीमेंट, एसी, टीवी, फ्रिज, वॉशिंग मशीन जैसी 90% वस्तुएं 18% के स्लैब में आ जाएंगी। यानी 10% तक सस्ती।

2047 में एक समान टैक्स स्लैब होगा

वित्त मंत्रालय के अधिकारियों के मुताबिक 2047 में एक समान टैक्स स्लैब होगा। इस दिशा में दो स्लैब लाना पहला कदम है। सरकार ने जीएसटी रिफॉर्म का यह प्रस्ताव राज्यों के वित्त मंत्रियों के समूह को भेजा है। समूह इस पर अध्ययन करेगा। फिर इसे जीएसटी काउंसिल की सितंबर में होने वाली बैठक में रखेगा।

सैनी इंडिया ने देश की तरक्की को लेकर जताई प्रतिबद्धता

महानगर नेटवर्क

मुंबई

सैनी, कंस्ट्रक्शन, माइनिंग, लॉजिस्टिक्स और एनर्जी इक्विपमेंट बनाने वाली प्रमुख कंपनी, ने आज नए SY35U PRO के लॉन्च की घोषणा की। यह एक अगली पीढ़ी का 3.5-टन हाइड्रोलिक एक्सकेवेटर है, जिसे बेहतर प्रदर्शन, ज्यादा सुविधा और उच्च विश्वसनीयता प्रदान करने के लिए बनाया गया है। भारत के बुनियादी ढांचे के विकास, शहरी निर्माण और ग्रामीण परियोजनाओं की बदलती जरूरतों को पूरा करने के लिए तैयार किये गये SY35U PRO में टेक्नोलॉजी का संयोजन कॉम्पैक्ट और मजबूत डिज़ाइन के साथ किया गया है। यह सभी तरह की जरूरतों के लिए एक आदर्श समाधान है। 'सैनी इंडिया ने लॉन्च किया SY35U PRO – विकास के वाहन में एक नया पहिया' थीम के तहत, इस मॉडल की पेशकश भारत के 79वें स्वतंत्रता दिवस को भी सम्मान देती है, और राष्ट्र निर्माण में सैनी की प्रतिबद्धता मजबूत करती है। SY35U PRO ईंधन-बचत करने वाले इंजन और आधुनिक लोड सेंसिंग हाइड्रोलिक सिस्टम से चलता है, जो तंग और मुश्किल जगहों पर आसान, तेज, और बेहतर काम सुनिश्चित करता है।

अमेरिकन टूरिस्टर ने 'अर्बन कलेक्शन' लॉन्च किया

मुंबई। अमेरिकन टूरिस्टर ने लवचाइल्ड मसाबा के साथ मिलकर 'अर्बन कलेक्शन' लॉन्च किया है। लगेज की एक स्टाइलिश नई रेन्ज है, जिसको देखकर आप छुट्टियों में यात्रा पर जाने के लिए उमड़ पड़ेंगे। उपयुक्तता, क्षमता को बेजोड़ फ़ैशन-फ़ॉरवर्ड डिज़ाइन को एक साथ लाते हुए, इस साझेदारी ने हर सूटकेस में छुट्टियों के लिए नयी ऊर्जा को भर दिया है। इसके लिए बनाए गए विशेष ट्रेंडी, रंगीन अभियान में एक बोल्ड विज़ुअल भाषा का उपयोग किया गया है, जो 'हॉलिडे मोड' को दर्शाकर घुमक्कड़ी के उत्साह को सम्मानित करता है। अर्बन कलेक्शन उन आधुनिक यात्रियों के लिए बनाया गया है, जो स्टाइल और सार दोनों चाहते हैं। यह कलेक्शन अमेरिकन टूरिस्टर की अंतर्राष्ट्रीय छवि को मसाबा के विशिष्ट बोल्ड प्रिंट्स और चंचल मोटिफ के साथ जोड़ता है।

स्कोडा ऑटो फॉक्सवैगन इंडिया की 'सुरक्षित सड़कें, सुरक्षित भारत' पहल

मुंबई। भारत के 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर, स्कोडा ऑटो फॉक्सवैगन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (SAVWIPL) ने सेवलाईफ फाउंडेशन के साथ साझेदारी में उत्तर प्रदेश के राष्ट्रीय राजमार्ग 19 के आगरा–इटावा–चकेरी खंड पर दो साल के जीरो फेटालिटी कॉरिडोर कार्यक्रम की सफल पूर्णता की घोषणा की। सेवलाईफ फाउंडेशन की जेडएफसी पद्धति ने सड़क दुर्घटना मृत्यु दर कम करने के लिए एक बहुआयामी और साक्ष्य-आधारित मॉडल विकसित किया है, जो 4ई-इंजीनियरिंग, इमरजेंसी केयर, एनफोर्समेंट और एजुकेशन पर आधारित है और जिसे अन्य स्थानों पर भी अपनाया जा सकता है। इस 'सुरक्षित सड़के, सुरक्षित भारत' पहल के तहत सड़क दुर्घटना मृत्यु दर में बेसलाइन वर्ष की तुलना में 7.5% की कमी आई, जिससे 7.2 लाख से अधिक यात्रियों के लिए सड़क सुरक्षा में सुधार हुआ।

नवंबर 2022 में शुरू हुए इस कार्यक्रम का लक्ष्य देश के सबसे अधिक जोखिम वाले कॉरिडोर में से एक पर सुरक्षा सुधार लाना था। इसके तहत इंजीनियरिंग से जुड़ी सुरक्षा सुधार योजनाएं लागू की गईं, इलेक्ट्रॉनिक प्रवर्तन उपकरण लगाए गए, स्थानीय जरूरत के हिसाब से असरदार साइनबोर्ड स्थापित किए गए और ट्रॉमा केयर सिस्टम को मजबूत किया गया। परियोजना टीम ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (NHAI), उत्तर प्रदेश पुलिस, परिवहन विभाग, राज्य सड़क सुरक्षा समिति और स्थानीय प्रशासन के साथ मिलकर स्थायी बदलाव और अन्य स्थानों के लिए अपनाने योग्य मॉडल तैयार किया।

पेटीएम के साथ अपना बैंक खाता 5 मिनट में करें लिंक

मुंबई। बैंक खाते को पेटीएम से लिंक करने पर यूपीआई-आधारित कई सेवाओं का लाभ मिलता है जैसे मोबाइल नंबर, यूपीआई आईडी, या क्यूआर कोड स्कैन करके मित्रों या व्यापारियों को पैसा भेजना। उपयोगिता बिलों का भुगतान, मोबाइल नंबर रिचार्ज, ऑनलाइन या ऑफलाइन खरीदारी, और एक ही ऐप से खाते की शेष राशि देखना संभव हो जाता है। बैंक खाता लिंक करने से पहले, सुनिश्चित करें कि मोबाइल नंबर बैंक में पंजीकृत हो। वही नंबर पेटीएम लॉगिन के लिए भी उपयोग होना चाहिए। जबकि पेटीएम ने इस प्रक्रिया को उपयोगकर्ता के अनुकूल बनाया है। अब ग्राहक केवल 5 मिनट सिर्फ 5 स्टेप्स में अपना बैंक खता पेटीएम के साथ लिंक कर सकते हैं। ग्राहकों को सबसे पहले पेटीएम ऐप खोलकर पंजीकृत मोबाइल नंबर से लॉगिन करना होगा। फिर प्रोफ़ाइल आइकन पर टैप कर के मेनू से "यूपीआई और भुगतान सेटिंग्स" चुनें या सीधे "लिंक बैंक खाता" का चयन करें। सूची से अपने बैंक का चयन करें।

महानगर मीडिया नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अंतेश आर सिंह द्वारा, महानगर मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 501, ओमेगा हाउस, हीरानंदानी गार्डन्स, पवई, मुंबई-400076 से प्रकाशित एवं डांगट मीडिया प्रा.लि., 22, दीघा एम आई डी सी, टी टी सी इंडस्ट्रियल एरिया, विष्णु नगर, दीघा, नवी मुंबई - 400708 में मुद्रित। ● फोन नंबरः 022-25705039 ईमेल : hmahanagar@gmail.com
● कार्यकारी संपादक : राघवेंद्र नाथ द्विवेदी* (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)

बिना भेदभाव सुविधाएं देना सरकार का लक्ष्य : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

मुख्यमंत्री राहत कोष से आयुष्मान योजना का लाभ

महानगर संवाददाता
गोरखपुर

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि गोरखपुर में उच्च स्तरीय इलाज के लिए अब न तो स्पेशलिटी सुविधाओं की कमी है और न ही पैसे की। यहां सुपर स्पेशलिटी सुविधाएं हैं और आम नागरिक को उसका लाभ दिलाने की प्रधानमंत्री-मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना (आयुष्मान) भी है। यदि किसी के इलाज में आयुष्मान योजना की राशि कम पड़ेगी तो मुख्यमंत्री राहत कोष और जनप्रतिनिधियों की निधि से उसकी भरपूर मदद की जाएगी।

सीएम योगी रविवार को रीजेंसी हॉस्पिटल के लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने हॉस्पिटल का निरीक्षण कर सुविधाओं का जायजा लिया और हॉस्पिटल के पेशेंट एए 'रीजेंसी माई केयर' को भी लांच किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले महंगी स्वास्थ्य सुविधाएं गरीब के लिए दुर्लभ थीं, पर आज सहज उपलब्ध होने लगी हैं। यूपी सरकार ने साढ़े पांच करोड़ लोगों को आयुष्मान योजना के तहत पांच लाख रुपये तक का निःशुल्क उपचार उपलब्ध कराया है। इसके आलावा जिन लोगों के पास आयुष्मान योजना या मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना का लाभ नहीं है, उनके लिए मुख्यमंत्री राहत कोष से है। विधायकों को भी उनकी निधि से पचीस लाख तक की सहायता इलाज के लिए देने का अधिकार दिया गया है। सीएम योगी ने बताया कि मुख्यमंत्री राहत कोष से भी पिछले एक वर्ष में 1100 करोड़ रुपये इलाज के लिए दिए गए हैं। पहले यह सुविधाएं नहीं थीं और अगर कुछ सुविधाएं मिलती भी थीं तो 'पिक एण्ड चूज' के माध्यम से चेहरा देखकर मिलती थीं।

सीएम योगी ने कहा कि जनता के साथ जो हर समय खड़ी हो वही सरकार है। सरकार का लक्ष्य हो कि जनता को बिना भेदभाव के सभी सुविधाएं प्राप्त हों। उन्होंने कहा कि इलाज हेतु प्रधानमंत्री राहत कोष से भी पैसा मिलता है। आज हर एक स्तर पर यह सुविधा मिल रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ढाई सौ बीएड का अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त मल्टी सुपर स्पेशलिटी का शुरू होना गोरखपुर और पूर्वी उत्तर प्रदेश के लिए बड़ी उपलब्धि है। एक ही छत के नीचे यहां सारी सुविधाएं मिलेंगी। इसका लाभ पूर्वी उत्तर प्रदेश, पश्चिमोत्तर बिहार और नेपाल के लोगों को भी मिलेगा। यहां 80 बेडेड आईसीयू की भी सुविधा है। उन्होंने कहा कि की कानपुर में रीजेंसी हॉस्पिटल चिकित्सा सेवा के बैक बोन के रूप में है और यूपी में इसकी श्रृंखला शुरू हो रही है। इस हॉस्पिटल को गोरखपुर में स्थापित कराने के लिए सीएम योगी ने इसके साझीदार तनमय मोदी की मुक्त कंठ से सराहना की।

स्वास्थ्य क्षेत्र में होनी चाहिए स्वस्थ प्रतिस्पर्धा

मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा होनी चाहिए। हमें इस क्षेत्र में अच्छे मॉडल देने पड़ेंगे। यह मॉडल गोरखपुर में आज से 22-23 वर्ष पूर्व गुरु गोरखनाथ चिकित्सालय द्वारा चलाये गये मॉडल की तरह हो सकता है। उस समय गोरखपुर में आईसीयू तथा डायलिसिस की सुविधा नहीं थी, तब इस अस्पताल ने आईसीयू तथा डायलिसिस की सुविधा का लाभ गोरखपुर को उपलब्ध कराया था। अस्पताल ने ब्लड बैंक की स्थापना को आगे बढ़ाकर ब्लड सेप्रेटर यूनिट व ब्लड एप्रेसिस यूनिट की भी व्यवस्था की थी। उस समय इस अस्पताल ने व्यक्ति की जरूरत व आर्थिक स्थिति के अनुसार स्वास्थ्य सुविधा देने का मॉडल दिया था। अब इस मॉडल को अपग्रेडेड मॉडल के रूप में आगे बढ़ाने की आवश्यकता है।

पुलिस के तृतीय-चतुर्थ श्रेणी कर्मियों से वेतन वसूली के आदेश रद्द : हाईकोर्ट

आठ सप्ताह में वापस होगा कटा पैसा

महानगर संवाददाता
लखनऊ

इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने पिछले 15- 20 साल से पुलिस कर्मियों के गलत वेतन निर्धारण के मामले में अहम फैसला दिया है। कोर्ट ने ऐसे 53 मामलों में पुलिस के तृतीय, चतुर्थ श्रेणी कर्मियों से अधिक वेतन वसूली के आदेशों को रद्द कर दिया। साथ ही याचियों से अधिक वसूला गया वेतन या की गई कटौती अथवा समायोजित धनराशि, 8 हफ्ते में उन्हें वापस करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने 16 जनवरी 2007 के शासनादेश के तहत याची पुलिस कर्मियों का पक्ष सुनकर उनका वेतन निर्धारण करने का आदेश दिया है। न्यायमूर्ति मनीष माथुर की एकल पीठ ने यह फैसला अमेठी जिले में बतौर पुलिस अनुवादक/वरिष्ठ लिपिक पद पर तैनात इबरार अहमद व मदन शुक्ल समेत 53 पुलिस कर्मियों के गलत वेतन निर्धारण मामले में दाखिल याचिकाओं को मंजूर करके दिया। याचिकाओं में याची पुलिस कर्मियों को कथित रूप से भुगतान किए गए अधिक वेतन की वसूली के आदेशों को चुनौती दी गई थी।

वसूली के आदेश कानून की मंशा के खिलाफ

याचियों का कहना था कि अधिक वेतन भुगतान के नाम पर इसकी वसूली के आदेश कानून की मंशा के खिलाफ हैं। क्योंकि, कानूनी प्रावधानों के तहत उनका वेतन निर्धारण ही शासनादेश के तहत नहीं किया गया। कोर्ट ने मामले में पहले राज्य सरकार के वकील से पूछा था कि याचियों का गलत वेतन निर्धारण करने के जिम्मेदारों के खिलाफ क्या कोई अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित है? एक याची के अधिवक्ता पंकज पांडेय का कहना था कि वर्ष 2010 से याची का गलत वेतन निर्धारण किए जाने की कारण बताओं नोटिस उसे दी गई। इसका याची ने जवाब भी दे दिया। इसके बावजूद याची को 2010 से मिले कथित अधिक वेतन की वसूली की प्रक्रिया में प्रतिमाह उसके वेतन से करीब छह हजार रुपए की कटौती की जाने लगी। इस पर, कोर्ट ने सरकारी वकील से खास तौर पर पूछा था कि पुलिस विभाग, कर्मियों को दिए जा रहे वेतन के गलत निर्धारण को ठीक से निर्धारित करने में एक से दो दशक से अधिक समय क्यों ले रहा है। कोर्ट ने इसी मामले में इस तथ्य के मद्देनजर मामले में पहले टिप्पणी की थी कि 15 - 20 साल से लगातार देखने में आ रहा है कि पुलिस कर्मी गलत वेतन निर्धारण के आदेशों को चुनौती दे रहे हैं। कोर्ट ने मामले की सुनवाई के बाद पुलिस विभाग को निर्देश देकर 53 याचिकाएं मंजूर कर लीं।

भाजपा नेता को फंसाने का साजिशकर्ता शैलेंद्र गिरफ्तार

अखिलेश दुबे प्रकरण में तीसरी गिरफ्तारी

कानपुर। जिले में भाजपा नेता रवि सतीजा और उनके साथी पर सामूहिक दुष्कर्म का झूठा आरोप लगाने की साजिश रचने वाले शैलेंद्र यादव उर्फ टोमू को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बता दें कि अधिवक्ता अखिलेश दुबे प्रकरण में यह तीसरी गिरफ्तारी है। इससे पहले पुलिस ने अखिलेश दुबे और उसके साथी लवी मिश्रा को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है।

जानकारी के अनुसार, पुलिस ने शैलेंद्र यादव उर्फ टोमू को कानपुर देहात के अकबरपुर स्थित उसके होटल से गिरफ्तार किया। उसके साथ उस लड़की को भी हिरासत में लिया गया है, जिसने भाजपा नेता पर झूठा आरोप लगाया था। पुलिस सूत्रों के अनुसार, टोमू, अखिलेश के कहने पर लोगों को झूठे मुकदमों में फंसाने के लिए लड़कियां सप्लाई करता था। पुलिस टीम ने शनिवार को आरोपियों की तलाश में उनके ठिकानों पर छापेमारी की थी। पुलिस को उम्मीद है कि जल्द ही झूठे मुकदमे दर्ज कराने वाली महिलाओं और लड़कियों के इस पूरे गिरोह का पर्दाफाश किया जाएगा।

सपा से निकाले जाने के बाद CM योगी से मिलीं विधायक पूजा पाल

महानगर संवाददाता
लखनऊ

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में कौशांबी जिले की चायल विधानसभा क्षेत्र की विधायक पूजा पाल ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके सरकारी आवास पर शिष्टाचार भेंट की। जिसके बाद सियासी गहमागहमी तेज हो गयी है और कई तरह के कयास लगाए जा रहे हैं। यह मुलाकात तब हुई है, जब पूजा पाल को समाजवादी पार्टी से बीते दिनों निष्कासित कर दिया गया था। बता दें कि पूजा पाल को समाजवादी पार्टी ने हाल ही में पार्टी विरोधी गतिविधियों और अनुशासनहीनता के आरोप में निष्कासित कर दिया था। दरअसल विधानसभा के मॉनसून सत्र के दौरान 'विजन-2047' पर चर्चा में पूजा पाल ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की 'ज़ीरो टॉलरेंस' नीतियों की खुलकर तारीफ़ की थी। उन्होंने कहा था कि योगी सरकार की अपराध विरोधी नीतियों ने उनके पति राजू पाल के हत्यारों को सजा दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस बयान के कुछ ही घंटों बाद सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने उन्हें पार्टी से बाहर का रास्ता दिखा दिया। सपा से निष्कासन के बाद पूजा पाल ने कहा कि मैंने सच बोला और आगे भी बोलती रहूंगी। मैं उन महिलाओं की आवाज हूं, जिन्होंने अपनों को खोया है। योगी जी ने अतीक अहमद जैसे माफियाओं का खात्मा कर कई परिवारों को न्याय दिलाया। उन्होंने सपा के 'पिछड़ा-दलित-अल्पसंख्यक' नारे पर भी निशाना साधते हुए कहा कि वह स्वयं पिछड़े समुदाय से हैं, लेकिन सपा ने उनकी आवाज को दबाया। पूजा पाल के पति राजू पाल जोकि प्रयागराज पश्चिम से बसपा विधायक थे। 2005 में दिनदहाड़े हत्या कर दी गई थी। इस हत्याकांड का आरोप माफिया अतीक अहमद और उनके भाई अशरफ पर लगा था। 2023 में अतीक और अशरफ की पुलिस हिरासत में हत्या के बाद पूजा पाल ने योगी सरकार की नीतियों का समर्थन किया और कहा कि मुख्यमंत्री ने उनके परिवार को न्याय दिलाया। पूजा पाल की सीएम योगी से मुलाकात ने सियासी गलियारों में हलचल मचा दी है। माना जा रहा है कि वह जल्द ही भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो सकती हैं। पूजा पाल ने पहले भी 2024 के राज्यसभा चुनाव में सपा की पार्टी लाइन के खिलाफ क्रॉस-वोटिंग की थी और फूलपुर उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी का समर्थन किया था।

वोटर अधिकार यात्रा पर सांसद दिनेश शर्मा का निशाना

लखनऊ। भाजपा सांसद दिनेश शर्मा ने कांग्रेस की मतदाता अधिकार यात्रा पर कहा, "उन्हें क्षमा यात्रा इसलिए निकालनी पड़ी क्योंकि वे पांच साल से बिहार नहीं आए... सारा काम NDA सरकार करती रही... विदेशी अख़बारों के बनाए नैरेटिव के बाद कांग्रेस या कुछ विपक्षी दल माहौल बनाते हैं। मुझे लगता है कि ये बेबुनियाद प्रोपेगैंडा है, राहुल गांधी की कोई भी यात्रा सफल नहीं होने वाली क्योंकि वे कभी जनता के बीच गए ही नहीं।" भाजपा सांसद दिनेश शर्मा ने कांग्रेस पार्टी और राहुल पर कहा कि, "वोट उनके पास नहीं है, परिवार पर उनका कोई अधिकार नहीं है। इसलिये राहुल कहीं का भी भ्रमण कर सकते हैं, जनता वोट देने वाली नहीं है।" शर्मा ने कहा कि, "कांग्रेस का इतिहास वोट की डकैती का रहा है, कर्नाटक के मंत्री ने खुद इसका जिक्र किया है कि किस प्रकार से मत पेटी बदल दी जाती थी। अब ईवीएम में जालसाजी चलनी नहीं है, इसलिए वे इस तरह का शिगूफा जनता के बीच ले जाकर जा रहे हैं।" बीजेपी सांसद दिनेश शर्मा ने राहुल गांधी को तथाकथित और चुनावी नेता बताया है। वहीं कांग्रेस नेताओं का कहना है कि यह यात्रा न केवल चुनावी अधिकारों की रक्षा का संदेश देगी, बल्कि आगामी विधानसभा चुनावों में अहम भूमिका निभाएगी।

आजमगढ़ में दबंगों ने ट्रैक्टर से गिराया भाजपा नेता का घर

आजमगढ़। आजमगढ़ जिले के बिलरियागंज थाना क्षेत्र के भावारामपुर गांव में भाजपा नेता ओंकार गौड़ का घर दबंगई के बल पर गिरा दिया गया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें आरोपी जियाउद्दीन ट्रैक्टर चढ़ाकर घर को गिराते हुए साफ दिखाई दे रहा है।

पीड़ित भाजपा नेता ने बताया कि शनिवार की शाम करीब 5.30 बजे जब वह घर पर मौजूद थे, तभी जियाउद्दीन अपने समर्थकों के साथ पहुंचा और घर पर ट्रैक्टर चढ़ाकर तोड़फोड़ करने लगा। विरोध करने पर आरोपियों ने गाली-गलौज करने के साथ लाठी-डंडे से मारपीट भी की और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ओंकार गौड़ भारतीय जनता पार्टी के शक्ति केंद्र संयोजक हैं। उनका आरोप है कि जिस जमीन पर उनका घर बना हुआ है, उस पर जियाउद्दीन और सदरूद्दीन जबरन कब्जा करना चाहते हैं। घटना की जानकारी मिलते ही भाजपा नेता और कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे और विरोध-प्रदर्शन शुरू कर दिया। पीड़ित का मेडिकल कराया गया और मामले की तहरीर पुलिस को दी गई। बिलरियागंज थाना प्रभारी सुनील कुमार दुबे ने बताया कि शिकायत के आधार पर दो लोगों के खिलाफ नाजमद और 10-15 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। वीडियो और गवाहों के आधार पर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

सपा पर बरसे मंत्री स्वतंत्र देव सिंह

लोकतंत्र के मसीहा नहीं, सपा के गुंडाराज के वारिस हैं अखिलेश

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव पर सीधा हमला बोलते हुए कहा कि सोशल मीडिया वाले नेता लगातार हार से हताश हो चुके हैं। हार से बौखलाए 'कुर्सी खो चुके सपनों के सौदागर' अब जनता को गुमराह करने के लिए चुनाव आयोग पर हमला कर रहे हैं। लोकतंत्र की दुहाई देने वाले अखिलेश यादव पहले अपनी पार्टी और शासनकाल का दागदार इतिहास साफ करें तो ज्यादा बेहतर होगा। लोग भूले नहीं हैं। चुनाव आयोग पर अखिलेश के आरोपों के जवाब में स्वतंत्र देव सिंह ने पलटवार करते हुए कहा कि अखिलेश यादव लोकतंत्र के मसीहा नहीं, सपा के गुंडा-राज के वारिस हैं। उन्हें लोकतंत्र की चिंता नहीं, कुर्सी की चिंता ज्यादा है। जनता सब जानती है, सपा का मतलब गुंडा-राज और भाजपा का मतलब सुशासन। हताश राजकुमार अब चुनाव आयोग पर अपनी हार का ठीकरा फोड़ के वह यह दिखाना चाहते हैं कि वह जनता के नेता हैं, जबकि असलियत यह है कि वह जनता का भरोसा कब का खो चुके हैं।

हुक्का बार की आड़ में चल रहा था देह व्यापार, गैंगेस्टर एक्ट में 14 पर केस दर्ज

महानगर संवाददाता
लखनऊ



हुक्का बार की आड़ में देह व्यापार चलाने वाले 14 आरोपियों के खिलाफ शुक्रवार को रामगढ़ताल थाने में गैंगस्टर एक्ट में केस दर्ज किया गया। वहीं, शनिवार को रामगढ़ताल थाना पुलिस ने दो गैंगस्टर सहजनवां के शिवपुरी निवासी अजय सिंह और गीडा सेक्टर-22 निवासी विमल विश्वकर्मा को क्षेत्र से गिरफ्तार कर जेल भिजवा दिया।

आरोपी इंस्टाग्राम से नाबालिग लड़कियों को जाल में फंसाकर उन्हें ब्लैकमेल कर धंधा कराते थे। पुलिस की दो टीमें भाग रहे गुर्गों की तलाश में दबिश दे रही हैं। पुलिस का दावा है कि जल्द ही भाग रहे आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजेगी। रामगढ़ताल इलाके की नाबालिग लड़की के साथ शाहपुर क्षेत्र के फ्लाई इन वन होटल के हुक्का बार में सामूहिक दुष्कर्म की घटना हुई थी। दो जनवरी 2025 को रामगढ़ताल थाने में सामूहिक दुष्कर्म का केस दर्ज किया गया था। इसके बाद नौ जनवरी को हुक्का बार में छापा पड़ा और बड़े पैमाने पर देह व्यापार की बात सामने आई।

रामगढ़ताल थाने में दर्ज सामूहिक दुष्कर्म के केस में पुलिस ने जांच शुरू की। तब कई बड़े नाम सामने आए और देह व्यापार करने वाले गिरोह का पर्दाफाश हुआ। इसके बाद बेतियाहाता और देवरिया की नाबालिग लड़कियां भी सामने आईं। उन्होंने भी शाहपुर थाने में दुष्कर्म का केस दर्ज कराया। इनके साथ भी हुक्का बार में दुष्कर्म किया गया था।

लापरवाही से गाड़ी चला रहे स्कॉर्पियो सवार ने कई को कुचला

लखनऊ। शनिवार की देर रात लगभग 12 बजे तेलीबाग बाजार में वरदानी हनुमान मंदिर के पास एक स्कॉर्पियो कार को लापरवाही से चलाते हुए ड्राइवर ने दो लोगों को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद लोगों ने कर चालक को दौड़ाया तो उसने गाड़ी बैंक कर भागने का प्रयास किया, जिसमें एक व्यक्ति और घायल हो गया। कुल तीन लोग दुर्घटना में घायल हुए ,अन्य कई लोगों के चोटिल होने की सूचना है। पुलिस ने घायल तीनों लोगों को एपेक्स ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया है वहीं चालक को गिरफ्तार का उसके पूछताछ की जा रही। कोतवाल धीरेंद्र सिंह ने बताया कि घायलों में आनंद प्रकाश कुमार मंडी व राजेश कुमार दुर्गा मंदिर तेलीबाग निवासी को चोट आई है वही एक अन्य व्यक्ति अज्ञात है, गाड़ी चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कार्यवाही की जा रही है।

स्मार्ट सिटी वाराणसी: 100 करोड़ से ज्यादा के काम हो गए बर्बाद

मानकों पर खरे नहीं उतर रहे ये कार्य

वाराणसी। स्मार्ट सिटी को मिले रुपयों में से 100 करोड़ से अधिक के काम बरबाद हो चुके हैं। 75 करोड़ रुपये से पांच वार्डों को स्मार्ट बनाया गया था। जिनकी हालत बद से बदतर हो चुकी है। इसके अलावा करीब 25 करोड़ से सोनिया तालाब का काम, पार्क और कुंडों के कई कार्य कराए। जो छिन्न-भिन्न हो रहे हैं। स्मार्ट वार्ड के दीवारों पर लगी पेंटिंग खराब हो चुकी है। वार्डों में सीवर, पेयजल, जल निकासी की समस्या व्याप्त है। स्ट्रीट लाइटें दुरुस्त नहीं हैं। इन वार्डों के गुलाबी पत्थर भी उखड़ गए हैं। शहर में स्मार्ट सिटी के पूरे हो चुके काम मानकों पर खरे नहीं उतर रहे हैं। चाहे स्मार्ट वार्ड हो या फिर झूले, उपकरणों से लैस पार्क। स्मार्ट सिटी ने शहर में कई सुंदरीकरण के कार्य कराए। बाद में इन्हें संबंधित विभागों को सौंपा गया। बीते आठ वर्षों में कराए गए कार्य बदसूरत दिखाई पड़ रहे हैं। दशाश्वमेध प्लाजा के बाहर बनी नाली के ऊपर लगी जाली टूटी है। यहां पर बैठने वाला स्टील का बेंच टूटा पड़ा है। राजेंद्र प्रसाद घाट जाने वाले मार्ग के कुछ पत्थर धंस चुके हैं। इसके चलते कई जगहों पर दरार और जलभराव हो रहा है।

गोदौलिया चौराहे के समीप मैनहोल के ढक्कन के साथ पत्थर धंस चुके हैं। अगस्तकुंडा में लगे पत्थर धंसे हैं। गलियों मलबा रखा है। वाराही देवी मार्ग पर मीरघाट के समीप सीढ़ियां टूटी हैं। मैदागिन के भारतेंदु उद्यान कंपनी गार्डेन में लगा फाउंटेन खराब है। ओपन जिम में एक्सरसाइज के लिए बने उपकरण टूटे हैं। बच्चों के लिए लगे झूले की सीट गायब है। बता दें कि वाराणसी स्मार्ट सिटी को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हाथों बेस्ट स्मार्ट सिटी का पुरस्कार मिल चुका है। स्मार्ट सिटी की ओर से दस करोड़ की लागत से लहरतारा चौकाघाट फ्लाईओवर के नीचे 2022 में नाइट मार्केट विकसित किया गया। जिसे 2025 में यानी तीन साल में ही तोड़ दिया गया। इसके लिए जिम्मेदारों पर जवाबदेही अब तक तय नहीं की गई है। इसका संचालन और रखरखाव मेसर्स श्रेया इंटरप्राइजेज को 16 वर्षों के लिए दिया गया था।

बच्चे को बचाने सेप्टिक टैंक में उतरे तीन लोगों की मौत, बच्चा जीवित

सीतापुर। जिले से एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। जहां सेप्टिक टैंक में गिरे एक बच्चे को बचाने के प्रयास में एक के बाद एक करके तीन लोग टैंक में उतरे लेकिन भरे मलबे और पानी में डूबकर उनकी मौत हो गई है। हालांकि इस घटना में बच्चे को बचा लिया गया है। जबकी एक युवक घायल भी हो गया है, जिसका उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चल रहा है। ये घटना सकरन थाना क्षेत्र के गांव सुकेठा गांव की है। रविवार सुबह 14 साल का अतुल खेलते समय गांव के ही अनिल के घर के सामने बने टैंक में गिर गया। विवेक को बचाने के लिए अनिल तुरंत टैंक में उतर गए और बच्चे को टैंक से बाहर निकालने में सफल रहे। लेकिन इसके बाद वह खुद डूबने लगे। इस पर गांव के ही राज कुमार भार्गव ने अनिल को बचाने का प्रयास किया तो वह भी पानी में डूबने लगे। यह देखकर गांव के ही रंगीलाल उन दोनों को बचाने के लिए पानी में उतर गए, लेकिन वह भी सफल न हुए और तीनों लोग टैंक में डूब गए। बाद में दीपू व अन्य ग्रामीणों ने तीनों डूब रहे लोगों को बचाने का प्रयास किया। ग्रामीणों ने इन चारों को टैंक से बाहर निकाला और तुरंत ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सांडा लेकर गए।

प्रदेश में अगले तीन-चार दिनों तक छिटपुट बारिश

लखनऊ। यूपी में बीते दो दिनों से धूप और उमस का दौर जारी है। राजधानी लखनऊ और उसके आसपास के जिलों में सुबह से ही तेज और तीखी धूप का एहसास हो रहा है। धूप की वजह से उमसी भी बढ़ी है। मौसम विभाग के अनुसार धूप और उमस की यह स्थिति कमोबेश पूरे प्रदेश में है। आने वाले दो से तीन दिनों तक बारिश के आसार नहीं हैं। इससे दिन और रात दोनों के तापमान में बढ़ोत्तरी हुई है। कहीं भी भारी बारिश का अलर्ट नहीं उत्तर प्रदेश में मौसम ने अचानक करवट लिया है। मौसम विभाग का कहना है कि मानसून की सक्रियता में कमी आने से उत्तर प्रदेश में अगले तीन- चार दिनों तक कहीं कहीं छिटपुट बारिश को छोड़कर प्रभावी बारिश की संभावना कम है। बारिश में कमी से बढ़ी हुई गर्मी और उमस लोगों को परेशान करेगी। बादल छंटने और धूप होने से दिन और रात दोनों के तापमान में बढ़ोतरी होगी। हालांकि इस दौरान पश्चिमी यूपी के तराई हिस्सों में कहीं कहीं बादल छाने और बौछार पड़ने की संभावनाएं हैं।

दक्षिण की ओर खिसका मानसून मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक उत्तर प्रदेश में मानसून अपनी सामान्य स्थिति से दक्षिण की ओर खिसक गया है। बंगाल की खाड़ी में बना निम्न दाब क्षेत्र दक्षिणी ओडिशा और उत्तरी आंध्र प्रदेश तट को पार कर चुका है। इन्हीं वजहों से उत्तर प्रदेश में अगले 3-4 दिनों तक मानसून की सक्रियता कम रहेगी। आईएमडी निम्न दबाव प्रणाली के कारण आने वाले दिनों में राजस्थान के कई हिस्सों में मध्यम से भारी बारिश होने की संभावना जताई है। उदयपुर और जोधपुर मंडल में अगले चार-पांच दिनों के दौरान मध्यम स्तर की वर्षा हो सकती है।

पुलिस ने BJP नेता की हत्या का किया खुलासा, एक गिरफ्तार

मुरादाबाद। जिले में 02 अगस्त को हुई बीजेपी नेता की हत्या का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने इस मामले में अरुण नाम के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक अवैध संबंधों के चलते हत्या हुई थी। दावा है कि बीजेपी नेता रिंकू के अपने मामा के बेटे अरुण की पत्नी से अवैध संबंध थे। वह अरुण की पत्नी से फोन पर बात करता था। 2 अगस्त की रात अरुण ने शराब में जहरीला केमिकल मिला कर रिंकू को पिला दिया। जिससे रिंकू की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि अरुण ने रिंकू के शव को प्राथमिक चिकित्सालय रतनपुर कलां के गेट के सामने डाल दिया था। पुलिस ने अरुण को गिरफ्तार कर बीजेपी नेता की हत्या का खुलासा कर दिया है। घटना मुरादाबाद के पाकबड़ा थाना इलाके के रतनपुर कलां गाँव की है। एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने बताया, 02 अगस्त को रिंकू नाम के एक व्यक्ति का शव संदिग्ध अवस्था में प्राथमिक उपचार केंद्र के बाहर पड़ा मिला था। मृतक की पहचान रिंकू सिंह निवासी रतनपुर कलां के रूप में हुई थी, जो बीजेपी के बूथ अध्यक्ष थे। परिजनों की तरफ से इस मामले में तहरीर दर्ज कराई गई थी।

जंक्शन पर फिर लगी गुमनाम शहीदों व क्रांतिवीरों की गाथा

कूड़ेदान में तस्वीर मिलने पर हुई थी किरकिरी

प्रयागराज। प्रयागराज जंक्शन के मुख्य हाल में प्रयागराज के गुमनाम शहीदों के लिए बनाई गई गैलरी से गुमनाम शहीदों और कलम के क्रांति वीरों के जो चित्र गायब हो गए थे वह एक बार फिर से लगा दिए गए हैं। 15 अगस्त के पहले ये मुद्दा उठाए जाने के बाद प्रशासन ने जंक्शन के मुख्य हाल पर सभी गुमनाम शहीदों की तस्वीर और उनका संक्षिप्त परिचय एक बार फिर से लगा दिया है। रेलवे अफसरों ने बयान दिया कि पूर्व में लगे चित्र पुराने हो गए थे और कुछ फट भी गए थे। इसी वजह से उन्हें हटाया गया। फिलहाल अब नई तस्वीर रेलवे द्वारा लगा दी गई हैं।

बता दें देश की आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य पर आजादी का अमृत महोत्सव आयोजन के तहत प्रयागराज जंक्शन पर 2022 में संगम नगरी के चर्चित और गुमनाम शहीदों की याद में एक अनूठी गैलरी बनाया गया था। जंक्शन पर शहीद मुरारी लाल मोहन भट्टाचार्य, शहीद रामचंद्र, अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद, शहीद लाल पद्मधर, द्वारिका प्रसाद, महावीर, अब्दुल मजीद, त्रिलोक नाथ कपूर, नियामत उल्ला, हनुमान पंडित, सोहन लाल, सूरज नारायण, महादेवी वर्मा, सुभद्रा कुमारी चौहान, सूर्यकांत त्रिपाठी निराला आदि की गाथाएं भी हॉल में प्रदर्शित की गई थी। महाकुंभ के पहले भी यह तस्वीर बदली गई थी लेकिन महज आठ माह में ही तस्वीरों का फटना और वहां से उखड़ जाना तमाम सवाल खड़े करता है। फिलहाल रेलवे प्रशासन ने अब नई तस्वीर लगा दी हैं। पिछले सप्ताह एक तस्वीर वायरल हुई थी जिसमें शहीदों की तस्वीर कूड़ेदान में पाई गई थी। जिसके बाद महकमे की काफी किरकिरी हुई थी।

EC पर कांग्रेस का पलटवार

राहुल गांधी से एफिडेविट मांगते हैं, लेकिन अनुराग ठाकुर से क्यों नहीं

महानगर नेटवर्क

नई दिल्ली

राहुल गांधी के वोट चोरी के आरोपों के जवाब में हुई मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार की प्रेस कॉन्फ्रेंस पर कांग्रेस ने पलटवार किया है। कांग्रेस ने कहा है कि राहुल गांधी से तो एफिडेविट मांगा जाता है, लेकिन बीजेपी सांसद अनुराग ठाकुर से नहीं। चुनाव आयोग प्रमुख ने रविवार को एक लंबी प्रेस वार्ता में राहुल गांधी समेत विपक्षी नेताओं द्वारा गत दिनों कथित वोट चोरी और चुनावों में धांधली के आरोपों को खारिज करते हुए हफ्तेभर में हलफनामा दाखिल करने या फिर देश से माफी मांगने के लिए कहा था। कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने मुख्य चुनाव आयुक्त पर निशाना साधते हुए कहा कि देश के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार गुप्ता ने प्रेस वार्ता की, लेकिन उनके शब्द और उनकी स्क्रिप्ट बीजेपी वाली

थी। नेता विपक्ष राहुल गांधी ने वोट चोरी और एसआईआर को लेकर कई सवाल किए, लेकिन आपने जवाब नहीं दिया। चुनाव आयोग ने जिन लोगों को मृत घोषित कर दिया, वो राहुल गांधी जी के साथ चाय पी रहे थे। कांग्रेस ने पूछा, "ज्ञानेश जी बताएं, अगर CCTV फुटेज से प्राइवेसी भंग हो जाएगी, तो CCTV क्यों है? आप राहुल जी से एफिडेविट मांगते हैं, लेकिन अनुराग ठाकुर से क्यों नहीं? ज्ञानेश कुमार गुप्ता जी, हम नहीं बल्कि नरेंद्र मोदी आपके कंधों पर बंदूक रखकर लोकतंत्र की हत्या कर रहे हैं। हमारा आग्रह है- इस हत्या में भागीदार मत बनिए।" पवन खेड़ा ने चुनाव आयोग पर निशाना साधते हुए कहा, जो लोग गलत करते हैं वे डरे हुए हैं... भारत के लोकतंत्र पर हमला करने वालों को डरना ही होगा। लिए हैं... जब आपका मालिक डरने लगेगा, तो आप (भारत का चुनाव आयोग) भी डर जाएंगे। कांग्रेस नेता ने चुनाव आयोग की भी आलोचना की और आरोप लगाया कि आयोग का जवाब देने में विफल रहा। उन्होंने आगे कहा कि जिन्हें (चुनाव आयोग द्वारा) मृत घोषित कर दिया गया था, वे लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के साथ चाय पी रहे थे।

चुनाव आयोग पर क्यों फूट पड़ा महुआ मोइत्रा का गुस्सा

टीएमसी नेता महुआ मोइत्रा ने चुनाव आयोग पर हमला बोला है। उन्होंने बिहार में 22 लाख मृत वोटरों को लेकर चुनाव आयोग के दावे पर यह हमला बोला है। महुआ ने कहा कि अगर सच में ऐसा हुआ है, तो पिछले कुछ बरसों के चुनाव आयोग के हर अधिकारी और चुनाव आयुक्त को जेल में होना चाहिए। चुनाव आयोग ने वोट चोरी के आरोपों और बिहार में एसआईआर को लेकर रविवार को प्रेस कांफ्रेंस की। इसमें चुनाव आयोग ने कहा कि बिहार में जो 22 लाख मृत वोटरों का आंकड़ा है, उनकी मौत पिछले छह महीने में नहीं हुई है। बल्कि इन लोगों की मौत पिछले कुछ बरसों में हुई है। चुनाव आयोग ने आगे कहा कि हालांकि इन्हें रिकॉर्ड्स में दर्ज नहीं किया जा सका। आयोग के इसी दावे पर महुआ मोइत्रा का गुस्सा फूट पड़ा है।

महुआ मोइत्रा ने चुनाव आयोग की प्रेस कांफ्रेंस को लेकर अपने एक्स हैंडल पर एक वीडियो भी शेयर किया है। इस वीडियो के कैप्शन में महुआ ने लिखा है, 'सर, हमारे आईक्यू को भाजपा कैडर जैसा न समझें।' टीएमसी सांसद ने आगे लिखा कि आज आपके द्वारा किए गए दावों पर हंसी आ रही थी।

डोनाल्ड ट्रंप ने पोस्ट करके बढ़ा दिया सस्पेंस

'रूस को लेकर बड़ी प्रगति, नजर बनाए रखें'

महानगर नेटवर्क

नई दिल्ली

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से अलास्का में मुलाकात के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बड़ा बयान दिया। उन्होंने रविवार को कहा कि रूस को लेकर बड़ी प्रगति हुई है। ट्रंप ने कहा कि रूस पर बड़ी प्रगति है। नजर बनाए रखिए। राष्ट्रपति ट्रंप ने अपने ट्रुथ सोशल पर पोस्ट करके सस्पेंस बढ़ा दिया है। हालांकि, उन्होंने इसे लेकर कुछ विस्तार से नहीं बताया। अलास्का में पुतिन से मुलाकात से कुछ घंटे पहले ट्रंप ने कहा था कि वह यूक्रेन में युद्धविराम देखना चाहते हैं। अगर आज इस पर सहमति नहीं बनी तो वह खुश नहीं होंगे। ऐसा मालूम होता है कि अमेरिकी राष्ट्रपति अलास्का से बिना किसी समझौते के ही वापस लौट आए। उन्होंने कहा कि हम वहां तक नहीं पहुंचे और बाद में अस्पष्ट

रूप से कहा कि उन्होंने और पुतिन ने बहुत प्रगति की है। ट्रंप की ओर से आगामी दिनों में पुतिन के साथ बातचीत करने के सुझाव पर फिर विचार किए जाने की संभावना है। रूसी नेता ने कहा कि उनकी अगली बैठक मॉस्को में हो सकती है।

शिखर सम्मेलन के बाद इंटरव्यू में ट्रंप से पूछा गया कि यूक्रेन में युद्ध कैसे समाप्त हो सकता है और क्या भूमि की अदला-बदली होगी? इस पर ट्रंप ने कहा कि ये वे बिंदु हैं जिन पर हम काफी हद तक सहमत हैं। यूक्रेन से क्षेत्रीय रियायतें हासिल करना लंबे समय से शांति समझौते पर किसी भी वार्ता के लिए मॉस्को की पूर्व शर्तों में से एक रहा है।

लालू राज में राहुल आते तो अपहरण हो जाता

वोट अधिकार यात्रा पर संजय जायसवाल का तंज

महानगर नेटवर्क

पटना

बिहार में एसआईआर और 65 लाख लोगों के वोटर लिस्ट के नाम कटने के खिलाफ महागठबंधन की वोट अधिकार यात्रा का सासाराम से शुरुआत हुई। इस दौरान राहुल और तेजस्वी ने बीजेपी और चुनाव आयोग पर आरोपों की झड़ी लगा दी, जिसके जवाब में अब बीजेपी ने पलटवार किया है। बिहार बीजेपी के पूर्व अध्यक्ष संजय जायसवाल ने तंज कसते हुए कहा कि अगर लालू यादव के राज में राहुल गांधी आते, तो उनका अपहरण हो जाता। वोट अधिकार यात्रा को उन्होंने पर्यटन यात्रा बताया।

संजय जायसवाल ने कहा कि राहुल गांधी पर्यटन पर आए हैं। बिहार में नीतीश कुमार की सरकार में काफी कुछ सुधार हो गया है, इसी कारण आराम से पैदल घूम रहे हैं। लालू राज में तो उनका अपहरण हो गया होता। बिहार अब सुरक्षित हो गया है। वे अच्छे से यात्रा कर सकते हैं। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि ये लोग कितने भी सक्रिय हो जाएं, बिहार में एनडीए की सरकार बनेगी और देश के विकास में बिहार की बड़ी हिस्सेदारी होगी। आपको बता दें सासाराम में जनसभा को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि बिहार में एसआईआर के जरिए जो वोट चोरी हो रही है, वो पूरे देश को दिखाने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पूरे हिन्दुस्तान में लोकसभा और विधानसभा के वोट चोरी किए जा रहे हैं। बिहार में वोट चोरी करना चाह रहे हैं। हम सब यह कहने आए हैं कि हम इन्हें वोट चोरी नहीं करने देंगे। बिहार की जनता चोरी नहीं करने देगी। गरीबों, कमजोर वर्ग के लोगों के पास सिर्फ वोट है, इसलिए हम वोट चोरी करने नहीं देंगे।

कांग्रेस नेता ने RSS को बताया इंडियन तालिबान

BJP बोली- कांग्रेस हर राष्ट्रवादी संगठन को गाली देती है

उसे सिर्फ PFI सिमी जैसे संगठनों से प्यार

महानगर नेटवर्क

नई दिल्ली

वरिष्ठ कांग्रेस नेता बीके हरिप्रसाद के RSS को तालीबान कहने के बयान पर बीजेपी ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। भाजपा ने कहा कि कांग्रेस हर राष्ट्रवादी संगठन को गाली देती है और पीएफआई व सिमी जैसे प्रतिबंधित कट्टरपंथी संगठनों से प्यार करती है। भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि कांग्रेस की मानसिकता तालिबानी है। महात्मा गांधी और जयप्रकाश नारायण ने आरएसएस की प्रशंसा क्यों की? (पूर्व राष्ट्रपति और कांग्रेस के दिग्गज नेता) दिवंगत प्रणब मुखर्जी आरएसएस मुख्यालय क्यों गए थे? पूर्व सांसद बीके हरिप्रसाद ने

शनिवार को बात करते हुए, स्वतंत्रता दिवस के संबोधन में आरएसएस की तारीफ करने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आलोचना की। उन्होंने कहा- वे (आरएसएस) देश में शांति भंग करने की कोशिश कर रहे हैं। मैं आरएसएस की तुलना तालिबान से ही करूंगा, वे भारतीय तालिबान हैं और प्रधानमंत्री लाल किले से उनकी सराहना कर रहे हैं। पूर्व राज्यसभा सांसद ने कहा- 'क्या कोई 'संघी' था, जिसने आज़ादी की लड़ाई में हिस्सा लिया था? यह शर्म की बात है कि आरएसएस एक पंजीकृत संगठन नहीं है। हमें नहीं पता कि उन्हें पैसा कहां से मिलता है। भाजपा और आरएसएस इतिहास को तोड़-मरोड़ने में माहिर हैं। वे इतिहास को फिर से लिखने की कोशिश कर रहे हैं।

गुजरात में भीषण सड़क हादसा

कार-SUV में टक्कर के बाद 7 की जिंदा जलकर मौत

सुरेंद्रनगर। गुजरात के सुरेंद्रनगर जिले में रविवार को एक हाईवे पर कार और एसयूवी के बीच हुई भीषण टक्कर के बाद आग लगने से कार में सवार सात लोगों की जिंदा जलकर मौत हो गई। यह दुर्घटना डेडादरा गांव के निकट अपराह्न लगभग साढ़े तीन बजे हुई। विस्तृत जानकारी का इंतजार है। वधावन पुलिस थाने के निरीक्षक पीबी जडेजा ने बताया कि इस दुर्घटना में कार में सवार 7 लोगों की जिंदा जल कर मौत हो गई। वहीं एसयूवी में सवार 3 लोग मामूली रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के कारण हाईवे पर ट्रैफिक जाम लग गया। दमकल विभाग के टीम ने राहत और बचाव अभियान चलाया लेकिन लोगों को बचाया नहीं जा सका।

अमेरिकी अफसरों की टीम नहीं आएगी भारत

ट्रेड डील फंसी, आखिर क्या करेंगे पीएम मोदी?

नई दिल्ली। भारत और अमेरिका के बीच ट्रेड डील को लेकर चल रही बातचीत फिलहाल रुक गई है। अगस्त के दूसरे पखवाड़े में अमेरिकी अफसरों को भारत आना था लेकिन अब अमेरिका ने इस यात्रा पर फिलहाल के लिए रोक लगा दी है। सूत्रों से यह जानकारी मिली है। दोनों देशों के बीच ट्रेड डील को लेकर बातचीत इस साल नरेंद्र मोदी की फरवरी में अमेरिका यात्रा के बाद शुरू हुई थी। ट्रंप ने भारत से अपने अच्छे रिश्तों के बावजूद अचानक 50% टैरिफ लगाने का ऐलान कर दिया था। इसमें से 25% टैरिफ लागू हो चुका है जबकि 25% 27

अगस्त से लागू होगा। भारत को हाल ही में अलास्का में हुई डोनाल्ड ट्रंप और रूस के पुतिन की मुलाकात से कुछ उम्मीदें थी लेकिन वहां से भी कोई नतीजा नहीं निकला।

नाम बदला है

मेरा पुराना नाम **शिल्पाबेन नरेशभाई बोराडा** था जिसे बदल कर नया नाम **शिल्पाबेन नरेशभाई बोरडा** रखा गया है।
इन सब बातों पर ध्यान दें।
हस्ताक्षरः शिल्पाबेन नरेशभाई बोरडा
पत्ता: 203 गीतांजलि सोसाइटी, जेसर रोड, ओंकारेश्वर मंदिर के बगलमे, सावरकुंडला, अमरेली- 364515, गुजरात

नाम बदला है

मेरा पुराना नाम **बोराडा टिया नरेशभाई** था जिसे बदल कर नया नाम **बोरडा टिया नरेशभाई** रखा गया है।
इन सब बातों पर ध्यान दें।
हस्ताक्षरः बोरडा टिया नरेशभाई
पत्ता: 604 सिल्वर क्लासिक बिल्डिंग 6 माला, सुभाष रोड, विले पार्ले, ईस्ट मुंबई- 400057, महाराष्ट्र

नाम बदला है

मेरा पुराना नाम **नरेशभाई तुलशीभाई बोराडा** था जिसे बदल कर नया नाम **नरेशभाई तुलसीभाई बोरडा** रखा गया है।
इन सब बातों पर ध्यान दें।
हस्ताक्षरः नरेशभाई तुलसीभाई बोरडा
पत्ता: 203, गीतांजलि सोसाइटी, जेसर रोड नियर ओंकारेश्वर टेंपल सावरकुंडला, अमरेली- 364515, गुजरात

राहुल गांधी की मतदाता अधिकार यात्रा पर भाजपा का तंज

कहा- यह झूठ की बुनियाद पर कहानी गढ़ने की कोशिश

महानगर नेटवर्क

नई दिल्ली

बिहार के सासाराम से शुरू हुई राहुल गांधी की मतदाता अधिकार यात्रा पर भाजपा ने तंज कसा है। भाजपा नेता सीआर केसवन ने इसे संविधान बदनाम यात्रा करार दिया। वहीं भाजपा सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने कहा कि राहुल गांधी झूठ की नींव कहानी गढ़ने की कोशिश कर रहे हैं। इसके अलावा बिहार भाजपा के अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने यात्रा को पंक्चर टायर कहा। राहुल गांधी और कांग्रेस की मतदाता अधिकार यात्रा

बिहार में 16 दिनों तक चलेगी और करीब 1,300 किलोमीटर की दूरी तय करेगी। भाजपा नेता सीआर केसवन ने राहुल गांधी पर अलोकतांत्रिक और छलपूर्ण तरीके से भय फैलाने की रणनीति के तहत संविधान खत्म करने का प्रयास करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और उसकी सहयोगी राजद एक व्यक्ति, एक वोट की रक्षा की बात करते हैं, लेकिन उनका असली एजेंडा एक परिवार और एक वंशवादी शासन को बढ़ावा देने पर केंद्रित है।

उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की यात्रा कुछ और नहीं, बल्कि संविधान बदनाम यात्रा है। डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर जी के संविधान को अलोकतांत्रिक और छलपूर्ण तरीके से डराने-धमकाने की राहुल गांधी की जानबूझकर और बार-बार की गई कोशिशें बुरी तरह विफल होंगी।

कर्नाटकः 'दिसंबर के बाद सीएम बदलेंगे'

- विधायक को इस बयान के लिए मिला कारण बताओ नोटिस
- कांग्रेस हाईकमान सतर्क

महानगर नेटवर्क

बंगलूरू

कांग्रेस ने एक बार फिर अपने ही विधायक के बयान पर कड़ा रुख अपनाया है। राज्य अनुशासन समिति ने चन्नागिरी से विधायक बसवराजु वी. शिवगंगा को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। दरअसल, शिवगंगा ने दावा किया था कि उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार दिसंबर के बाद कर्नाटक के अगले मुख्यमंत्री बनेंगे। इस बयान से पार्टी के भीतर नेतृत्व परिवर्तन की चर्चा फिर तेज हो गई, जबकि मुख्यमंत्री सिद्धारमैया साफ कर चुके हैं कि वह पांच साल के कार्यकाल को पूरा करेंगे। शिवगंगा ने शनिवार को दावणगेरे में मीडिया से कहा था कि दिसंबर के बाद डीके शिवकुमार मुख्यमंत्री बनेंगे। इस बयान के बाद कांग्रेस में सियासी हलचल बढ़ गई। अनुशासन समिति के समन्वयक निवेदित अल्वा ने जारी नोटिस में कहा कि विधायक के बयान ने पार्टी

के भीतर भ्रम और असहज स्थिति पैदा की है। इसे पार्टी अनुशासन का गंभीर उल्लंघन माना गया है। नोटिस में साफ कहा गया है कि शिवगंगा को अपने बयान पर सात दिन के भीतर स्पष्टीकरण देना होगा। पार्टी ने चेतावनी दी है कि बार-बार ऐसे गैरजिम्मेदाराना बयान देने से अनुशासनात्मक कार्रवाई तय है। कांग्रेस नेतृत्व ने पहले भी विधायकों को स्पष्ट हिदायत दी थी कि मुख्यमंत्री पद या नेतृत्व परिवर्तन जैसे संवेदनशील मुद्दों पर सार्वजनिक रूप से बयानबाजी न करें। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने भी शिवगंगा के बयान को अनुशासनहीनता बताया।

'जब पीएम मोदी ने पूछा कि मुझे कैसे प्रशिक्षण दोगे?'

CBC के पूर्व चेयरमैन ने की प्रधानमंत्री की तारीफ

महानगर नेटवर्क

नई दिल्ली

क्षमता निर्माण आयोग (CBC) के पूर्व चेयरमैन आदिल जैनुलभाई ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ की है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने ही सिविल सेवकों के क्षमता निर्माण कार्यक्रम का एजेंडा और लक्ष्य तय किया था। एक बार तो पीएम मोदी ने मुझसे पूछा था कि मैंने उनको प्रशिक्षण देने के लिए क्या योजना बनाई है। वे पूछ रहे थे कि मुझे कैसे प्रशिक्षण दोगे? पीएम मोदी ने हमें काफी प्रोत्साहित किया। आदिल जैनुलभाई एक अप्रैल 2021 को क्षमता निर्माण आयोग के चेयरमैन बने थे। हाल ही में चार वर्ष का कार्यकाल पूरा करने के बाद उन्होंने इस महत्वपूर्ण पद से इस्तीफा दे दिया। वे भारतीय गुणवत्ता परिषद (क्यूसीआई) के अध्यक्ष भी रह चुके हैं। एक इंटरव्यू में जैनुलभाई ने कहा कि प्रधानमंत्री ने एजेंडा तय किया और हमें प्रोत्साहित किया। उन्होंने बहुत ऊंचा लक्ष्य रखा और हमें कुछ करने को कहा। जब मैंने पहली बार उन्हें अपडेट दिया, तो उन्होंने कहा कि एक अहम बात छूट गई है। वह यह कि आपने मेरे लिए कोई प्रशिक्षण योजना नहीं बनाई है। आयोग में अपने कार्यकाल को लेकर जैनुलभाई ने कहा कि सीबीसी की शुरुआत प्रधानमंत्री का विचार था। शुरू में इसे सिविल सेवकों की योग्यता निर्माण को ध्यान में रखकर तैयार किया गया था। इसे नागरिक केंद्रित होने और प्रौद्योगिकी को आगे बढ़ाने पर भी केंद्रित किया गया। हालांकि इस कार्यक्रम से अब तक जो हासिल हुआ है वह तो शुरुआत है। अभी बहुत कुछ करना बाकी है। जैनुलभाई ने कहा कि कई देश अपने सिविल सेवकों की क्षमता निर्माण के लिए मिशन कर्मयोगी और डिजिटल प्लेटफॉर्म, इसके पाठ्यक्रमों तक पहुंच चाहते हैं। प्रधानमंत्री ने कैरेबियाई और अफ्रीकी देशों से इसका वादा किया है।

'जिन्ना से पहले सावरकर ने दिया द्वि-राष्ट्र विचार'

प्रियांक खरगे ने आंबेडकर के बयान का दिया हवाला

बंगलूरू। कर्नाटक सरकार के मंत्री प्रियांक खरगे ने दावा किया है कि द्वि-राष्ट्र सिद्धांत की अवधारणा मोहम्मद अली जिन्ना और मुस्लिम लीग द्वारा दिए जाने से पहले विनायक दामोदर सावरकर द्वारा दी गई थी। एक्स पर साझा एक पोस्ट में, सूचना प्रौद्योगिकी और जैव प्रौद्योगिकी मंत्री ने कहा कि 'द्वि-राष्ट्र का विचार सबसे पहले वीर सावरकर ने रखा था और उनके टुकड़े-टुकड़े गिरोह ने इसका समर्थन किया था।' प्रियांक खरगे ने सावरकर के लेखों और भाषणों का हवाला देते हुए सोशल मीडिया पोस्ट में बताया 'एसेंशियल्स ऑफ हिंदुत्व (1922 में लिखी गई) में, सावरकर हिंदुत्व को धर्म से नहीं, बल्कि मातृभूमि से परिभाषित करते हैं, भारत को 'पितृभूमि और पवित्रभूमि' दोनों के रूप में परिभाषित करते हैं।' खरगे ने बताया कि '1937 में अहमदाबाद में हिंदू महासभा के 19वें अधिवेशन के दौरान, सावरकर ने कहा था।

राजस्थान में सनसनीखेज वारदात

नीले ड्रम में मिली शख्स की लाश, पत्नी-बच्चे गायब

खैरथल। राजस्थान के खैरथल जिले के किशनगढ़बास कस्बे में एक रूह कंपाने वाला मामला सामने आया है। यहां एक मकान की छत पर नीले पानी के ड्रम में लाश मिलने से कस्बे में हड़कंप मच गया। मामले की सूचना लगते ही पुलिस के आला अधिकारी मौके पर पहुंचे और पूरे मामले की जानकारी में जुट गए । साथ ही नीले ड्रम में लाश मिलने की सूचना आग की तरह पूरे क्षेत्र में फैल गई। जानकारी के मुताबिक मामले का पता उस वक्त चला जब छत पर गई महिला को अचानक बदबू आई और उसने पुलिस को इस बात की सूचना दी। मकान मालिक बुजुर्ग महिला मिथलेश ने बताया कि रविवार की शाम करीब 4 बजे वो घर की छत पर गई तो उसको बदबू आई । पास रखे ड्रम के नजदीक गई तो तेज बदबू आने लगी । महिला ने बताया कि उसने नीचे आकर अपने पोते से 100 नंबर पर फोन लगवाया और पूरे मामले की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस जांच कर रही है। बुजुर्ग महिला ने बताया कि मृतक अपने परिवार के साथ डेढ़ महीने पहले किराए पर आया था और मृतक की पत्नी-बच्चे दो तीन दिन से यहां नहीं हैं। किशनगढ़बास डीएसपी राजेन्द्र सिंह ने बताया कि किशनगढ़बास कस्बे के आदर्श कॉलोनी से रविवार शाम 4 बजे के करीब कंट्रोल रूम में फ़ोन आया कि मकान की छत पर रखे ड्रम में एक लाश है जिसमें से बदबू आ रही है। मौके पर पुलिस टीम भेजी गई।

कुछ अपराधों को अपराधमुक्त करेगी सरकार

शुभांशु शुक्ला की भारत वापसी पर लोकसभा में होगी विशेष चर्चा

नई दिल्ली। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल आज लोकसभा में जन विश्वास (संशोधन) विधेयक 2025 पेश करेंगे। यह विधेयक जीवन और व्यापार को सुगम बनाने के लिए कुछ छोटे अपराधों को अपराधमुक्त करेगा। लोकसभा की वेबसाइट पर प्रकाशित लोकसभा की कार्यसूची के अनुसार 'मंत्री जन विश्वास (प्रावधानों में संशोधन) विधेयक, 2025 पेश करेंगे, जिसका उद्देश्य जीवन और व्यापार को सुगम बनाने के लिए, विश्वास-आधारित शासन को और बेहतर बनाने के लिए अपराधों को अपराधमुक्त बनाने के लिए कुछ अधिनियमों में संशोधन करना है'। इस विधेयक के माध्यम से 350 से अधिक प्रावधानों में संशोधन का प्रस्ताव है। एक अधिकारी के अनुसार, इस कदम से देश में

अधिक व्यवसाय और नागरिक-केंद्रित वातावरण बनाने में मदद मिलेगी। यह विधेयक देश के व्यावसायिक माहौल को बेहतर बनाने के सरकार के प्रयास का हिस्सा है। इससे पहले 2023 में, जन विश्वास (प्रावधानों में संशोधन) अधिनियम पारित किया गया था, जिसके तहत 19 मंत्रालयों और विभागों द्वारा प्रशासित 42 केंद्रीय अधिनियमों के 183 प्रावधानों को अपराधमुक्त कर दिया गया था। इस अधिनियम के तहत सरकार ने कुछ प्रावधानों में कारावास और जुर्माने को हटा दिया है। कुछ नियमों में कारावास को हटा दिया गया और जुर्माने को बरकरार रखा गया, जबकि कुछ मामलों में कारावास और जुर्माने को दंड में बदल दिया गया। 15 अगस्त को अपने स्वतंत्रता दिवस भाषण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी कहा 'हमारे देश में ऐसे कानून हैं, जो सुनने में भले ही आश्चर्यजनक लगें, लेकिन इनमें मामूली बातों पर कारावास का प्रावधान हैं, और किसी ने कभी उन पर ध्यान नहीं दिया।'

बृहन्मुंबई महानगरपालिका

वी.एन. देसाई मनपा सर्वसाधारण अस्पताल, सांताक्रूज (पू), मुंबई – 55
क्र. एचओ/4066/वीएनडीएच, दि. 14.08.2025

ई-निविदा सूचना

बृहन्मुंबई महानगरपालिका (एमसीजीएम) आयुक्त द्वारा इस लाइन में कार्यरत पात्र एनजीओ से बोलियां/ई-निविदा आमंत्रित की जाती है. ई-निविदा विवरण निम्नानुसार हैं :

अ.क्र.	मापदंड	विवरण	
1	ई-निविदा /बोली क्र.	2025_एमसीजीएम_1210283_1	
2	विभाग	परिधीय अस्पताल	
3	ई-निविदा का विषय	बी.एम.सी. सांताक्रूज (पू) मुंबई – 400 055 के वी.एन. देसाई अस्पताल हेतु इंजे. सेफ्ट्रीजोन 1 जीएम 1एम/1वी मात्रा – 12000 वायल्स एवं इंजे. एमोक्सीसाइलिन 1 जीएम+ क्लॉवुलैनिक एसिड 200 एमजी वायल्स 4500 की खरीद	
4	संपर्क विवरण	चिकित्सा अधीक्षक, दूरभाष क्र. : 022-26151506 ईमेल : vndesaihospital@yahoo.com	
5	महत्वपूर्ण तारीख	विवरण	तारीख से
		ऑनलाइन ई-निविदा डाउनलोड की आरंभिक तिथि	18.08.2025 @ 15.00 बजे
		ऑनलाइन ई-निविदा जमा करने की अंतिम तिथि	28.08.2025 को 15.00 बजे तक

ई-निविदा महाटेंडर पोर्टल https://mahatenders.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है अथवा हमें 022-26151506 पर कॉल करें.

हस्ता./-
कृते चिकित्सा अधीक्षक (प्रभारी)
वी.एन. देसाई मनपा सर्वसाधारण अस्पताल,
सांताक्रूज (पू), मुंबई 400 055

स्थान : मुंबई
पीआरओ/1295/विज्ञा./2025-26

अपनी मर्जी से दवाईयां कभी ना लें

घर के मंदिर में नहीं रखनी चाहिए ये मूर्तियां

जानें वास्तु के सही नियम

घर में पूजा घर का विशेष महत्व होता है। यह एक ऐसा स्थान होता है, जहां ऊर्जा का संचार सबसे शुद्ध और सकारात्मक माना जाता है। इसलिए इसे हमेशा साफ-सुथरा और नियमों के अनुसार रखना जरूरी है। वास्तु शास्त्र में पूजा घर से जुड़े कुछ नियम बताए गए हैं। इसमें यह भी बताया गया है कि घर के मंदिर में कौन सी मूर्तियां या तस्वीर रखना शुभ या अशुभ होता है। आइए जानते हैं कि पूजा घर में किस प्रकार की मूर्तियों को रखने से बचना चाहिए और किन्हें रखना

पूजा घर से जुड़े वास्तु नियम

पूजा स्थल की पवित्रता बनाए रखना बहुत जरूरी है। यहां हर रोज साफ-सफाई करनी चाहिए और गंदगी या अव्यवस्था से बचना चाहिए। घर के मंदिर में देवी-देवताओं की मूर्तियों को रखने के कुछ विशेष नियम होते हैं। मूर्तियों की संख्या सीमित होनी चाहिए और उन्हें साफ-सुथरे स्थान पर रखा जाना चाहिए।

राधा-कृष्ण की मूर्ति

वास्तु के अनुसार पूजा घर में राधा-कृष्ण की मूर्ति साथ में रखना बहुत शुभ माना जाता है। यह प्रेम और सौहार्द का प्रतीक होता है।

विष्णु और शिवलिंग साथ में न रखें

भगवान विष्णु और शिवलिंग को एक ही स्थान पर नहीं रखना चाहिए क्योंकि दोनों की पूजा विधियां अलग होती हैं।

त्रिदेव की मूर्ति एक साथ न रखें

ब्रह्मा, विष्णु और महेश, इन तीनों की प्रतिमाएं एक साथ रखने से बचना चाहिए। यह वास्तु नियमों के अनुसार उचित नहीं माना जाता।

हनुमान जी की मूर्ति बेडरूम में न रखें

विवाहित जोड़ों को अपने शयनकक्ष में हनुमान जी की मूर्ति नहीं रखनी चाहिए, क्योंकि वे ब्रह्मचारी हैं और उनके स्थान के लिए अलग पूजा क्षेत्र होना चाहिए।

मृतकों की तस्वीरें न रखें

पूजा घर में दिवंगत परिजनों की तस्वीरें या मूर्तियां नहीं रखनी चाहिए। इससे पूजा स्थान की शुद्धता प्रभावित हो सकती है।

उग्र देवताओं की छवियां

मां काली, शनि देव, राहु और केतु जैसे उग्र स्वभाव वाले देवताओं की तस्वीरें या मूर्तियां घर के मंदिर में नहीं रखनी चाहिए। इनकी पूजा विशेष विधियों से अलग स्थान पर की जाती है।

क्रोधित मुद्रा की मूर्तियां न रखें

पूजा घर में सिर्फ शांत, प्रसन्न और आशीर्वाद देती हुई मुद्रा में देवताओं की मूर्तियां रखें। संहार रूप या क्रोधित मुद्रा वाली मूर्तियां रखने से बचना चाहिए।

चाय में कद्दूकस करके डालें अदरक

अदरक वाली चाय भला किसे पसंद नहीं होती हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं कि चाय में अदरक डालने का सही तरीका क्या है? अगर नहीं तो आइए हम आपको बताते हैं। हमारे देश में चाय सिर्फ एक पेय पदार्थ नहीं बल्कि इमोशन है। घर में चाहे कोई मेहमान आ जाए या दोस्तों के साथ गपशप करनी हो, मूड फ्रेश करना हो या नींद भगानी हो एक कप चाय मिल जाए तो पूरा दिन बन जाता है और सोने पर सुहागा तब होता है जब यह चाय अदरक वाली हो।

अदरक वाली चाय पीकर सिर दर्द से लेकर मूड फ्रेश हो जाता है। अक्सर देखा जाता है कि जो लोग अदरक वाली चाय बनाते हैं कई बार वह फट जाती है या फिर उसमें अदरक का स्वाद ऊपर नीचे हो जाता है, जिससे चाय अच्छी नहीं लगती है। ऐसे में हम आपको बताते हैं चाय में अदरक कैसे डालनी चाहिए-

अगर आप चाय में कद्दूकस करके अदरक डालते हैं तो इससे अदरक का रस डायरेक्ट चाय में चला जाता है और इससे चाय बहुत अच्छी और कड़क बनती है। इसलिए हमेशा चाय में अदरक किसकर ही डालें।

कूटकर अदरक डालें

जब आप किसी ओखली या बर्तन में अदरक को कूटकर चाय में मिलाते हैं तो अदरक का रस उस बर्तन या ओखली में ही रह जाता है, जिससे चाय में कम मात्रा में अदरक का रस जाता है और चाय का स्वाद इतना बेहतरीन नहीं आता है।

चाय में कब डालें अदरक

अक्सर लोगों का सवाल है कि चाय बनाते समय दूध में अदरक डालनी चाहिए या पानी में डालकर उबालना चाहिए? पानी में सबसे पहले चाय पत्ती और चीनी डालकर उबाल लें, इसके बाद अदरक डालकर एक उबाल आने दें और फिर दूध डालकर इसे अच्छी तरह से पका लें।

आम के पत्तों के इन उपायों से बढ़ेगी सुख-समृद्धि, दूर होंगी हर बाधाएं

हिंदू धर्म में पेड़-पौधों की पूजा की जाती है। खासतौर पर पूजा-पाठ में आम की पेड़ की लकड़ियों और पत्तियों का इस्तेमाल बेहद शुभ माना जाता है। वास्तु शास्त्र में सभी दुख-दुविधाओं से छुटकारा पाने और सुख सौभाग्य के लिए आम के पत्तियों से जुड़े खास उपाय बताए गए हैं। इन उपायों से व्यक्ति के जीवन की सभी बाधाएं दूर होती हैं और जीवन में धन-संपन्नता और खुशहाली आती है। चलिए जानते हैं इन उपायों के बारे में...

आर्थिक तंगी दूर करने के उपाय:

रुका हुआ धन वापस पाने या धन की कमी को दूर करने के लिए आम के 11 पत्तियों की डाली को 11 बार कच्चे सूत से लपेटकर शहद में डुबोकर शिवलिंग के अशोक सुंदरी की जगह पर अर्पित करें। ध्यान रखें कि शहद से डुबे हुए भाग का मुख शिवलिंग की ओर हो। मान्यता है कि इन उपायों को करने से धन की तंगी दूर होती है और घर में धन-संपन्नता बढ़ती है।

बुरी नजर होगी दूर:

घर के मुख्यद्वार पर आम के पत्तों का तोरण लगाने से घर की सकारात्मक ऊर्जा बढ़ती है। परिवार के किसी भी सदस्य को बुरी नजर नहीं लगती है। घर की पॉजिटिविटी से हमेशा मांगलिक कार्यों के योग बनते हैं और घर में सुख-समृद्धि के मार्ग खुलते हैं।

धन लाभ के उपाय:

वास्तु शास्त्र के अनुसार, पूजा के दौरान आम के पत्तों पर बारिश का जल छिड़कने से धन की तंगी दूर होती है और धन लाभ के कई स्त्रोत बनते हैं।

गणेश जी को चढ़ाए आम का पत्ता:

वास्तु के अनुसार, शुभ कार्यों में गणेश जी को आम का पत्ता अर्पित करने से व्यक्ति के जीवन में सुख-सुविधाओं की कभी कमी नहीं रहती है और व्यक्ति के घर में धन-समृद्धि आती है। पूजा के दौरान घर के मंदिर आम के पत्तों से सजाना भी मंगलकारी माना जाता है।

करियर में सफलता:

मान्यता है करियर में आ रही बाधाओं से निपटने के लिए आम के पेड़ की जड़ों पर जल अर्पित करना चाहिए और आम के पेड़ को प्रणाम करें। ऐसी करने मात्र से करियर से जुड़ी दिक्कतें दूर होती हैं और सफलता के मार्ग खुलते हैं।

सेहत का खजाना है काली किशमिश

ड्राई फ्रूट्स में शुमार की जाने वाली मीठी किशमिश तो आपने खूब खाई होगी। लेकिन, क्या आपने कभी काली किशमिश का स्वाद चखा है। आयुर्वेद में काली किशमिश को स्वास्थ्य के लिए रामबाण कहा गया है। इसे खाने से शरीर को बहुत सारे फायदे मिलते हैं। खासकर अगर महिलाओं के स्वास्थ्य की बात करें तो काली किशमिश को खाने के साथ-साथ इसका पानी पीने से मासिक धर्म की अनियमितता और हार्मोन का असंतुल भी ठीक हो सकते हैं। जानिए औरतों के लिए काली किशमिश और उसका पानी कितना फायदेमंद है। पीली किशमिश की तरह काली किशमिश भी शरीर में खून की कमी पूरी करती है। महिलाएं अक्सर एनीमिया का शिकार होती हैं और ऐसे में काली किशमिश एनीमिया में काफी आराम देती है। काली किशमिश में ढेर सारा आयरन होता है। काली किशमिश में प्रोटीन, आयरन और ढेर सारा फाइबर होता है। इसके अलावा काली किशमिश में पाए जाने वाले एंटी-ऑक्सिडेंट्स भी शरीर को कई तरह की बीमारियों से सुरक्षित रखते हैं।

- काली किशमिश आयरन से भरपूर होने के कारण महिलाओं के शरीर में ब्लड की कमी पूरी करती है। खासकर पीरियड्स (Periods) और डिलीवरी को बाद इसका सेवन जरूर करना चाहिए। इससे शरीर में ढेर सारा आयरन जाता है और खून की कमी पूरी होती है।
- पीरियड्स के दौरान अक्सर महिलाओं के शरीर में हॉर्मोनल इम्बैलेंस हो जाता है। कुछ ऐसा ही मैनोपॉज के दौरान होता है। ऐसे में अगर रोज काली किशमिश का पानी पिया जाए तो शरीर में हार्मोन का असंतुलन सही हो जाता है।
- बॉडी को सही तरीके से डिटॉक्स करने के लिए काली किशमिश बहुत कारगर मानी जाती है।
- काली किशमिश खूबसूरती को बरकरार रखने में काफी कारगर है। दरअसल इसका पानी रोज पीने से त्वचा पर प्राकृतिक ग्लो आता है और चेहरा चमकने लगता है।
- काली किशमिश में पाया जाने वाला आयरन महिलाओं के बालों को नैचुरली हेल्दी और शाइनी बनाए रखने में मदद करता है। अगर इसका पानी रोज पिया जाए तो बाल उम्र से पहले सफेद होने की परेशानी भी कम होने लगती है।

नहाने के बाद जरूर करें ये 4 काम

जीवन में होगा धन लाभ

आर्थिक रूप से समृद्ध रहने के लिए आपको घर में वास्तु का विशेष ध्यान रखना चाहिए। अघर आपके घर में वास्तु के हिसाब से चीजें नहीं हैं, तो इसकी वजह से कई दिक्कतें आ सकती हैं। ऐसा माना जाता है कि घर पर सुबह के समय वास्तु के हिसाब से काम करने से पॉजिटिव एनर्जी आती हैं और इससे आपको आर्थिक लाभ भी होता है। अगर आप सुबह के समय घर पर वास्तु के हिसाब से कुछ काम नहीं करते हैं, तो इससे कई नुकसान हो सकते हैं।

अगर आप अपने जीवन से नेगेटिव एनर्जी को खत्म करना चाहते हैं और आर्थिक रूप से खुद को मजबूत बनाना चाहते हैं, तो सुबह नहाने के बाद घर पर ये काम जरूर करें। ऐसा करने से आपको धन लाभ होता है और जीवन में शांति बनी रहती है। घर पर नहाने के बाद वास्तु के हिसाब से काम करने से आपको कई फायदे मिलते हैं। अगर आप नहाने के बाद वास्तु के हिसाब से काम करते हैं, तो इससे आपके जीवन में धनलाभ होता है और पॉजिटिव एनर्जी बनी रहती है। सुबह नहाने के बाद हिंदू धर्म के लोग अपने आराध्य भगवान की पूजा जरूर करते हैं। अगर आप सुबह स्नान करने के बाद ये काम करते हैं, तो आपको धन लाभ होगा और जीवन में शांति बनी रहेगी-

- सुबह स्नान करने के बाद घर में गंगाजल से छिड़काव करना बहुत शुभ माना जाता है। सुबह स्नान करने के बाद घर में गंगाजल का छिड़काव करने से घर में सुख समृद्धि बनी रहती है।
- स्नान के बाद घर के मुख्य द्वार पर गंगाजल का छिड़काव करने से आर्थिक हानि नहीं होती है और सकारात्मक एनर्जी का प्रवाह होता है। डस्नान करने के बाद घर में हल्दी का छिड़काव करने से सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह होता है और शांति बनी रहती है। अगर आप घर में सुख और समृद्धि चाहते हैं, तो नहाने के बाद घर के मुख्य द्वार पर हल्दी के पानी का छिड़काव करना चाहिए।
- घर में सुख समृद्धि बनाए रखने के लिए सुबह स्नान करने के बाद नमक पानी का छिड़काव करना चाहिए। ऐसा करने से घर में नकारात्मक ऊर्जा नहीं रहती है और धन लाभ होता है।

डैंड्रफ

खत्म करने का आसान तरीका

बालों में डैंड्रफ और सिर में पपड़ी जैसी समस्याएं होना आम हैं, लेकिन ये किसी भी इंसान को परेशान करने के लिए काफी हैं। इससे निजात पाने के लिए लोग कई तरह के उपाय करते हैं। ऐसा करने से कई बार उनकी समस्या खत्म भी हो जाती है तो कई बार नहीं भी। ऐसे लोगों के लिए पूजा-आरती में काम आने वाली कपूर की टिकिया ज्यादा असरदार हो सकती है। इसको लगाने से बालों में डैंड्रफ और सिर में पपड़ी ही नहीं, बल्कि स्कैल्प इंफेक्शन भी दूर होता है। बता दें कि, कपूर एंटी-फंगल और एंटी-बैक्टीरियल होने के कारण ये बालों में इलास्टीन और कोलेजन के प्रोडक्शन को बढ़ावा देता है, जिससे बालों का टैक्सचर सही रहता है। आइए जानते हैं इसके इस्तेमाल का सही तरीका।

कपूर के साथ नारियल तेल का करें इस्तेमाल

कपूर के साथ नारियल का तेल खुजली दूर करने में बेहद असरदार माना जाता है। यदि आपको खुजली या फंगस की दिक्कत है तो आप इसका इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए नारियल ते ल को गर्म करें और उसमें थोड़ा सा कपूर पाउडर घोलें। इसके बाद इसको अपने स्कैल्प पर लगा लें। इसे 1 घंटा लगा रहने के बाद शैम्पू से धो लें। ऐसा करने से खुजली भी शांत होगी और फंगस पैदा करने वाले रूसी से भी दूरी होगी। यदि आप डैंड्रफ से परेशान हैं तो कपूर के साथ नीम का इस्तेमाल अधिक फायदेमंद होगा। इसके लिए कपूर और नीम की पत्तियों को पीस लेंगे। अब इसे अपने बालों और स्कैल्प पर लगाएंगे। करीब 30-40 मिनट लगा रहने के बाद इसे अच्छी तरह से धो लें। ऐसा करने से बालों की स्कैल्प साफ होगी। साथ ही डैंड्रफ और खुजली को समस्या भी दूर होगी।

कपूर, रीठा व दही का करें इस्तेमाल

कपूर, रीठा और दही का मिश्रण सेहत के लिए फायदेमंद होता है। बता दें कि, रीठा बालों को हेल्दी रखता है और कपूर एंटीबैक्टीरियल होने से स्कैल्प की समस्या से राहत दिलाता है। इसके अलावा दही को लगाने से खुजली से आराम मिलता है। इसको लगाने के लिए रीठे को उबालकर इसमें दही और कपूर पीस कर मिला लें। इसको लगाने के करीब 30 मिनट बाद शैंपू किया जा सकता है।

कपूर के साथ नींबू का करें इस्तेमाल

कपूर के साथ नींबू का इस्तेमाल करने से डैंड्रफ से निजात मिलती है। इसके लिए एक नींबू का पीस लें और इसमें कपूर को मिलाकर इसे स्कैल्प और बालों में लगा लें। इसको करीब 30 मिनट तक लगाने के बाद शैंपू कर लें। ऐसा करने से डैंड्रफ की समस्या खत्म होती है।

बच्चे को अनुशासन सिखाने का बेस्ट तरीका

बच्चे जब बात नहीं सुनते और कही हुई बात का बिल्कुल उल्टा काम करते हैं तो गुस्सा आना लाजिमी है। कई बार पैरेंट्स इस गुस्से में बच्चों को तेजी से डांट देते हैं या फिर मारने लगते हैं। लेकिन ये पैरेंटिंग का सबसे गलत तरीका है। क्योंकि बच्चों को मारने से उनके मेंटल हेल्थ पर बुरा असर पड़ता है और वो कई बार एग्रेसिव हो जाते हैं या फिर दब्बू। बच्चों को डिसिप्लिन सिखाने का एक्सपर्ट का बताया ये तरीका काफी काम आ सकता है।

कुछ समय बिताएं

बच्चे कई बार पैरेंट्स से नाराज होकर या चिढ़कर उल्टे काम करते हैं या फिर बात नहीं सुनते। इसलिए अपने बच्चों के साथ बॉडिंग जरूर बनाएं। कितना भी बिजी दिन हो कम से कम 5 मिनट तो बच्चे के लिए जरूर निकालें। जब आप बैठकर उससे बातें और करे और दिनभर की एक्टीविटी के बारे में पूछें। ऐसे में बच्चा छोटा हो या टीनएज का दोनों ही पैरेंट्स के साथ बैठना पसंद करेंगे और बात करेंगे। ध्यान रहे कि कि आप दोनों की बातों के बीच में मोबाइल, टीवी, इंटरनेट बिल्कुल भी रुकावट पैदा ना करें।

बच्चे को डिटेल में समझाएं

बच्चे को केवल बदमाशी ना करने या फिर गंदगी ना फैलाने के लिए मना करना ठीक नही है। क्योंकि कई बार बच्चे समझ ही नहीं पाते कि उनसे पैरेंट्स चाहते क्या है। इसलिए उन्हें बिल्कुल डिटेल में और क्लियर कहें कि इस काम को ना करो या फिर इस काम को करो।

अच्छे बिहेवियर पर तारीफ करें

बच्चे के रोने, चिल्लाने या बुरे बर्ताव पर आप फौरन रिएक्ट करते हैं। लेकिन अच्छे व्यवहार को यूं ही जाने देते हैं। इससे बच्चा वहीं करेगा जो आपका अटेंशन ले सके। बच्चा जब आपकी बात आसानी से मान रहा है और कहा हुआ सारा काम कर रहा है। तो उसके व्यवहार की तारीफ करें और इनाम दें। जिससे बच्चे को समझ आए कि मम्मी-पापा को इस तरह का काम या व्यवहार पसंद है।

डिस्ट्रैक्ट करना आएगा काम

बच्चा जब किसी गलत चीज की डिमांड कर रहा या फिर रो रहा है तो उसे किसी क्रिएटिव चीज में इंगेज करें। माइंड डाइवर्ट करने से उसका ध्यान अपनी एक्टीविटी से हटकर दूसरे गेम या काम पर चला जाएगा।

लहसुनी पालक

पालक एक ऐसी हरी पत्तेदार स जी है जो गुणों का खजाना है। इसे खाने से शरीर में संक्रमण का खतरा कम रहता है। इससे स्वास्थ्य को कई लाभ हैं। पालक में विटामिन के, मैग्निशियम, कैलशियम, आयरन और फास्फोरस पाया जाता है। इस वजह से लोग ज्यादा से ज्यादा पालक का सेवन करते हैं। हालांकि कई बार एक ही तरह के डिश खा कर लोग बोर हो जाते हैं। तो क्यों ना पालक की नई किस्म की डिश बनाई जाए...

आवश्यक सामग्री

पालक 200 ग्राम, मेथी 30 ग्राम, एक छोटा चम्मच हींग, चार चम्मच तेल, एक से दो बारीक कटी हुई प्याज दो चम्मच अदरक लहसुन का पेस्ट, तीन चम्मच बेसन दो चम्मच धनिया पाउडर, एक चम्मच जीरा पाउडर, एक चम्मच लाल मिर्च पाउडर, एक चम्मच हल्दी पाउडर, एक बारीक कटा हुआ टमाटर, आधा कप दही गरम मसाला, स्वादानुसार नमक

बनाने की विधि

लहसुनी पालक बनाने के लिए सबसे पहले पैन में पानी गर्म करें, अब पालक और मेथी को धोकर पानी में उबालने के लिए रख दें।

अच्छी तरह से उबलने के बाद पालक और मेथी को बर्फ के पानी में डालकर ठंडा कर लें।

अब इसे छानकर मिक्सर में ग्राइंड कर लें,

अब कड़ाही में तेल गर्म करने के लिए चढ़ाएं।

जब तेल गरम हो जाए तो इसमें हींग डालें, फिर प्याज और अदरक लहसुन का पेस्ट डालकर भूनें।

प्याज ब्राउन होने के बाद कड़ाही में बेसन मिक्स कर दें।

अब इसमें हल्दी पाउडर, लाल मिर्च पाउडर, धनिया पाउडर और जीरा पाउडर मिलाएं।

1 से 2 मिनट तक भूनने के बाद पैन में टमाटर डाले और हल्का सॉफ्ट होने के बाद इसमें पालक की प्यूरी ऐड कर दें।

अब इसमें गरम मसाला दही और नमक मिक्स करें,कुछ देर तक पकने के लिए इसे छोड़ दें,

अब तड़का तैयार करने के लिए दूसरे पैन में तेल गर्म करें।

इसमें जीरा, बारी कटे हुए लहसुन और कश्मीरी लाल मिर्च डालकर भूनें।

फिर इस मिक्सचर को पालक की सब्जी में डालकर चला दें।

तैयार हैं आपकी लहसुन पालक की सब्जी, इसे रोटी या चावल के साथ गरमागरम सर्व करें।

रोहित 45 की उम्र तक खेल सकते हैं

योगराज ने वनडे कप्तान के पांच साल और खेलने का समर्थन किया

नई दिल्ली। भारतीय टीम के पूर्व ऑलराउंडर युवराज सिंह के पिता योगराज सिंह का मानना है कि रोहित शर्मा उस स्तर के खिलाड़ी हैं जो 45 साल की उम्र तक भी खेल सकते हैं। रोहित ने टी20 अंतरराष्ट्रीय और टेस्ट प्रारूप को अलविदा कह दिया है, लेकिन वह अभी वनडे में खेलते हैं। इस पर चर्चा जोरों पर है कि क्या रोहित 2027 वनडे विश्व कप तक खेलना जारी रखेंगे? रोहित ने भारत के लिए आखिरी बार चैंपियंस ट्रॉफी में हिस्सा लिया था और उनकी कप्तानी में टीम ने खिताब अपने नाम किया था। रोहित ने न्यूजीलैंड के खिलाफ फाइनल में 76 रन बनाए थे। रोहित को उनकी पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया था। रोहित के खेलने या नहीं खेलने पर क्रिकेट विशेषज्ञों की अलग राय है क्योंकि उनकी फिटनेस बड़ा मुद्दा रही है। रोहित के भविष्य पर अभी कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी, लेकिन योगराज ने रोहित के अगले पांच साल और खेलने का समर्थन किया है। मालूम हो कि रोहित वनडे के अलावा आईपीएल में खेलते हैं। योगराज ने एक मीडिया संस्थान से बात करते हुए कहा, रोहित शर्मा ऐसे खिलाड़ी हैं जिसके बारे में कई लोग बकवास करते हैं।

घरेलू क्रिकेट में खेलने की दी सलाह

योगराज ने रोहित से खुद को फिट रखने के लिए घरेलू क्रिकेट में खेलने की सलाह दी है। योगराज ने कहा, मेरा मानना है कि रोहित को घरेलू क्रिकेट खेलना चाहिए। वह जितना खेलेंगे, उतने ही फिट रहेंगे। फाइनल में कौन प्लेयर ऑफ द मैच रहा था? रोहित शर्मा, इसलिए आपको सिर्फ उसी बारे में बात करनी चाहिए जिसे आप जानते हैं। अगर आपको उनके खेल और फिटनेस के बारे में बात करनी है, तो तभी करें जब आप किसी स्तर पर खेले हों। क्या आपको इस तरह बात करने में शर्म आती है?

चोट से वापसी के बाद चमके लियोनल मेसी

फोर्ट लॉडरडेल। अर्जेंटीना के स्टार फुटबॉलर लियोनल मेसी ने चोट से वापसी पर चमक बिखेरी और इंटर मियामी की जीत में योगदान दिया। दर्शकों के भारी समर्थन के बीच मेसी ने भी अपने प्रदर्शन से फैंस को निराश नहीं किया। स्टेडियम में लगातार मेसी... मेसी के नारे गूंजते रहे। मेसी ने मैच में एक गोल किया, जबकि एक गोल करने में मदद की जिससे इंटर मियामी ने मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) फुटबॉल टूर्नामेंट में एलए गैलेक्सी पर 3-1 से जीत दर्ज की। मेसी चोटिल होने के कारण पिछले दो मैच में नहीं खेल पाए थे। लेकिन उन्होंने इस मैच से वापसी की। मेसी को दो अगस्त को नेकाक्सा के खिलाफ लीग कप मैच में हैमस्ट्रिंग में चोट लग गई थी। इंटर मियामी उनके बिना लीग कप क्वार्टर फाइनल में पहुंच गया, लेकिन एमएलएस मुकाबले में उसे अपने राज्य के प्रतिद्वंद्वी ऑरलैंडो सिटी से 4-1 से हार का सामना करना पड़ा। अर्जेंटीना के सुपरस्टार मेसी ने हमवतन रोड्रिगो डी पॉल की मदद से गोल करके दर्शकों को रोमांचित किया।

मैच के बाद मियामी के डिफेंडर मैक्सिमिलियानो फाल्कन ने मेसी की तारीफ करते हुए कहा, हमें इसकी आदत हो गई है। आपने देखा होगा कि उसने क्या किया, गोल पर साफ नजर रखते हुए गेंद हासिल की और गोल कर दिया। अर्जेंटीना के सुपरस्टार ने हमवतन रोड्रिगो डी पॉल की मदद से गोल करके दर्शकों को रोमांचित किया।

एशिया कप के लिए

पाकिस्तानी टीम का ऐलान

बाबर आजम-मोहम्मद रिजवान को नहीं मिली जगह

नई दिल्ली। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (PCB) ने यूएई में होने वाली त्रिकोणीय टी20 सीरीज और एशिया कप के लिए अपनी टीम का ऐलान कर दिया है. टीम में कुल 17 खिलाड़ियों को शामिल किया गया है लेकिन पूर्व कप्तान बाबर आजम, विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान और तेज गेंदबाज नसीम शाह को स्क्वाड में जगह नहीं मिली है. सलमान अली आगा टीम के कप्तान बने रहेंगे. पाकिस्तान, अफगानिस्तान और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के बीच त्रिकोणीय सीरीज 29 अगस्त से 7 सितंबर तक शारजाह में आयोजित की जाएगी. जबकि एशिया कप 9 से 28 सितंबर तक अबू धाबी और दुबई में आयोजित किया जाएगा. पाकिस्तान क्रिकेट टीम के मुख्य कोच माइक हेसन ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि शारजाह की परिस्थितियां चुनौतीपूर्ण हैं, अफगानिस्तान को शारजाह में हल्के में नहीं लिया जा सकता, उनके खिलाफ खेलना एक चुनौती है और रहेगी.

उन्होंने आगे कहा कि हम इसके लिए अच्छी तैयारी करेंगे, त्रिकोणीय श्रृंखला हमें एशिया कप की तैयारी का मौका देगी. माइक हेसन ने आगे कहा कि किसी खिलाड़ी के फॉर्म को 3 मैचों के आधार पर आंकना एक कठिन फैसला होता है. बाबर आजम ने अच्छा प्रदर्शन किया है, उन्हें कुछ क्षेत्रों में सुधार करने के लिए कहा गया है. हाई परफॉर्मेंस डायरेक्टर आकिब जावेद का कहना है कि बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान इससे पहले 3 सीरीज में नहीं थे, साइम, फखर और साहिबजादा फरहान ही टॉप ऑर्डर में थे, दो-तीन मैचों के आधार पर किसी खिलाड़ी पर विचार न करना सही नहीं है, हम यह नहीं कह सकते कि अब हम बाबर और रिजवान पर कभी विचार नहीं करेंगे. अच्छा प्रदर्शन करने वाले ही टीम में आएंगे. आकिब जावेद ने कहा कि अगर बाबर और मोहम्मद रिजवान बाकियों की तरह खेलते हैं, तो वे टी20 जरूर खेलेंगे, उनसे किसी को कोई दिक्कत नहीं है, लेकिन इस समय हमारे पास अच्छे विकल्प हैं।

एशिया कप के लिए पाकिस्तानी टी-20 स्क्वाड

सलमान अली आगा (कप्तान), अबरार अहमद, फहीम अशरफ, फखर जमान, हारिस रऊफ, हसन अली, हसन नवाज, हुसैन तलत, खुशदिल शाह, मोहम्मद हारिस (विकेटकीपर), मोहम्मद नवाज, मोहम्मद वसीम जूनियर, साहिबजादा फरहान, साइम अयूब, सलमान मिर्जा, शाहीन शाह अफरीदी और सुफियान मोकीम.

एशिया कप में दिखेगा बुमराह का जलवा

टीम में चयन हुआ पक्का?

नई दिल्ली। भारतीय टीम के स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने अगले महीने होने वाले एशिया कप के लिए खुद को उपलब्ध रखा है। इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के अनुसार, बुमराह ने कुछ दिनों पहले चयनकर्ताओं से बात की थी और इस टूर्नामेंट में खेलने की जानकारी दी थी। बताया जा रहा है कि अजीत अगरकर की अगुआई वाली चयन समिति 19 अगस्त को मुंबई में बैठक करेगी और एशिया कप के लिए 15 सदस्यीय टीम चुनेगी। एशिया कप का आयोजन यूएई में नौ से 28 सितंबर तक होगा। यह टूर्नामेंट टी20 प्रारूप में खेला जाएगा। सूत्रों ने कहा, बुमराह ने चयनकर्ताओं को बताया है कि वह एशिया कप के लिए उपलब्ध रहेंगे। जब चयन समिति के सदस्य अगले सप्ताह बैठक करेंगे तो वे इस पर चर्चा करेंगे। एशिया कप का आयोजन इस बार टी20 प्रारूप में होना है इसलिए बुमराह को लंबे स्पैल नहीं करने होंगे और टीम प्रबंधन के पास यह विकल्प भी होगा कि उन्हें किस मैच में आराम देना है।

क्लासिकल प्रारूप में वापसी करेंगे डी गुकेश

सेंट लुईस। विश्व चैंपियन भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश सोमवार से शुरू हो रहे सिंकफील्ड कप से क्लासिकल शतरंज में वापसी करेंगे। भारत के एक अन्य खिलाड़ी आर प्रज्ञानंद ग्रैंड शतरंज टूर के पांचवें चरण की इस प्रतियोगिता में पोडियम स्थान हासिल कर अपनी कुल पांचवीं रैंकिंग मजबूत करना चाहेंगे। विश्व के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन इस प्रतियोगिता में भाग नहीं ले रहे हैं। नॉर्वे के ग्रैंडमास्टर ने खुले तौर पर स्वीकार किया है कि अब उन्हें

क्लासिकल शतरंज पसंद नहीं है। कार्लसन के नहीं खेलने के बावजूद इस प्रतियोगिता में कई शीर्ष खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। अमेरिका के फैबियानो कारूआना, फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा तथा अच्छी फॉर्म में चल रहे आर्मेनियाई से अमेरिकी बने लेवोन अरोनियन भारतीय जोड़ी के लिए कड़ी चुनौती पेश करने की पूरी संभावना रखते हैं। गुकेश को रैपिड शतरंज में वर्तमान फॉर्म को देखते हुए प्रबल दावेदारों में शामिल नहीं किया जा सकता लेकिन यहां नहीं भूलना चाहिए कि भारतीय ग्रैंडमास्टर का क्लासिकल शतरंज में शानदार रिकार्ड रहा है।

एलिसा के शतकीय तूफान में उड़ा भारत

शेफाली वर्मा की पारी गई बर्बाद, 9 विकेट से मिली हार

नई दिल्ली। स्टार विकेटकीपर-बल्लेबाज एलिसा हीली की नाबाद 137 रनों की पारी की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ए ने रविवार को भारत ए के खिलाफ तीसरे और आखिरी एकदिवसीय मैच में नौ विकेट हरा दिया. हालांकि भारतीय टीम ने इस हार के बावजूद सीरीज पर 2-1 से कब्जा कर लिया. भारत ने शुक्रवार को दूसरे मैच में दो विकेट से जीत हासिल की थी, वहीं पहले मैच में भारत ने तीन विकेट से जीता था. पहले बल्लेबाजी करते हुए, भारत ने सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा के 52 और विकेटकीपर यास्तिका भाटिया के 54 गेंदों में 42 रनों की बदौलत 216 रन बनाए, लेकिन पूरी टीम 47.4 ओवर में ही ढेर हो गई. ऑस्ट्रेलिया ए की कप्तान ताहलिया मैक्ग्रा ने आठ ओवर में 49 रन देकर 3 विकेट चटकाए. 217 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए, सभी की नज़रें हीली (84 गेंदों पर नाबाद 137 रन) पर टिकी रहीं, जिन्होंने लक्ष्य को आसानी से हासिल कर लिया. ऑस्ट्रेलियाई राष्ट्रीय टीम की कप्तान जो पैर और घुटने की चोट के बाद वापसी कर रही थीं, उन्होंने भारतीय गेंदबाजों की धज्जियां उड़ा दीं, उन्होंने 23 चौके और तीन छक्के लगाए. 07 और 49 के स्कोर पर दो बार उनका कैच छूटा और उन्होंने जीवनदान का पूरा फायदा उठाते हुए ऑस्ट्रेलिया को केवल 27.5 ओवर में जीत दिला दी. विकेटकीपर-बल्लेबाज़ एलिसा हीली को ताहलिया विल्सन (59) के साथ पहले विकेट के लिए 137 रन जोड़े. इससे पहले, शैफाली ने अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में रहते हुए सात चौकों की मदद से अर्धशतक जड़ा, जबकि नंदिनी कश्यप (28) ने उनका साथ दिया। दोनों ने पहले विकेट के लिए 86 रन जोड़कर भारत को सधी हुई शुरुआत दिलाई. लेकिन मैक्ग्रा के आने से पासा पलट गया जब उन्होंने शैफाली को आउट कर दिया जिससे भारत का स्कोर 89/3 हो गया. कश्यप और तेजल हसब्निस (1) जल्दी-जल्दी आउट हो गए, मैक्ग्रा ने वापसी करते हुए शैफाली को हीली के हाथों कैच कराया और भारत एक बार फिर लड़खड़ा गया।

बेबी ऐबी ने विराट का तोड़ा बड़ा रिकॉर्ड

नई दिल्ली। दक्षिण अफ्रीका के 22 वर्षीय युवा बल्लेबाज डेवाल्ड ब्रेविस ने भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली का एक बड़ा रिकॉर्ड तोड़ दिया है. बेबी ऐबी के नाम से मशहूर ब्रेविस ने ये कारनामा हाल ही में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे टी20 मैच में शानदार अर्धशतकीय पारी खेलकर अंजाम दिया. हालांकि इस मैच में दक्षिण अफ्रीका को हार का सामना करना पड़ा. 172 रनों के लक्ष्य को ऑस्ट्रेलियाई टीम ने एक गेंद और दो विकेट शेष रहते हुए हासिल कर लिया. लेकिन ब्रेविस ने अपनी पारी से कई विराट रिकॉर्ड तोड़ दिए. टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी दक्षिण अफ्रीका को पहले ही ओवर में झटका लगा. मार्कराम (1) आउट हो गए. ब्रेविस तब टीम को बचाने आए जब उनका स्कोर 49 रन पर 3 विकेट था. उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों की जमकर धुनाई की और मात्र 22 गेंदों में अपना अर्धशतक भी पूरा कर लिया. उन्होंने इस दौरान 1 चौका और 6 छक्के लगाए. अर्धशतक पूरा करने के बाद, वह 53 रनों के निजी स्कोर पर नाथन एलिस की गेंद पर कैच आउट हो गए. ब्रेविस ने इस मैच में टीम इंडिया के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली का एक रिकॉर्ड तोड़ दिया. उन्होंने कंगारू धरती पर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय टी20 मैचों में किसी बल्लेबाज द्वारा सर्वाधिक छक्के लगाने का रिकॉर्ड बनाया. ब्रेविस ने इस सीरीज में कुल 14 छक्के लगाए. इससे पहले यह रिकॉर्ड विराट कोहली (12 छक्के) के नाम था. डेवाल्ड ब्रेविस ने ये कारना 3 पारियों में ही अंजाम दे दिया जबकि कोहली 10 पारी में 12 छक्के लगाए थे।

ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ इन खिलाड़ियों को मिल सकता है मौका

नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया ए की टीम अगले महीने भारत का दौरा करेगी। इस दौरान टीम इंडिया ए के खिलाफ 16 सितंबर से 5 अक्टूबर तक एक अनौपचारिक टेस्ट और वनडे सीरीज खेलेगी। दोनों सीरीज के दौरान भारतीय टीम के कुछ स्टार खिलाड़ी खेलते हुए नजर आ सकते हैं। भारत के दिग्गज विराट कोहली और रोहित शर्मा वनडे मैचों में हिस्सा ले सकते हैं, उसके बाद वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए रवाना होंगे। यहां हम आपको अनौपचारिक टेस्ट सीरीज के लिए संभावित इंडिया ए टीम के बारे में बताने जा रहे हैं। अभिमन्यु ईश्वरन और ऋतुराज गायकवाड़ को पारी की शुरुआत करने की जिम्मेदारी मिल सकती है। दोनों ही खिलाड़ियों ने टेस्ट में डेब्यू नहीं किया है। अभिमन्यु ईश्वरन ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड दौरे पर जा चुके हैं

लेकिन मौका नहीं मिला है। ऋतुराज 2023 में वेस्टइंडीज दौरे पर गए थे। अनौपचारिक टेस्ट सीरीज में उनके प्रदर्शन के बावजूद ईश्वरन टेस्ट टीम में अपना स्थान बरकरार रखने की संभावना है। ईश्वरन लंबे समय से अपने टेस्ट डेब्यू का इंतजार कर रहे हैं। वही ऋतुराज वनडे और टी20 में डेब्यू कर चुके हैं। ईश्वरन टीम के कप्तान हो सकते हैं। दोनों ओपनर्स के बाद साई सुदर्शन को भी तीसरे नंबर पर मौका दिया जा सकता है। इसके बाद वह वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज का हिस्सा होंगे। सुदर्शन ने हाल ही में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट डेब्यू किया था। करुण नायर और सरफराज खान की जगह पक्की है। करुण ने टेस्ट टीम में जगह बनाई थी लेकिन इंग्लैंड दौरे पर वह अच्छी शुरुआत को बड़ी पारी में नहीं बदल सके। ईशान किशन खेलते हुए दिखेंगे। वह इंग्लैंड के खिलाफ भारतीय टेस्ट टीम में जगह बनाने के काफी करीब थे। ऋषभ पंत के रिप्लेसमेंट के तौर पर उनको मौका मिलने वाला था लेकिन चोट के कारण ऐसा नहीं हुआ। एन जगदीशन को पंत का रिप्लेसमेंट चुना गया। जगदीशन को भी इंडिया ए टीम में शामिल किया जा सकता है। देवदत्त पडिकल भी टीम का हिस्सा होंगे।

पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान बॉब सिम्पसन के निधन पर ICC ने जताया शोक

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने रविवार को पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान बॉब सिम्पसन के निधन पर शोक व्यक्त किया और 1990 के दशक में टीम के विश्व क्रिकेट में शिखर तक पहुंचने के दौरान एक खिलाड़ी, कप्तान और कोच के रूप में उनके योगदान पर प्रकाश डाला। ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट के सबसे प्रभावशाली व्यक्तियों में से एक सिम्पसन का शनिवार को निधन हो गया। वह 89 वर्ष के थे। आईसीसी अध्यक्ष जय शाह ने एक बयान में सिम्पसन के योगदान की प्रशंसा की और कहा कि उन्हें लंबे समय तक याद रखा जाएगा। शाह ने बयान में कहा, 'बॉब सिम्पसन खेल के महान खिलाड़ियों में से एक थे और उनके निधन की खबर सुनकर बहुत दुख हुआ। उनकी विरासत बहुत बड़ी है। एक खिलाड़ी, कप्तान और बाद में एक कोच के रूप में उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट को आकार दिया और वैश्विक खेल को प्रेरित किया। उन्होंने खिलाड़ियों की एक ऐसी पीढ़ी का मार्गदर्शन किया जो आगे चलकर किंवदंतिया बन गए और उनका प्रभाव मैदान से कहीं आगे तक था। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की ओर से मैं उनके परिवार, दोस्तों और पूरे क्रिकेट जगत के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करता हूं। उनका निधन खेल के लिए एक बड़ी क्षति है, लेकिन उनके योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा और संजोया जाएगा।' आईसीसी हॉल ऑफ फेमर सिम्पसन ने 1957 से 1978 के बीच ऑस्ट्रेलिया के लिए 62 टेस्ट मैच खेले जिसमें 46.81 के औसत से 4,869 रन बनाए। इसमें 10 शतक, 27 अर्धशतक और 311 का सर्वोच्च स्कोर शामिल है।

एक बार फिर आमने-सामने होंगे कार्लोस अल्कारेज और सिनर

सिनसिनाटी ओपन के फाइनल में भिड़ेंगे

सिनसिनाटी। स्पेन के कार्लोस अल्कारेज और दुनिया के नंबर एक टेनिस खिलाड़ी यानिक सिनर एक बार फिर आमने-सामने होंगे। अल्कारेज और सिनर ने अपने-अपने सेमीफाइनल मुकाबलों में जीत दर्ज की और अब ये दोनों शीर्ष खिलाड़ी सिनसिनाटी ओपन के खिताबी मुकाबले में एक दूसरे का सामना करेंगे। सिनर ने फ्रांस के टेरेंस एटमाने को 7-6, 6-2 से हराया। सिनर की हार्ड कोर्ट में यह लगातार 26वीं जीत है। दूसरी ओर, अल्कारेज में एलेक्सजेंडर ज्वेरेव को हराकर टूर स्तर के लगातार सातवें फाइनल में जगह बनाई। अल्कारेज ने ज्वेरेव को 6-4, 6-3 से हराया और खिताबी मुकाबले में प्रवेश कर लिया। सिनसिनाटी ओपन का फाइनल सोमवार को खेला जाएगा। यह लगातार चौथा मौका होगा जब अल्कारेज और सिनर किसी टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में एक दूसरे का सामना करेंगे। सिनर ने हाल ही में विंबलडन के फाइनल में अल्कारेज को हराया था।

यश ढुल का शतक, सेंट्रल दिल्ली किंग्स ने नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स को हराया

नई दिल्ली। यश ढुल के शानदार शतक की बदौलत सेंट्रल दिल्ली किंग्स ने यहां दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) के बारिश से प्रभावित मैच में नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स को 15 रन से हरा दिया। ढुल ने 56 गेंद पर 101 रन बनाए जिसमें आठ चौके और सात छक्के शामिल हैं। युगल सैनी ने 28 गेंदों में 63 रन बनाकर उनका अच्छा साथ दिया जिससे सेंट्रल दिल्ली ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 16 ओवर में सात विकेट पर 197 का विशाल स्कोर खड़ा किया। स्ट्राइकर्स के लिए हर्षित राणा ने बेहतरीन गेंदबाज़ी की और चार ओवर में सिर्फ़ 35 रन देकर तीन विकेट लिए। अर्जुन राप्रिया ने हैट्रिक ली, लेकिन वह दो ओवर में 30 रन देकर काफ़ी महंगे साबित हुए। सलामी बल्लेबाज सार्थक रंजन (26 गेंदों पर 52 रन) और अर्नव बुग्गा (13 गेंदों पर 43 रन) ने पांच ओवरों के अंदर 85 रन की साझेदारी करके स्ट्राइकर्स को अच्छी शुरुआत दिलाई लेकिन इसके बाद उसने लगातार विकेट गंवाए और आखिर में उसकी टीम नौ विकेट पर 182 रन ही बना सकी। ढुल ने मैच के बाद कहा, 'मैं इस बारे में सोचता हूं कि मुझे जो अवसर मिला है उसका मैं कैसे फायदा उठाऊं। अगर आप भविष्य के बारे में बहुत ज्यादा सोचते हैं तो आप वर्तमान में अच्छा नहीं खेल सकते।' उन्होंने कहा, 'मैं केवल मौजूदा अवसरों पर ध्यान केंद्रित करता हूं। मैं लाल गेंद से भी अभ्यास कर रहा हूं। राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (अब बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस) में सफेद गेंद से लाल गेंद के क्रिकेट में बदलाव के बारे में जो सीख मिली उससे मुझे काफी फायदा मिल रहा है।'

सलमान ने बचा लिया था इस डायरेक्टर का कैरियर

बंद होने की कगार पर था दफ्तर

90 से लेकर अब तक अगर किसी अभिनेता का बॉक्स ऑफिस पर दबदबा कायम है तो वह सलमान खान हैं। 35 साल के कैरियर में उन्होंने एक से बढ़कर एक मूवीज के जरिए दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। बहुत सारी फिल्में कमाई के मामले में अव्वल रही हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि सलमान की एक मूवी ऐसी रही थी, जो उसके निर्देशक के लिए वरदान बनी।

इस मूवी ने बचाया था डायरेक्टर का करियर

सलमान खान की फिल्में ऐसी रहती हैं, जो लंबे समय तक थिएटर्स में चलती हैं। पुराने दौर में भी ऐसा होता और आज भी यही चलन कायम है। भाईजान की एक ऐसी फिल्म 1989 में रिलीज हुई थी, जिसने हिंदी सिनेमा की परिभाषा को भी बदलकर रख दिया था। महीनों तक सलमान की ये फिल्म सिनेमाघरों में चली थी और बॉक्स ऑफिस पर इसका धमाका देखने को मिला था। इस मूवी का निर्माता राजश्री प्रोडक्शन हाउस था और निर्देशक सूरज बड़जात्या थे। आपको बता दें कि सूरज ही वह डायरेक्टर थे, जिनका करियर सलमान ने शुरू होने से पहले ही बचा लिया था। आईएमडीबी की रिपोर्ट के अनुसार राजश्री बैनर एक नए दौर की शुरुआत में था और कमान राजकुमार बड़जात्या से उनके बेटे सूरज बड़जात्या के हाथ में गईं। एक मीडिया इंटरव्यू के दौरान सूरज ने इस बात का खुलासा किया था कि मैंने प्यार किया की मेकिंग के लिए उन्होंने सब कुछ दांव पर लगा दिया था। अगर फिल्म नहीं चलती तो उनका दफ्तर भी बिक जाता है। लेकिन हमारी फिल्म ब्लॉकबस्टर हुई और सब कुछ सही हो गया। इस तरह से सूरज के लिए सलमान लकी रहे।

सलमान और सूरज की लकी जोड़ी

निर्देशक सूरज बड़जात्या संग सलमान की जोड़ी काफी सफल रही है। मैंने प्यार किया से इसका आगाज हुआ और प्रेम रतन धन पायों तक ये कायम रहा। पिछले 10 साल से फैंस इन दोनों की अगली मूवी का इंतजार कर रहे हैं, जिसको लेकर हाल ही में सूरज ने इस बात की जानकारी दी थी कि वह सलमान खान की उम्र के हिसाब से एक फिल्म की कहानी पर काम कर रहे हैं।

300 लड़कियों को पछाड़ टाइगर श्रॉफ की हीरोइन बनीं निधि अग्रवाल

फिल्म इंडस्ट्री में हर साल सैकड़ों नए चेहरे अपनी किस्मत आजमाते हैं, लेकिन सिर्फ कुछ ही सितारे अपनी मेहनत और टैलेंट से दर्शकों का दिल जीत पाते हैं. उन्हीं में से एक हैं, निधि अग्रवाल. हैदराबाद में जन्मी और बेंगलुरु में पली-बढ़ी निधि ने अपने टैलेंट और लगन के दम पर बॉलीवुड और साउथ इंडस्ट्री दोनों में अपनी अलग पहचान बनाई है.

300 लड़कियों को दी मात

निधि ने 2017 में फिल्म 'मुन्ना माइकल' से टाइगर श्रॉफ के साथ बॉलीवुड डेब्यू किया था. इस रोल के लिए 300 से ज्यादा लड़कियों ने ऑडिशन दिया था, लेकिन निधि ने सभी को पछाड़ अपनी जगह बनाई. कहा जाता है, कि टाइगर श्रॉफ की भी पहली पसंद निधि ही थीं. फिल्म रिलीज हुई, तो उनकी एक्टिंग और डांस ने दर्शकों का ध्यान खींचा और उन्हें बेस्ट फीमेल डेब्यूटेंट का अवॉर्ड भी मिला.

डांस से एक्टिंग तक का सफर

निधि का बचपन से ही डांस की ओर झुकाव रहा. उन्होंने बैले, कथक और बेली डांस सीखा और यही हुनर उनके एक्टिंग करियर में भी काम आया. बिजनेस मैनेजमेंट की पढ़ाई पूरी करने के बाद उन्होंने फिल्मों की ओर रुख किया, और देखते ही देखते बड़े पर्दे पर जगह बना ली.

साउथ में भी जमाई धाक

बॉलीवुड डेब्यू के बाद निधि ने साउथ सिनेमा का रुख किया. 2018 में तेलुगु फिल्म 'सव्यसाची' से उनकी एंट्री हुई. इसके बाद 'आईस्मार्ट शंकर' और 'कलगा थलाइवन' जैसी फिल्मों से उन्होंने दर्शकों का दिल जीता. इन फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर भी अच्छा प्रदर्शन किया और निधि का करियर मजबूत होता गया.

लाल परी बनीं श्वेता तिवारी

फोटोज देख यूजर्स बोले- बेटी से ज्यादा तो आप...

टीवी सीरियल कसौटी जिंदगी की से प्रेरणा बनकर फैंस के दिलों में राज करने वालीं अभिनेत्री श्वेता तिवारी को भला कौन नहीं जानता। अपनी अदाकारी और खूबसूरती की बदौलत वह हर किसी की फेवरेट मानी जाती हैं। सोशल मीडिया पर भी श्वेता काफी एक्टिव रहती हैं और आए दिन उनकी हॉट तस्वीरें और वीडियो जमकर सुर्खियां बटोरती हैं। इस बीच श्वेता तिवारी की कुछ फोटोज सामने आई हैं, जिनमें वह अपने कातिलाना हुस्न से कहर बरपाती हुई नजर आ रही हैं। श्वेता का ये अंदाज देख यूजर्स उन्हें बेटी पलक तिवारी से ज्यादा हॉट मान रहे हैं।

श्वेता तिवारी की अनसीन फोटो

अपनी फोटो और वीडियो की वजह से श्वेता तिवारी का नाम लाइमलाइट में बना रहता है। उनके चाहने वालों भी इस तरह की सोशल मीडिया पोस्ट का बेसब्री से इंतजार रहता है। श्वेता के ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर हॉट फोटोज की भरमार है। श्वेता तिवारी रेड कलर की हॉट आउटफिट पहनकर लाल परी लग रही हैं। उनका कर्वी फिगर इन तस्वीरों में साफ नजर आ रहा है, जो इंटरनेट का तापमान बढ़ाने का पूरा काम कर रहा है। इसके अलावा श्वेता की कातिलाना अदाएं हैं, उनके सुंदर हुस्न का परिचय दे रही हैं। श्वेता तिवारी की ये बोल्डनेस से भरपूर फोटोज को देखकर आपके भी होश उड़ जाएंगे। श्वेता की इन फोटो पर तमाम फैंस लाइक और कमेंट करके अपनी-अपनी प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। एक यूजर ने लिखा है- आप अपनी बेटी पलक तिवारी से बहुत ज्यादा हॉट और सेक्सी हो।

कौन हैं आर्यन खान की सीरीज में नजर आने वाली सहर बंबा?

आर्यन खान का डेब्यू शो बैड्स ऑफ बॉलीवुड का फर्स्ट लुक रविवार को जारी कर दिया गया है। नेटफ्लिक्स की यह सीरीज़ इस साल के मच अवेटेड शोज में से एक है। शो इसी साल नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने वाला है।

शाहरुख खान ने शनिवार को AskSRk सेशन रखा था जिसमें उन्होंने बैड्स ऑफ बॉलीवुड के फर्स्ट लुक के बारे में फैन्स को टीज किया। फैंस को बेसब्री से इसकी पहली झलक का इंतजार था। अब जब फर्स्ट लुक वीडियो सामने आ गया है, तो बैड्स ऑफ बॉलीवुड के कलाकार भी ध्यान आकर्षित कर रहे हैं। इसमें फिल्म किल वाले लक्ष्य लालवानी नजर आएंगे। इसके अलावा मूवी की लीड एक्ट्रेस सहर बंबा ने भी सबका ध्यान आकर्षित किया।

कौन हैं सहर बंबा?

फर्स्ट लुक टीजर में सिर्फ दो कलाकारों के चेहरे दिखाए गए हैं। एक हैं लक्ष्य, जिन्होंने किल से धमाकेदार शुरुआत की और दूसरी हैं सहर बंबा। बता दें कि सहर बंबा की ये पहली फिल्म नहीं है। इससे पहले साल 2019 में उन्होंने फिल्म 'पल पल दिल के पास' में सनी देओल के बेटे करण देओल के साथ अभिनय की शुरुआत की थी। हिमाचल प्रदेश की रहने वाली बंबा ने ओटीटी प्लेटफ़ॉर्म डिज़नी प्लस हॉटस्टार पर द एम्पायर और दिल बेकरार शो में सपोर्टिंग रोल निभाया था।

अपनी बहनों को लेकर चिंतित आर माधवन

फिल्मी वर्ल्ड में हमेशा से ही अभिनेत्रियों और अभिनेताओं के बीच एज गैप को लेकर सवाल उठता आया है। सिकंदर मूवी में सलमान खान का 29 साल की रश्मिका मंदाना के साथ स्क्रीन शेयर करना या फिर अपकमिंग मूवी धुरंधर में रणवीर सिंह के अपोजिट 20 साल की एक्ट्रेस सारा अर्जुन को कास्ट करना... हीरो का छोटी उम्र की हीरोइनों के साथ रोमांस करना कई बार विवादों में घिर जाता है।

अब आर माधवन ने आधी उम्र की हीरोइनों के साथ काम करने और अपने उम्र के हिसाब से किरदार निभाने पर बात की है। उन्होंने हिंदुस्तान टाइम्स के साथ बातचीत में कहा, उम्र को लेकर सबसे पहले आपको तब झटका लगता है जब आपके बच्चों के दोस्त आपको अंकल कहने लगते हैं। यह आपको चौंका देता है, लेकिन फिर आपको इसे स्वीकार करना पड़ता है।

हीरोइनों के चुनाव पर रखे ध्यान

55 साल के अभिनेता ने बताया कि बढ़ती उम्र के साथ हीरोइनों का चुनाव भी जरूरी हो जाता है। उन्होंने कहा, ₹जब आप फिल्में कर रहे होते हैं तो आपको एहसास होता है कि आपको हीरोइनों के चुनाव में सावधानी बरतनी होगी, क्योंकि भले ही वे आपके साथ काम करना चाहती हों, लेकिन ऐसा लगता है कि अभिनेता फिल्म के बहाने मजे कर रहा है। लोगों को लगता है कि ये फिल्म के बहाने ऐश कर रहा है। अगर किसी फिल्म से यही चीज दिख रही है तो उस किरदार के लिए सम्मान नहीं रहता।

आधी उम्र की हीरोइनों संग काम करने पर बोले एक्टर

आर माधवन ने आगे कहा, ₹मुझे यह भी एहसास है कि मेरे शरीर की क्षमता इतनी नहीं है कि मैं 22 साल के लड़के जैसा काम कर सकूं। मेरे लिए यह समझना जरूरी है कि उम्र और मैं जिन लोगों के साथ काम कर रहा हूं, वे सब एक-दूसरे से मेल खाते हों ताकि यह भद्दा न लगे।₹ मालूम हो कि माधवन ने आप जैसा कोई मूवी में 33 साल की फातिमा सना शेख के साथ काम किया था जिसमें वह 40 साल की उम्र के शख्स के किरदार में दिखे थे।

दोबारा शादी करने के मूड में हैं 51 साल की मलाइका ?

मलाइका अरोड़ा अपने फैसले से हैं खुश

अपनी प्रोफेशनल लाइफ से ज्यादा पर्सनल लाइफ को लेकर चर्चा में बनी रहती हैं. तलाकशुदा एक्ट्रेस अक्सर किसी ना किसी बात को लेकर सुर्खियों में आ जाती हैं. अब 51 साल की मलाइका अरोड़ा ने दूसरी बार शादी और प्यार को लेकर बात की है. बताते चलें कि मलाइका अरोड़ा ने साल 1998 में र अरबाज खान के साथ शादी की थी. दोनों के एक बेटा अरहान खान हैं. शादी के 19 साल बाद साल 2017 में मलाइका अरोड़ा और अरबाज खान ने तलाक ले लिया था. अरबाज खान ने साल 2023 में मेकअप आर्टिस्ट शूरा खान के साथ दूसरी शादी कर ली थी.

मलाइका अरोड़ा ने 'पिंकविला' के साथ बातचीत में कहा, 'मैं अपनी शादी को हमेशा प्यार करूंगी लेकिन जब मैंने तलाक लेने के बारे में सोचा तो सब ने मुझ पर सवाल उठाए. लेकिन आज मैं खुश हूं. जब मैंने ये फैसला किया तो लोगों ने मुझे मतलबी कहा गया. लोगों का कहना था कि मैं खुद को कैसे पहले रख सकती हूं. समाज की सोच है कि पहले आप अपने बच्चे और पति के बारे में सोचो और बाद में अपने बारे में सोचो. लेकिन मैंने पहले खुद के लिए सोचा और मै बहुत खुश हूं.'

मलाइका नई लड़कियों को दी ये सलाह

मलाइका ने यंग जेनरेशन गर्ल्स को सलाह दी है, 'मैं यही कहूंगी कि जल्दी शादी मत करो. पहले खुद को समझो और कुछ करो. जिंदगी का आनंद लो और जब सब चीजें समझ में आ जाएं तब शादी करो.' मलाइका अरोड़ा से दोबारा शादी करने का सवाल किया गया तो उन्होंने कहा, 'हां, मैं बहुत रोमांटिक हूं और कभी ना मत कहो.' इस तरह से मलाइका अरोड़ा को दोबारा शादी करने में कोई परहेज नहीं है.

गुरु पंडित अजय चक्रवर्ती युवा और नए कलाकारों को सिखाएंगे गुर

भारतीय शास्त्रीय संगीत परंपरा में गुरुमुखी विद्या का महत्व अतुलनीय माना जाता है। गुरु के सामने बैठकर प्रत्यक्ष तालीम लेना, कंठ संगीत की (शास्त्रीय गायन) सबसे उत्तम साधना है। लेकिन आधुनिक समय की तेज़ रफ़्तार, जगह और समय की सीमाएं, तथा प्रतिस्पर्धी माहौल के बीच अब संगीत साधकों के लिए शास्त्रीय गायन का एक अनोखा अवसर उपलब्ध हो रहा है। 'श्रुतीनंदन' प्रशिक्षण वर्गों के अंतर्गत, स्वयं विकसित की गई एक विशेष प्रशिक्षण शैली और वह भी सीधे उसी शैली के प्रवर्तक से सीखने का सुनहरा मौका अब राज्य के कंठसंगीत के विद्यार्थियों को मिलने जा रहा है।

प्रसिद्ध गायक, गुरु, विचारक और प्रशिक्षक, पद्मभूषण पंडित अजय चक्रवर्ती के मार्गदर्शन में सीखने का यह अवसर अब राज्य के युवा और नवोदित कलाकारों के लिए उपलब्ध है, और यह भी विशेष कि यह प्रशिक्षण पूरी तरह नि:शुल्क होगा। इस पहल में टाटा समूह का सहयोग भी प्राप्त हुआ है। इस बारे में जानकारी देते हुए गुरु पं. अजय चक्रवर्ती ने कहा, "भारतीय शास्त्रीय गायन की साधना करने वाले विद्यार्थियों में से चुनिंदा प्रतिभाओं को सफल और गुणवान पेशेवर कलाकार के रूप में तैयार करना ही इस विशेष प्रशिक्षण का उद्देश्य है। महाराष्ट्र में कई प्रतिभाशाली कलाकार हैं, और मुझे विश्वास है कि मेरी विकसित विशेष प्रशिक्षण पद्धति से इन युवा प्रतिभाओं को नया उभार मिलेगा और वे संगीत जगत में स्थापित परफ़ॉर्मर बनेंगे।" उन्होंने आगे बताया कि 'श्रुतीनंदन' प्रशिक्षण में स्वर, गायकी, लय, ताल, आवाज़ की देखभाल और उसे बनाए रखने के उपाय, तथा कई अन्य विषयों पर मार्गदर्शन दिया जाएगा। इस प्रशिक्षण के लिए विद्यार्थियों का चयन दो आयु वर्गों में यानी की 8 से 14 वर्ष और 15 से 20 वर्ष में किया जाएगा। इच्छुक विद्यार्थी अपने गायन का (बंदिश, उपशास्त्रीय रचना, फिल्म गीत या सुगम संगीत) लगभग 5 से 7 मिनट का यूट्यूब अनलिस्टेड वीडियो, दिए गए गूगल फ़ॉर्म में अन्य जानकारी के साथ अपलोड करें। यह लिंक अपलोड करने की अंतिम तिथि 5 सितंबर 2025 है।

अनन्या शेलार मिस टीन इंडिया की फर्स्ट रनर-अप

द इंटरनेशनल ग्लैमर प्रोजेक्ट (टीआईजीपी) की तरफ से आयोजित टीआईजीपी मिस टीन इंडिया 2025 (सीजन 4) के समारोह में अनन्या प्रज्ञा रंजीत शेलार ने फर्स्ट रनर-अप का खिताब अपने नाम किया है। इस ग्रैंड फिनाले में बॉलीवुड अभिनेत्री और पूर्व मिस इंडिया संगीता बिजलानी ने विजेताओं को ताज पहनाकर सम्मानित किया। द इंटरनेशनल ग्लैमर प्रोजेक्ट भारत का एक अग्रणी अंतरराष्ट्रीय स्तर का प्रतियोगिता और महिला सशक्तिकरण मंच है, जो मिस टीन, मिस इंडिया और मिसेस इंडिया जैसी श्रेणियों की प्रतियोगियों को प्रशिक्षण, व्यक्तित्व विकास और अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने के लिए जाना जाता है। इस मंच ने 5,000 से अधिक प्रतिभागियों में से केवल 40 फाइनलिस्ट का चयन किया, जिनमें अनन्या शेलार ने अपनी प्रतिभा और आत्मविश्वास के बल पर सभी का ध्यान आकर्षित किया। अनन्या शेलार ने अपनी सफलता पर कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहा कि टीआईजीपी मिस टीन इंडिया 2025 की फर्स्ट रनर-अप बनने पर मुझे गर्व है। इस सफर में मुझ पर विश्वास रखने वाले टीआईजीपी परिवार खासकर डॉ. स्वरूप पुराणिक और डॉ. अक्षता प्रभु का मैं दिल से आभार मानती हूं। साथ ही अपने परिवार, दर्शकों और मार्गदर्शकों का भी धन्यवाद करती हूं, जिनके सहयोग से यह संभव हो पाया।